रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/96 REGISTERED No. DL—33001/96

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 47] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 23, 1996 (अग्रहायण 2, 1918)
No. 47] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 23, 1996 (AGRAHAYANA 2, 1918)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

भाग III खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

[विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं।]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

बैंक आफ इण्डिया

औद्योगिक वित्त प्रभाग

प्रधान कार्यालय

मुम्बई-400021, दिनांक 1996

सं. आई एफ/96-97—बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 19, जो धारा 12 की उप-धारा (2) के अधीन पढ़ा गया, के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक आफ इण्डिया का निदेशक मंडल, भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ परामर्श कर और भारत सरकार की पूर्व मंजूरी के तहत एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियमावली बनाता है, जिनके नाम हैं :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :

(1) इन विनियमनों को बैंक आफ इण्डिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) (संशोधन) विनियमावली, 1996 कहा जा सकेगा।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे

2. बैंक आफ इण्डिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) विनियमावली, 1996 में अनुसूचित करने के लिए निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात

"अनुसूची"

क्रम सं०	अधिकारी/कर्मचारी का वेतनमान	अनुशासनिक प्राधिकारी	अपील प्राधिकारी	समीक्षा प्राधिकारी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	वेतनमान I और II के अधिकारी	उप आंचलिक प्रबंधक/क्षेत्रीय प्रबंधक/मुख्य प्रबंधक/वेतनमान IV के अधिकारी	वेतनमान V के आंचलिक प्रबंधक/संयुक्त आंचलिक प्रबंधक/मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक/सहायक महाप्रबंधक	महाप्रबंधक
2.	वेतनमान III के अधिकारी	वेतनमान V के आंचलिक प्रबंधक/संयुक्त आंचलिक प्रबंधक/मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक/सहायक महाप्रबंधक	वेतनमान VI के आंचलिक प्रबंधक/उप महाप्रबंधक	महाप्रबंधक
3.	वेतनमान IV के अधिकारी	वेतनमान VI के आंचलिक प्रबंधक/उप महाप्रबंधक	महाप्रबंधक	कार्यपालक निदेशक
4.	वेतनमान V एवं VI के अधिकारी	महाप्रबंधक	कार्यपालक निदेशक	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
5.	वेतनमान VII के अधिकारी	कार्यपालक निदेशक	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	बोर्ड समिति

अनुसूची का अंश बनाने के नोट

1. किसी भी प्राधिकारी को, जो ऊपर कालम (III), (IV) और (V) में विनिर्दिष्ट प्राधिकारियों से उच्च पद का हो, जहां जैसी स्थिति हो, अनुशासनिक या अपीलीय या समीक्षा प्राधिकारियों को प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करने का अधिकार दिया जाता है ।

2. जहां कहीं भी अनुशासनिक या अपीलीय या समीक्षा प्राधिकारी को पदनाम द्वारा नियुक्त/नामित किया जाता है, वहां ऐसे पदनामित पद पर यदि कोई व्यक्ति स्थानापन्न सेवा करता है, तो वह अनुशासनिक या अपीलीय या समीक्षा प्राधिकारी का प्राधिकार, जहां जैसी स्थिति हो, स्वयमेव ही प्रयोग करेगा ।

3. जहां कहीं भी एक ही पदनाम के एक से अधिक अधिकारी हैं, जो अनुशासनिक या अपीलीय या समीक्षा प्राधिकारी के रूप में कार्य कर सकते हैं, या जहां ऐसे प्राधिकारी किसी भी कारणवश कार्य करने की स्थिति में नहीं हैं, तो उस हालत में :

(1) कार्यपालक निदेशक, और उनकी अनुपस्थिति में प्रबंध निदेशक, सामान्य या विशेष आदेश द्वारा निम्नलिखित को अधिकार देगा :

(क) वेतनमान I और II के अधिकारियों के मामले में वह अधिकारी, जो वेतनमान V में आंचलिक प्रबंधक पद से नीचे का अधिकारी न हो, उपयुक्त वेतनमान के अधिकारी को अनुशासनिक प्राधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए नामित करेगा;

(ख) वेतनमान I और II के अधिकारियों के मामले में अपीलीय प्राधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए तथा वेतनमान III के मामले में अनुशासनिक प्राधिकारी, के रूप में कार्य करने के लिए, वह अधिकारी, जो वेतनमान VI में आंचलिक प्रबंधक/उप महाप्रबंधक पद से नीचे के पद का अधिकारी न हो, उपयुक्त वेतनमान के प्राधिकारी को कार्य करने के लिए नामित करेगा ।

(ग) वेतनमान III के अधिकारियों के मामले में अपीलीय प्राधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए तथा वेतनमान IV में अनुशासनिक प्राधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए महाप्रबंधक उस अधिकारी को नामित करेगा जो उपयुक्त वेतनमान का हो ।

(2) कार्यपालक निदेशक, और उनकी अनुपस्थिति में प्रबंध निदेशक यह निर्णय लेगा कि (क) वेतनमान V और VI के अधिकारियों के मामले में अनुशासनिक प्राधिकारी (ख) वेतनमान IV के अधिकारियों के मामले में अपीलीय प्राधिकारी और (ग) वेतनमान I, II और III के अधिकारियों के मामले में समीक्षा प्राधिकारी का कार्य करने के लिए कौनसा महाप्रबंधक कार्य करेगा ।

4. जहां कार्यपालक निदेशक इस स्थिति में नहीं है कि वह अनुशासनिक प्राधिकारी के रूप में, या अपीलीय प्राधिकारी के रूप में या समीक्षा प्राधिकारी के रूप में कार्य कर सके या प्रबंध निदेशक इस स्थिति में नहीं है कि वह अपीलीय प्राधिकारी के रूप में या समीक्षा प्राधिकारी के रूप में कार्य कर सके वहां बोर्ड कार्यपालक निदेशक के स्थान पर किसी एक निदेशक को अनुशासनिक या अपीलीय प्राधिकारी के रूप में नियुक्त करेगा और प्रबंध निदेशक के स्थान पर अपीलीय या समीक्षा प्राधिकारी का कार्य करने के लिए दो या अधिक निदेशकों की समिति नियुक्त करेगा । निदेशकों की समिति द्वारा निपटाई गई अपीलों से प्रकाश में आई समीक्षा बोर्ड के समक्ष रखी जाएगी ।

5. भारत से बाहर स्थित स्थापनाओं में तैनात अधिकारी कर्मचारियों के लिए, और उनके लिए, जो प्रतिनियुक्ति पर हैं, अपीलीय या समीक्षा प्राधिकारी वे व्यक्ति ही होंगे जो प्रधान कार्यालय में तैनात अधिकारी कर्मचारियों के लिए हैं ।

6. जहां सामान्य दुराचार या सामान्य लेनदेन या लेनदेन की श्रृंखला के मामले में एक से अधिक अधिकारियों के विरोध में अनुशासनिक कार्रवाई करने की आवश्यकता है, वहां ऐसे सभी अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक प्रक्रिया आरम्भ करने के लिए संबंधित वरिष्ठतम अधिकारी को अधिकार दिया जाता है । तदनुसार, इस प्रकार के सभी अधिकारियों के लिए अपीलीय और समीक्षा प्राधिकारी वही होंगे जो वरिष्ठतम अधिकारियों के लिए हैं ।

7. उपर्युक्त अनुसूची उन अधिकारियों पर भी लागू है जिन्होंने बैंक आफ इण्डिया (अधिकारी) सेवा विनियमन, 1979 के अंतर्गत वेतनमान के फिटमेंट के लिए विकल्प नहीं दिया है, और उनके मामले में इस अनुसूची के उद्देश्य के लिए उनका वेतनमान उक्त सेवा विनियमन के फिटमेंट फार्मूले के अनुसार आनुमानिक स्तर पर निर्धारित किया जाएगा ।

8. कोई भी कार्यवाही, जो आरम्भ हो की गई, परन्तु इस अनुसूची के लागू होने की तारीख को उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा अब तक पूरी नहीं की गई है, वह उसी प्राधिकारी द्वारा जहां तक हो सके जारी रखी जाएगी और/या निपटाई जाएगी, जिसने वह कार्यवाही आरम्भ की थी ।

के. एम. मेहरोत्रा
महाप्रबंधक

कार्मिक विभाग

मुम्बई-400021, दिनांक 18 अक्तूबर 1996

सं. पी/आई आर/एस ए एच-706—भारत के राजपत्र क्र. 38 दिनांक 23 सितंबर, 1995 के भाग 3, खंड 4 में पी. आई आर (ओ) एस ए एच-506 दिनांक 27-6-1995 द्वारा विनियम 49 (2) में संशोधन से संबंधित अधिसूचना को निम्न रूप में पढ़ा जाना चाहिए :—

क्रम संख्या . . . . . बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) (अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए बैंक आफ इण्डिया का निदेशक बोर्ड, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्र सरकार की पूर्व मंजूरी लेकर बैंक आफ इण्डिया (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 में और संशोधन करने हेतु निम्नलिखित विनियम बनाता है :—

1. संक्षिप्त शीर्षक एवं आरम्भ होने की तारीख

(1) ये विनियम बैंक आफ इण्डिया (अधिकारी) सेवा (संशोधित) विनियम, 1995 नाम से जाने जाएंगे ।

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. बैंक आफ इण्डिया (अधिकारी) सेवा विनियम 1979 का विनियम 49 (2) निम्न से प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

"कार्यग्रहण अवधि के दौरान अधिकारी स्थानान्तरण स्थान पर लागू परिलब्धियां पाने के पात्र होंगे" ।

जे. चक्रवर्ती
उप महाप्रबन्धक
(कार्मिक)

दिनांक 24 अक्तूबर 1996

सं. पी/आई आर/एस ए एच/740—दिनांक 22 जुलाई 1995 के भारत के राजपत्र क्र. 29 के भाग 3, खंड-4 में पी आई आर/एस ए एच-191 दिनांक 30-5-1995 के तहत प्रकाशित विनियम 2 में संशोधन से संबंधित अधिसूचना में सुधार

निम्नानुसार प्रकाशित हुआ है	निम्नानुसार प्रकाशित किया जाए
————————————————————बैंकारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5)/1980 (1980 का 40) निदेशक मंडल————————————	————————————————————बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) निदेशक मंडल————————————

जे० चक्रवर्ती
उप महाप्रबंधक
(कार्मिक)

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मुम्बई, दिनांक 28 जून 1996

सं. यूटी/डीबीडीएम/आर-115/एसपीडी 51/95-96—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत बनायी गयी यूनिट योजना 1964 (यूएस 64) के प्रावधानों के संशोधन, जो 1 जुलाई, 1996 से लागू होंगे, 3 जून 1996 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किए गए, इसके नीचे प्रकाशित किए जाते हैं ।

ए. जी. जोशी
महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास और विपणन

अनुबंध

यूनिट योजना 1964 में संशोधन

(1) 'यूनिटों के लिए आवेदन पत्र' पर खण्ड सं. 4(4) निम्न रूप में संशोधित किया जाता है :

न्यूनतम निवेश रु. 2000/- होगा । स्वीकृति तिथि के यूनिटों के बिक्री मूल्य पर निर्भर करते हुए यूनिटों का आबंटन दशमलव के बाद तीन स्थानों तक किया जाएगा ।

(2) 'यूनिटों की बिक्री' पर खण्ड सं. 6 का अंतिम वाक्य निम्न रूप में संशोधित किया जाता है :

प्रत्येक आवेदन दो हजार रुपए के न्यूनतम निवेश के लिए होगा । कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी ।

(3) 'यूनिटों की पुनर्खरीद' पर खण्ड सं. 7 (2) निम्न रूप में संशोधित किया जाता है :

यूनिटधारकों के पास 200 यूनिटों से कम (अर्थात् रु. 2000/- का अंकित मूल्य) शेष होने पर पुनर्खरीद नहीं की जाएगी ऐसे मामले में निवेशक के खाते में पूरी यूनिट धारिता की पुनर्खरीद की जाएगी ।

(4) 'यूनिटधारकों के रजिस्टर' पर खण्ड सं. 16 (2) निम्न-रूप में संशोधित किया जाता है :

यदि आवेदन न्यूनतम दो हजार रुपए के निवेश के लिए न हो तो यूनिटधारक के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

परन्तु यह कि जहां यूनिटधारक की मृत्यु होने पर कोई अन्य व्यक्ति ऐसे यूनिटों का हकदार बनता है जिनका अंकित मूल्य दो हजार रुपए से कम है तो ऐसा व्यक्ति यूनिटों की उस संख्या के संबंध में यूनिटधारक के रूप में पंजीकृत किया जाएगा ।

(5) 'यूनिटों का अंतरण' पर खण्ड सं. 20 (1) निम्न रूप में संशोधित किया जाता है :

प्रत्येक यूनिटधारक अपने द्वारा धारित यूनिटों या उनमें से किन्हीं यूनिटों का लिखित रूप में एक लिखत के द्वारा, जो ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित हो, अंतरण करने का हकदार होगा, परन्तु यह कि ऐसा कोई अंतरण पंजीकृत नहीं होगा जिसमें अंतरणकर्ता या अंतरिती यूनिटों की उस संख्या के धारक बन जाएं, अंतरण की तारीख को जिनका अंकित मूल्य दो हजार रुपए से कम हो ।

सं. यूटी/डीबीडीएम/आर-118/एसपीडी 92/95-96—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत बनायी गई यूटीआई इक्विटी सुअवसर निधि 1996 के संशोधन, जिन्हें 8 मई 1996 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किए जाते हैं ।

ए. जी. जोशी
महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास और विपणन

अनुबंध

यूटीआई इक्विटी सुअवसर निधि 1996 में संशोधन

(1) विशिष्टताएं (मद सं. 3) को निम्नानुसार संशोधित किया जाता है :

पुनर्खरीद की अनुमति एनएवी आधारित मूल्य पर आबंटन की तिथि से छः माह बाद अर्थात् 1 जनवरी, 1997 से एनएवी आधारित पुनर्खरीद मूल्य पर होगी ।

(2) खंड 15 (1) 'यूनिटों की पुनर्खरीद' को निम्नानुसार संशोधित किया जाता है :

ट्रस्ट आबंटन की तिथि से छः महीने के बाद अर्थात् 1 जनवरी 1997 से एनएवी आधारित पुनर्खरीद मूल्य पर प्रति माह बकाया यूनिट पूंजी के अधिकतम 5% तक, 'पहले आओ पहले पाओ' आधार पर यूनिटों की पुनर्खरीद करेगा ।

एक बार जब पुनर्खरीद की मांग, माह के आरंभ में बकाया यूनिट पूंजी के 5% तक पहुंच जाएगी तो पुनर्खरीद बंद कर दी जाएगी ।

पुनर्खरीद मूल्य पूर्ववर्ती एनएवी होगा जिसमें से एनएवी का 5% से अनधिक कम किया जाएगा । पुनर्खरीद मूल्य 6 माह की अवरुद्ध अवधि के दौरान (मृत्यु दावा संबंधी मामलों के निपटान के लिए) प्रत्येक तिमाही में एक बार घोषित किया जाएगा । 6 माह की अवरुद्ध अवधि पूरी हो जाने के बाद अर्थात् 1-1-97 से एनएवी आधारित पुनर्खरीद मूल्य साप्ताहिक आधार पर घोषित किया जाएगा ।

(3) खंड 21 'शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) की गणना और प्रकटन' के दूसरे पैराग्राफ को निम्नानुसार संशोधित किया जाता है :

पुनर्खरीद मूल्य पूर्ववर्ती एनएवी होगा जिसमें से एनएवी का 5% से अनधिक कम किया जाएगा । आरंभ में पुनर्खरीद मूल्य 31/12/96 तक (केवल मृत्यु दावा संबंधी मामलों के निपटान के लिए) हर तीन माह में एक बार घोषित किया जाएगा । उसके बाद 1 जनवरी 1997 से एनएवी आधारित पुनर्खरीद मूल्य साप्ताहिक आधार पर घोषित किया जाएगा ।

दिनांक 9 जुलाई 1996

सं. यूटी/डीबीडीएम/आर-122/एसपीडी 59ए/96-97—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत बनायी गयी राजलक्ष्मी यूनिट योजना (2) आरयूएस (2) और धारा 19(1) (8) (सी) के अंतर्गत बनाया गया राजलक्ष्मी यूनिट प्लान (2) [आरयूपी(2)] के प्रावधानों के संशोधन, जो 1 जुलाई, 1996 से लागू होंगे, 3 जून 1996 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किए गए, इसके नीचे प्रकाशित किए जाते हैं ।

ए. जी जोशी
महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास और विपणन

अनुबंध

राजलक्ष्मी यूनिट योजना (2) [आरयूएस (2)] तथा राजलक्ष्मी यूनिट प्लान (2) [आरयूपी (2)] में संशोधन

(1) योजना के उद्देश्य का दूसरा वाक्य निम्नानुसार संशोधित किया जाता है :

बालिका के पक्ष में निवेश की गई राशि मूलतः अप्रतिसंहरणीय है और उस पर 16 से 20 वर्षों की अधिकतम अवरुद्ध अवधि पूरी होने के बाद ही केवल बालिका द्वारा दावा किया जा सकता है । हालांकि, योजना के अंतर्गत, बालिका द्वारा 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेने के बाद अर्थात् बालिका की आयु पर निर्भर करते हुए 13 वर्ष से 18 वर्ष की न्यूनतम अवरुद्ध अवधि पूरी होने के बाद, समयपूर्व पुनर्खरीद की अनुमति होगी ।

(2) योजना के प्रावधानों के खंड 8 'योजना कैसे कार्य करती है' का अंतिम पैराग्राफ निम्नानुसार संशोधित किया जाता है :

बालिका द्वारा 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेने के बाद अर्थात् बालिका की आयु पर निर्भर करते हुए 13 वर्ष से 18 वर्ष की न्यूनतम अवरुद्ध अवधि पूरी होने के बाद परिपक्वता प्राप्तियों को आहरित करने की सुविधा भी है । नीचे दी गई सारणी में रु. 1500/- न्यूनतम निवेश के लिए विभिन्न अवरुद्ध अवधियों पर परिपक्वता मूल्य दर्शाए गए हैं :

अवरुद्ध अवधि	अवरुद्ध अवधि पूरी करने के बाद देय परिपक्वता राशि
13	रु. 7,000/-
14	रु. 8,150/-
15	रु. 9,500/-
16	रु. 11,000/-
17	रु. 13,000/-
18	रु. 15,000/-

(3) प्लान के प्रावधान के खंड सं. 5 (4) 'भुगतान विधि' को निम्नानुसार संशोधित किया जाता है :

योजना में भाग लेने के इच्छुक आवेदक, आवेदन करते समय या बालिका द्वारा योजना में भाग लेने की अवधि के दौरान किसी भी समय, आवेदन पत्र में निर्दिष्ट कर सकता है कि यदि नियत अवरुद्ध अवधि के भीतर, जो प्रविष्टि के समय बालिका की आयु पर निर्भर करते हुए 16 से 20 वर्ष तक होगी, बालिका की मृत्यु हो जाती है तो इस हेतु आवेदन पत्र में उल्लिखित दूसरी बालिका जिसकी आयु आवेदन करते समय 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी, वह प्रथम उल्लिखित बालिका के सभी अधिकारों की हकदार होगी । यदि नियत अवरुद्ध अवधि, जो प्रविष्टि के समय बालिका की आयु पर निर्भर करते हुए 16 से 20 वर्ष तक होगी के भीतर प्रथम उल्लिखित बालिका की मृत्यु हो जाती है तो योजना के प्रावधान ऐसे लागू होंगे जैसे कि उत्तरजीवी दूसरी उल्लिखित बालिका ही आवेदन पत्र में उल्लिखित एकमात्र बालिका हो ।

(4) प्लान के प्रावधानों में 'यूनिटों की पुनर्खरीद' पर खण्ड सं. 7 (1) निम्नानुसार संशोधित किया जाता है :

16 से 20 वर्ष की अवरुद्ध अवधि पूरी होने के बाद बालिका यूनिटों की पुनर्खरीद करने की हकदार होगी ।

इसके अतिरिक्त बालिका के 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेने के बाद समयपूर्व पुनर्खरीद की सुविधा उपलब्ध होगी ।

(5) प्लान के प्रावधानों में 'सदस्य की मृत्यु' पर खण्ड सं. 17 (1), (2), (3) और (4) (क) निम्नानुसार संशोधित किया जाता है :

(1) जिस बालिका के पक्ष में यूनिट जारी किए गए हैं, 16 से 20 वर्ष की अवरुद्ध अवधि पूरी होने से पहले उसकी मृत्यु हो जाने की स्थिति में ट्रस्ट इसके खण्ड (4) (5) के कथन के अनुसरण में बालिका के पक्ष में जारी यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट द्वारा देय राशि के लिए वैकल्पिक बालिका को, यदि कोई हो, हकदार व्यक्ति के रूप में मान्यता देगा ।

(2) बालिका की मृत्यु होने की स्थिति में 16 से 20 वर्ष तक की अवरुद्ध अवधि के पूरा होने तक वैकल्पिक बालिका योजना में शामिल रहेगी बशर्ते आवेदक ट्रस्ट को उससे संबंधित सभी आवश्यक विवरण और वैकल्पिक बालिका को योजना में शामिल किए रहने के लिए ट्रस्ट द्वारा मांगे जाने वाले सभी विवरण प्रस्तुत करता है ।

(3) 16 से 20 वर्ष की अवरुद्ध अवधि के दौरान बालिका की मृत्यु होने की स्थिति में और जहां किसी वैकल्पिक बालिका का नाम नहीं दिया गया हो, तो मृतक बालिका का निष्पादक या प्रशासक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम (1925 का 39) के भाग 10 के अधीन उत्तराधिकार प्रमाणपत्र का धारक ऐसा/ऐसे व्यक्ति होगा/होंगे जिसे/जिन्हें ट्रस्ट द्वारा यूनिटों पर किसी हक होने की मान्यता दी जाएगी।

(4) (क) योजना में निवेशित धन 16 से 20 वर्ष की अवरुद्ध अवधि के पूरा होने पर या बालिका के 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर बालिका द्वारा प्राप्त किया जाएगा और यह कि निवेश के परिपक्व होने से पहले बालिका की मृत्यु होने की स्थिति में यह धन संस्था को देय हो जाएगा और संस्था इसे प्राप्त करने की हकदार होनी चाहिए ।

(6) प्लान के प्रावधानों में 'योजना के अन्तर्गत परिपक्वता' पर खंड सं. 19 (क) और (ख) निम्नानुसार संशोधित किया जाता है :

(क) 16 से 20 वर्ष की अवरुद्ध अवधि पूरी होने तक बालिका योजना में सहभागी बनी रहेगी । तथापि बालिका के 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेने बाद समयपूर्व पुनर्खरीद की सुविधा होगी ।

(ख) बालिका जब 16 से 20 वर्ष की अधिकतम अवरुद्ध अवधि पूरी कर लेती है (प्रवेश के समय बालिका की आयु पर निर्भर) तब यदि बालिका पुनर्खरीद के लिए आवेदन नहीं करती है तो धन ट्रस्ट के पास रहेगा और बालिका को उस पर बिना किसी ब्याज के अदा किया जाएगा ।

दिनांक 25 जुलाई 1996

सं. यूटी/जीबीडीएम/आर-128/एसपीडी 51/96-97—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत बनायी गयी यूनिट योजना 1964 (यूएस 64) के प्रावधानों में हुए संशोधन, जो दिनांक 26 जून 1996 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किए गए हैं, इसके नीचे प्रकाशित किए जाते हैं ।

ए. जी. जोशी
महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास और विपणन

अनुबंध

यूनिट योजना 1964 (यूएस-64) के प्रावधानों में संशोधन

(1) योजना के खंड 2 के पैरा (च) में "यूनिट पूंजी" शब्दों के बाद नीचे बताए गए शब्द शामिल किए जाते हैं :

"और इसमें, जहां संदर्भ में ऐसा अपेक्षित हो, इस योजना के संबंध में निर्मित प्रारक्षित खाते में जमा राशि का एक भाग पूंजी में परिणत करके या अन्यथा जारी बोनस यूनिट के रूप में एक यूनिट, शामिल है ।"

(2) नया खंड 9ख, योजना के प्रावधानों के खंड 9क के बाद शामिल किया जाता है ।

"9ख. बोनस यूनिटों का निर्गम

जैसा कि खंड 2(च) में उपबंधित है ट्रस्ट यूनिट धारकों को पूर्णतया प्रदत्त के रूप में जमा होने वाले और अधिक

अथवा अतिरिक्त यूनिट, प्रारक्षित को पूंजी में परिणत करके या अन्य रूप से जारी कर सकता है तथा उसके बाद ट्रस्ट पात्र यूनिटधारकों को ऐसे बोनस यूनिटों के संबंध में यूनिट प्रमाणपत्र उनके अनुरोध पर या अन्यथा जारी करेगा ।"

(3) नए खंड 15क एवं 15ख योजना के प्रावधानों में खंड 15(3) के बाद शामिल किए जाते हैं :

"15क. खंड 11, 12, 13, 14, 15 में जो भी समाविष्ट है उसके बावजूद, बोर्ड बोनस यूनिटों के संबंध में यूनिट प्रमाणपत्र जारी करने का निर्णय यूनिटधारक के अनुरोध पर ले सकता है अन्यथा नहीं ।

15ख. इस योजना में यूनिट प्रमाणपत्र से संबंधित प्रावधानों को बोनस यूनिटों के संदर्भ में भी लागू माना जाएगा ।"

(4) योजना के प्रावधानों के खंड 22(3) के अंत में निम्नलिखित को शामिल किया जाता है :

"परन्तु यह कि किसी भी संबंधित वर्ष, जिसमें ट्रस्ट ने दस प्रतिशत से कम लाभांश घोषित न किया हुआ हो, यूनिट पूंजी पर, इस प्रकार कम हुई, उसी वर्ष में ऐसी आय के नब्बे प्रतिशत से कम के वितरण संबंधी अपेक्षा लागू नहीं होगी ।"

(5) नया खंड 23क, योजना के खंड 23 के अंत में शामिल किया जाता है :

"23क. पूंजीकरण

बोर्ड फिलहाल इस योजना से संबंधित किसी भी प्रारक्षित निधि में जमा कोई भी राशि या यूनिटधारकों को वितरण के लिए उपलब्ध कोई अन्य राशि पूंजी में परिणत कर सकता है और यह कि ऐसी राशि का इस प्रयोजन हेतु और इसमें नीचे दिए गए उपखंड (2) में विनिर्दिष्ट रीति से ऐसे यूनिटधारकों को लिए उपयोग या वितरण किया जाएगा जो इसके हकदार होते यदि इसे उनके द्वारा धारित यूनिटों पर और उसी अनुपात में आय द्वारा वितरित किया जाता ।

(2) उपरोक्त राशि का उपयोग, उपखंड (3) में उल्लिखित प्रावधानों के अधीन, या तो यूनिटों में या जारी किए जाने वाले तथा आबंटित किए जाने वाले जमा किए गए पूर्णतया प्रदत्त यूनिटों की अदायगी में और ऐसे यूनिटधारकों के बीच पूर्वोक्त अनुपातों में किया जाएगा ।

(3) तद्नुसार, बोर्ड इस प्रकार आबंटन द्वारा पूंजीकृत की जाने वाली अपने द्वारा निर्धारित की गई राशि का विनियोग या उपयोग कर सकता है और पूर्णतया प्रदत्त यूनिटों को बोनस यूनिट के रूप में जारी कर सकता है तथा सामान्यतया इसे करने के लिए अपेक्षित सभी कार्य और बातें कर सकता है ।"

दिनांक 24 सितम्बर 1996

सं. यूटी/डीबीडीएम/आर-152/एसपीडी 184/96-97—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत बनाए गए आवास यूनिट योजना-1992 के प्रावधानों का संशोधन, जिसे 19-7-1996 को परिसंचरित करके अनुमोदित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किया जाता है ।

ए. जी. जोशी
महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास और विपणन

अनुबंध

आवास यूनिट योजना 1992 के प्रावधानों में संशोधन

1. "लाभांश" शीर्षक के अंतर्गत खण्ड 21 को निम्नानुसार संशोधित किया जाता है :

बोनस यूनिट

योजना के अंतर्गत कोई लाभांश घोषित नहीं किया जाएगा । योजना का उद्देश्य आय की उपलब्धता पर निर्भर करते हुए आवधिक रूप से बोनस यूनिट आबंटित करके मूल निवेश में वृद्धि करना है तथा इन यूनिटों को यूनिटधारक के यूनिटधारण खाते में जमा किया जाएगा ।

सं. यूटी/डीबीडीएम/आर 152/एसपीडी 51/96-97—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत बनायी गयी यूनिट योजना 1964 (यूएस' 64) के प्रावधानों में हुए संशोधन, जो दिनांक 18 जुलाई को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किए गए हैं, इसके नीचे प्रकाशित किए जाते हैं ।

ए. जी. जोशी
महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास और विपणन

अनुबंध

यूनिट योजना 1964 (यू एस 64) के प्रावधानों में संशोधन

1. योजना के प्रावधानों के खंड 2 के अंतर्गत विद्यमान उप खंड (सीसीए) के बाद निम्नलिखित उप खंड (सीसीएए) शामिल किया जाता है :

"(सीसीएए) "सूचीबद्ध" का तात्पर्य है ऐसे स्टाक एक्सचेंज में कारोबार करने के प्रयोजन से यूनिटों का सूचीबद्ध किया जाना जो फिलहाल प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42) के अंतर्गत मान्य है ।"

2. योजना के प्रावधानों के खंड 2 के अंतर्गत विद्यमान उपखंड (सीसी) के बाद निम्नलिखित उपखंड (सीसीसी) शामिल किया जाता है :

"(सीसीसी) "कारोबार" का तात्पर्य किसी स्टाक एक्सचेंज के जरिए यूनिटों की खरीद अथवा बिक्री के व्यवहार से है ।"

3. योजना के प्रावधानों के खंड 4 के अंतर्गत विद्यमान उपखंड (5) के बाद निम्नलिखित उपखंड (6) शामिल किया जाता है :

"(6) कुछ भी प्रतिकूल होते हुए भी, यहां योजना सूचीबद्ध है, ऐसे स्टाक एक्सचेंज/एक्सचेंजों के जरिए योजना के अंतर्गत यूनिटों का अंतरण होने की दशा में, किसी एक या उत्तरजीवी आधार पर यूनिटों के अंतरण की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी ।"

4. योजना के प्रावधानों के विद्यमान खंड 8 के बाद निम्नलिखित खंड 8 ए शामिल किया जाता है :

"8ए. यूनिटों का कारोबार

(क) यूनिट किसी भी मान्यताप्राप्त स्टाक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध किए जाएंगे ।

(ख) अपनी धारिता का परिसमापन करने की इच्छा रखने वाला कोई भी यूनिट धारक कथित स्टाक एक्सचेंजों में यूनिटों का कारोबार कर सकता है ।

(ग) ट्रस्ट प्रत्यक्ष रूप से या किसी अन्य प्रकार से उस मूल्य या उन मूल्यों का संकेत नहीं देगा जिस पर बाजार में यूनिट क्रय अथवा विक्रय किए जा सकते हों । हालांकि, किसी कारोबार के दौरान स्टाक एक्सचेंजों पर जिन अंतिम मूल्य या मूल्यों पर यूनिट क्रय या विक्रय किए गए हों उन्हें प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा ।

(घ) बाजार से यूनिटों का क्रेता या तो स्वयं या किसी मान्य दलाल के जरिए अंतरण विलेख और संबंधित यूनिट प्रमाणपत्र ट्रस्ट कार्यालय को प्रस्तुत करेगा ताकि यदि उसे उचित पाया जाए तो अंतरण को प्रभावी किया जा सके ।

(ङ) बाजार से किसी भी मूल्य पर यूनिटों का क्रय अथवा विक्रय यूनिटधारक या प्रख्यापित यूनिटधारक के जोखिम पर होगा ।"

दिनांक 30 सितम्बर 1996

सं. यूटी/डीवीडीएम/आर-155/एसपीडी 71/96-97—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 19 (1) (8) (सी) के अंतर्गत बनाए गए मासिक आय प्लान 1996 (3) का पेशकश दस्तावेज, जो कथित अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत अधीन बनाई गई मासिक आय योजना 1996 (3) के संबंध में है, 26 जून, 1996 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किया जाता है ।

ए. जी. जोशी
महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास और विपणन

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मासिक आय प्लान 1996 (3)

पेशकश (आफर) दस्तावेज

5 अगस्त 1996 से 18 सितम्बर 1996 तक पेशकश खुली रहेगी

मासिक आय प्लान 1996 (3) भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 19 (1) (8) (सी) के अंतर्गत बनाया गया है जो कथित अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा बनाई गई यूनिट योजना, मासिक आय योजना 1996 (3) के संबंध में है ।

प्लान के विवरण भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (म्यूचुअल फण्ड) विनियम, 1993 के अनुसार तैयार किए गए हैं और जन साधारण के अभिदान हेतु पेश किए गए यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अननुमोदित किए गए हैं न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की यथार्थता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है ।

प्लान का उद्देश्य

यह एक आयोन्मुख प्लान है । प्लान का उद्देश्य या तो मासिक आधार पर नियमित आय प्रदान कर अथवा 5 वर्षों की अवधि तक संचित की गई आय को उपलब्ध करा कर निवेशकों की आवश्यकताओं को पूरा करना है ।

विशिष्टताएं

* एक पांच वर्ष का प्लान है ।

* निवासी और अनिवासी वयस्क व्यक्तियों/मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों/अवयस्कों/हिन्दू अविभक्त परिवारों/न्यासों/समितियों/पंजीकृत सहकारी समितियों/अलाभकारी कम्पनियों सहित निगमित निकायों (कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अंतर्गत) विदेशी निगमित निकायों (ओसीबी) को खुला है ।

* ट्रस्ट द्वारा पहले वर्ष के लिए न्यूनतम लक्षित लाभांश 15% की दर से (16.08% के प्रभावी प्रतिलाभ) प्रस्तावित है । इसे उत्तर दिनांकित मासिक वारण्टों के जरिए अदा किया जाएगा । उसके बाद के वर्षों के लिए लाभांश प्रत्येक वर्ष मार्च के महीने में घोषित किया जाएगा और मासिक आधार पर अदा किया जाएगा ।

* मार्च 1997 तक के लिए उत्तर दिनांकित मासिक लाभांश वारण्ट अग्रिम रूप से दिए जाएंगे ।

* मासिक लाभांश के स्थान पर आय को संचित करने का विकल्प भी है ।

* योजना एनएसई पर सूचीबद्ध की जाएगी ।

* 1 अक्तूबर 1999 से एनएवी आधारित पुनर्खरीद मूल्य पर पुनर्खरीद करने की अनुमति होगी ।

* निवेश का एक भाग इक्विटियों में होने से पूंजी-वृद्धि की संभावना ।

* लाभांश और पुनर्खरीद/प्रतिदान प्राप्तियां एनआरआई तथा ओसीबी के लिए पर्णतया प्रत्यावर्तनीय है जहां निवेश एनआरई खाते को नामे करके अथवा एफसीएनआर और जमाओं की राशि से चेक/ड्राफ्ट जारी करके विप्रेषण द्वारा किया जाता है ।

* पूंजी वृद्धि से पूंजीगत अभिलाभ और लाभांश पर आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 एल एवं धारा 48 तथा 112 के अंतर्गत कर लाभ ।

जोखिम के तत्व

* प्लान के यूनिटों में निवेशों पर बाजार का जोखिम होता है और प्लान के शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का ऊपर या नीचे जाना बाजार की शक्तियों पर निर्भर करता है ।

* पहले वर्ष यदि वास्तविक आय 15% प्र. व. न्यूनतम लक्षित लाभ का भुगतान करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी, तो सदस्यों को उस हद तक यूनिट पूंजी का घाटा उठाना पड़ सकता है ।

* ट्रस्ट की पहले की योजनाओं/प्लानों का कार्यनिष्पादन आवश्यक रूप से भावी परिणामों का द्योतक नहीं है । इस प्लान के लक्ष्यों की प्राप्ति का कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता है ।

* मासिक आय प्लान 1996 (3) केवल प्लान का नाम है और यह किसी भी प्रकार से प्लान की गुणवत्ता का संकेत नहीं देता है । निवेशकों से आग्रह किया जाता है कि इस प्लान में निवेश करने से पहले वे पेशकश की शर्तों का सावधानी पूर्व अध्ययन कर लें ।

प्रबंधन के विचार से जोखिम के तत्व

* ट्रस्ट 32 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत है और इसने 4 करोड़ 80 लाख से अधिक निवेशकों से लगभग 56,800 करोड़ रुपये की निधियों के प्रबंधन में निपुणता हासिल की है ।

ट्रस्ट द्वारा अब तक आरंभ किए हुए इकतीस मासिक आय प्लानों का कार्यनिष्पादन पृष्ठ संख्या 21 पर दी गई तालिका में दर्शाया गया है ।

यूटी आई की स्थापना

यूटी आई अधिनियम, 1963 के अंतर्गत भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना की गई थी जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबंधन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होने वाली आय, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता थी । इसने 1 जुलाई, 1964 से कार्य करना आरंभ किया ।

यूटी आई का प्रबंधन

ट्रस्ट के कार्यों एवं व्यवसाय का प्रबंधन न्यासी मंडल में निहित है, जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है ।

मंडल के अलावा, एक सांविधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी होते हैं । यह समिति मंडल की कार्यक्षमता के अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले पर कार्य करने के लिए सक्षम है ।

न्यासी मंडल

1. श्री जगदीश कपूर—अध्यक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट ।
2. श्री आर वी गुप्ता—उप गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक ।
3. श्री एस. एच. खान—अध्यक्ष, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ।
4. श्री एन एस सेखसरिया—प्रबंध निदेशक, गुजरात अंबुजा सिमेंट्स लि. ।
5. डा. अरविंद वीरमणि—सलाहकार, नीति निर्धारण, भारत सरकार आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय ।
6. श्री पी आर. खन्ना—सनदी लेखाकार ।
7. श्री जे. एस. सालुंखे—अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम ।
8. श्री पी. जी. काकोडकर—अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक ।
9. श्री एन. वाघल—अध्यक्ष, आई सी आई सी आई लि. ।
10. श्री जे. वी शेट्टी—अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, केनरा बैंक ।
11. डा. पी. जे. नायर—कार्यपालक न्यासी, भारतीय यूनिट ट्रस्ट ।

मासिक आय योजना 1996 (3) का ब्यौरा
[एम आई एस 96 (3)]

1. संक्षिप्त शीर्षक और योजना आरंभ :

(1) *यह योजना मासिक आय योजना 1996 (3) [एम आई एस 96 (3)] कही जाएगी ।*

(2) यह योजना पांच वर्ष अर्थात् 1 अक्तूबर, 1996 से 30 सितम्बर, 2001 तक की अवधि के लिए होगी ।

(3) यूनिटों की बिक्री 5 अगस्त, 1996 से 18 सितम्बर, 1996 तक 45 दिनों के लिए होगी ।

बशर्ते, यूनिट ट्रस्ट के न्यासी मंडल की कार्यकारिणी समिति/अध्यक्ष किसी भी समय युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थितियां उत्पन्न होने पर, स्टाक एक्सचेंजों में व्यवसाय न होने पर या अन्य सामाजिक-आर्थिक कारणों से अखबारों में 7 दिनों की नोटिस देने के बाद या ऐसी पद्धति से जैसा ट्रस्ट द्वारा निश्चय किया जाए योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री स्थगित कर सकते हैं ।

2. परिभाषाएं

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) स्वीकृति तिथि का अर्थ ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट

को प्रेषित आवेदन पत्र के संदर्भ में वह तिथि है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और उसे स्वीकार करता है;

(ख) "अधिनियम" का तात्पर्य भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) से है;

(ग) "वैकल्पिक आवेदक" का अर्थ नाबालिग के मामले में माता-पिता के अलावा उस माता-पिता से है जिन्होंने नाबालिग की ओर से आवेदन किया हो ।

(घ) "आवेदक" का अर्थ है वह व्यक्ति जो योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान में शामिल होने के लिए पात्र होगा, जो अवयस्क नहीं होगा और आवेदन पत्र में उल्लिखित वैकल्पिक आवेदक सहित जब मानसिक विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिटों की बिक्री की गयी हो और प्लान के खण्ड 3 के अंतर्गत आवेदन करता हो ।

(ङ) "पात्र संस्था" का अर्थ भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 में यथापरिभाषित कोई पात्र ट्रस्ट है ।

(च) "सूचीबद्धता" का अर्थ एनएसई पर व्यवसाय करने के प्रयोजन से यूनिटों का सूचीबद्ध किया जाना है ।

(छ) योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में "सदस्य" के रूप में प्रयुक्त अभिव्यक्ति का अर्थ और इसमें शामिल उस आवेदक से है, जिसे इस योजना में यूनिट आबंटित किए गए हों ।

(ज) "मानसिक विकलांग व्यक्ति" का अर्थ वह व्यक्ति, जो ऐसी मानसिक अक्षमता से ग्रस्त हो, जो उसे जीवन के सामान्य कार्य करने से वंचित रखती हो ।

(झ) "अनिवासी भारतीय (एनआरआई)" का तात्पर्य भारतीय राष्ट्रीयता/मूल के अनिवासियों से है । जैसा कि मूलतः अधिनियमित भारत सरकार अधिनियम, 1935 में परिभाषित है, किसी भी व्यक्ति को "भारतीय मूल का व्यक्ति" माना जाएगा यदि वह या उसके माता-पिता या पितामह-पितामही में से कोई भी, पीढ़ी अथवा पूर्वज के रूप में कितना ही दूर क्यों न हो, चाहे पितृ पक्ष या मातृपक्ष से हो, भारत में जन्मा हो/जन्मी हो ।

(ञ) "जारी समझे जाने वाले यूनिटों की संख्या" का अर्थ बेचे गए और बकाया यूनिटों की कुल संख्या है ।

(ट) "विदेशी निगमित निकाय" (ओसीबी) के अंतर्गत विदेशी कम्पनियां, भागीदारी फर्म, समितियां और अन्य निगमित निकाय जिनका कम से कम 60% तक की सीमा का स्वामित्व प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारत के बाहर रहने वाले भारतीय राष्ट्रीयता अथवा मूल के व्यक्तियों का हो तथा विदेशी ट्रस्ट जिनमें कम से कम 60% फायदाप्रद हित अप्रतिसंहरणीय रूप में से ऐसे व्यक्तियों द्वारा धारित हो, शामिल हैं ।

(ठ) "व्यक्ति" में ऊपर यथापरिभाषित पात्र संस्था शामिल है ।

(ड) "मान्यताप्राप्त शेयर बाजार" का अर्थ वह शेयर बाजार है, जिसे फिलहाल प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42) के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त है ।

(ढ) "रजिस्ट्रार" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जिसकी सेवाएं ट्रस्ट द्वारा योजना के अंतर्गत समय-समय पर रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिए ली जा सकें।

(ण) "विनियमावली" का अर्थ अधिनियम की धारा 43 (1) के अन्तर्गत बनी भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 है ।

(त) "सेबी" का अर्थ है भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम 1992 (1992 का 15) के अंतर्गत बनाया गया भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड ।

(थ) "समिति" का अर्थ समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत स्थापित समिति या फिलहाल प्रवृत्त राज्य या केन्द्रीय विधि के अन्तर्गत स्थापित अन्य कोई समिति है ।

(द) "ट्रेडींग" का तात्पर्य यूनिटों के पहले आबंटन के बाद राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज के जरिए यूनिटों का खरीद अथवा बिक्री में व्यवहार से है ।

(ध) "यूनिट" का अर्थ यूनिट पूंजी में दस रुपए के अंकित मूल्य का एक अविभक्त शेयर है ।

(न) "यूनिट पूंजी" का तात्पर्य फिलहाल यूनिट योजना के अंतर्गत निर्गत और शेष यूनिटों के अंकित मूल्य के योग से है ।

(प) "यूनिट ट्रस्ट" या "ट्रस्ट" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट से है ।

(फ) इसमें अपरिभाषित लेकिन अधिनियम/विनियमावली में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम/विनियमावली में दिये गये हैं ।

(ब) एक वचन वाले शब्दों में बहुवचन शामिल हैं और सभी पुल्लिंग संदर्भों में स्त्रीलिंग तथा एक में दूसरे के विपर्यय शामिल हैं ।

इस योजना के अन्य उपबंध पृष्ठ सं. 12 से पृष्ठ सं. 17 में दिए गए हैं ।

मासिक आय योजना 1996 (3) [एम आई एस'96 (3)] के अंतर्गत बनाये गए मासिक आय प्लान 1996 (3) [एम आई पी '96 (3)] के ब्यौरे यहां नीचे दिए जाते हैं ।

1. परिभाषाएं :

शब्द (जो) प्लान में परिभाषित नहीं किये गये हैं तथा योजना और अधिनियम/विनियमों में परिभाषित किए गए हैं उनके अपने-अपने अर्थ योजना/अधिनियम/विनियमों में दिए गए अर्थ हैं ।

2. प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य :

इस योजना के अंतर्गत जारी किए गए प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपए होगा ।

3. यूनिटों के लिए आवेदन :

(1) यूनिटों के लिए आवेदन निवासियों और अनिवासियों द्वारा भी किये जा सकते हैं ।

निवासी :

(क) व्यक्ति, एकल या अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप में।

(ख) नाबालिग निवासी की ओर से माता-पिता, सौतेले माता-पिता या अन्य विधिक अभिभावक । बालिग और नाबालिग संयुक्त रूप से आवेदन नहीं कर सकता ।

(ग) योजना में यथापरिभाषित पात्र संस्था, जिसमें अप्रतिसंहरणीय और लिखत द्वारा निर्मित निजी न्यास शामिल हैं ।

(घ) मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए कोई व्यक्ति ।

(ङ) योजना में यथापरिभाषित कोई समिति ।

(च) पंजीकृत सहकारी समिति ।

(छ) कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अन्तर्गत निर्दिष्ट अलाभकारी कम्पनी सहित अन्य निगमित निकाय लेकिन बैंक और कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत अन्य कम्पनियां शामिल नहीं हैं ।

(ज) हिन्दू अविभक्त परिवार ।

अनिवासी द्वारा पूर्णतया प्रत्यावर्तनीय आधार पर :

(क) अनिवासी वयस्क व्यक्ति या तो एकल या अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप में ।

(ख) नाबालिग अनिवासी की ओर से पिता/माता/सौतेले माता-पिता/विधिक अभिभावक ।

(ग) अनिवासी हिन्दू अविभक्त परिवार ।

(घ) अनिवासी कम्पनी/विदेशी निगमित निकाय जिनमें अनिवासी भारतीयों का स्वत्वाधिकार कम से कम 60% तक हो ।

(2) आवेदन ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा अनुमोदित फार्म में किये जायेंगे ।

4. न्यूनतम निवेश राशि :

दोनों विकल्पों मासिक और संचयी के अंतर्गत आवेदन न्यूनतम 200 यूनिटों के लिए और उसके बाद 100 यूनिटों के गुणकों में किया जाएगा । कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी ।

रु. 50,000/- और उससे अधिक निवेश के मामले में निवेशक को सलाह दी जाती है कि यदि उसका आयकर पीएएन/जीआईआर संख्या है तो वह उसे तथा संबंधित आयकर सर्किल के पते का उल्लेख करे ।

5. एकत्र की जाने वाली न्यूनतम लक्ष्य राशि

योजना के अंतर्गत एकत्र की जाने वाली लक्ष्य राशि 100 करोड़ रुपए होगी । अत्यभिदान, यदि कोई हो, तो उसे ट्रस्ट द्वारा रखा जाएगा ।

यदि लक्ष्य राशि के 60 प्रतिशत का अभिदान नहीं हो तो, ट्रस्ट को आवेदक के खाते में देय चैक/प्रत्यर्पण आदेश द्वारा योजना के अंतर्गत संगृहीत पूरी राशि को यूनिटों की बिक्री की समाप्ति तिथि से छः हफ्तों में या उसके पहले वापस करना होगा।

उक्त अनुबंध अवधि के भीतर राशि वापस न करने की स्थिति में बिक्री बन्द होने की तिथि से 6 सप्ताहों की समाप्ति पर ट्रस्ट आवेदक को 15% प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करने का जिम्मेदार होगा ।

6. खर्चों पर सीमा

योजना के अंतर्गत एकत्र निधि का निर्गम पूर्व व्यय 6% से अधिक नहीं होगा । योजना के प्रारंभिक निर्गम खर्चों का अनुमान निम्नानुसार है :

व्यय	%
मुद्रण और डाक	1.50
प्रचार और मार्केटिंग	1.75
एजेंटों को कमीशन	1.50
रजिस्ट्रारों का प्रभार	0.50
बैंक प्रभार	0.25
स्टाम्प शुल्क और अभिरक्षा शुल्क	0.50
योग	6.00

इस प्रकार किसी निवेशक द्वारा निवेश किए गए प्रत्येक रुपए में से कम से कम 94 पैसे का इस योजना में निवेश किया जाएगा ।

आरम्भिक निर्गम व्ययों के अतिरिक्त आवर्ती आधार पर योजना का निम्नलिखित व्यय होगा जो किसी भी लेखा वर्ष के दौरान औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्ति मूल्य के 3% से अधिक नहीं होगा । अनुमानित आवर्ती व्यय निम्नानुसार है :

व्यय	%
प्रशासनिक व्यय	1.00
अभिरक्षण शुल्क	0.50
विकास आरक्षित निधि	0.10
कर्मचारी कल्याण न्यास	0.10
रजिस्ट्रारों के लिए शुल्क	0.50
अन्य व्यय	0.80
योग	3.00

उपरोक्त व्यय अनुमानित हैं और वास्तविक रूप में किए गए व्ययों के साथ परिवर्तित किए जाने के अधीन हैं । फिर भी, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1993 के अनुसार कुल प्रारंभिक निर्गम व्ययों के रूप में कुल व्यय एकत्र निधि की 6% की सीमा के भीतर तथा आवर्ती व्यय किसी भी लेखा वर्ष के दौरान

साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य के 3% की सीमा के भीतर ही होगा । इसके अलावा प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि में अंशदान तथा कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान लेखा वर्ष के दौरान प्लान के साप्ताहिक औसत एनएवी के 1.25% से अधिक नहीं होगा ।

सेबी द्वारा नियुक्त की गई विशेषज्ञ समिति ने सेबी को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है जो सेबी के विचाराधीन है, अतः शुल्क, व्यय और लेखा नीतियां विनियमों/सेबी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार परिवर्तन के अधीन होंगी ।

7. भुगतान विधि :

(1) (1) किसी आवेदक द्वारा आवंटित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदन पत्र के साथ नकद, चेक या ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा । यदि आवेदन यूटीआई के कार्यालयों में जमा किये जाएं, तो चेक या ड्राफ्ट उसी शहर में स्थित बैंकों की शाखा पर आहरित किये जाएं जिस शहर में स्थित शाखा कार्यालय में आवेदन किया जाए ।

लेकिन, जहां आवेदक ट्रस्ट के शाखा कार्यालय/संग्रहण केन्द्र/विशेष अधिकृत कार्यालय वाले स्थान से भिन्न स्थान से आवेदन करना चाहें तो आवंटित यूनिटों के लिये आवेदन पत्र के साथ देय बैंक ड्राफ्ट के लिये देय बैंक प्रभार घटाकर भारतीय बैंक संघ के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ड्राफ्ट ट्रस्ट को भेजते हुए ऐसा कर सकता है । उदाहरणार्थ, यदि आवेदन राशि रु. 10,000/- है तथा बैंक ड्राफ्ट प्रभार इस राशि के लिए रु. 20/- है। इस तरह, ड्राफ्ट रु. 9,980/- (रु. 10,000/- में से रु. 20/- घटाकर) के लिए बनवाया जा सकता है । ड्राफ्ट कमीशन प्रभार प्लान के आरम्भिक निर्गम व्ययों का एक अंश होगा ।

किन्तु जहां ट्रस्ट का कार्यालय/संग्रहण केन्द्र/विशेष अधिकृत कार्यालय है और आवेदन स्थानीय बैंक ड्राफ्ट के साथ मिला है तो बैंक ड्राफ्ट कमीशन निवेशक को ही भरना होगा ।

(2) यदि भुगतान चेक द्वारा किया जाए, तो स्वीकृति तिथि ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा चेक प्राप्ति की तिथि होगी, बशर्ते चेक की वसूली हो ।

यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि ऐसे ड्राफ्ट की निर्गम तिथि होगी, बशर्ते ड्राफ्ट की वसूली हो । लेकिन, आवेदन ट्रस्ट द्वारा उपयुक्त समझे गए समय के भीतर ट्रस्ट या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र में ड्राफ्ट जारी होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राप्त हो जाए ।

यदि आवंटित यूनिट के लिए भुगतान की गई राशि आवंटित यूनिटों के लिए देय राशि से कम हो, तो आवेदक को उतनी ही कम संख्या में यूनिट जारी किए जाएंगे, जितने इस योजना के अंतर्गत लिए जा सकेंगे । उसको देय शेष राशि ट्रस्ट द्वारा यथोचित रीति से उसकी कुल पर उसे वापस कर दी जाएगी ।

(3) प्रत्यावर्तन लाभों के साथ निवेश की विधि :

एन आर आई/ओ सी बी द्वारा किए गए निवेश पर प्रत्यावर्तन का अधिकार निवेशित पूंजी और उस पर अर्जित आय तथा पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो) पर तब तक होगा जब तक निवेशक भारत के बाहर का निवासी बना रहेगा । इन स्थितियों में निवेश निम्नलिखित विधियों में से किसी एक के माध्यम से किया जा सकता है ।

(क) विदेशी मुद्रा में ड्राफ्ट

(ख) विदेशी बैंकों/वित्तमय गृह द्वारा यूटीआई के पक्ष में रुपये में जारी किया गया ड्राफ्ट जो उनके भारतीय संपर्ककर्ता बैंकों पर आहरित हो ।

(ग) भारत स्थित बैंक में निवेशक द्वारा कायम रखे गए एन आर ई खाते पर आहरित चेक द्वारा ।

(घ) एफ सी एन आर जमाओं की राशि से जारी किए गए चेक/ड्राफ्ट द्वारा ।

इसके अलावा, नेपाल और भूटान की मुद्राओं में अदायगी स्वीकार नहीं की जाती है । यूनिटों का निवेश रुपये में किया जाता है, विदेशी मुद्रा के सभी ड्राफ्टों को उस दर पर रुपये में परिवर्तित किया जाता है जो परिवर्तन के समय प्रचलित हो ।

यदि कोई कमी पड़ती है, तो उसे एन आर आई निवेशक द्वारा विप्रेषण किया जाएगा । यदि कोई अधिशेष होगा तो उस वित्तमय को प्रभावी दर पर ऐसे विप्रेषण के लिए बैंक प्रभार की कटौती करने के बाद एन आर आई निवेशकों को वापस विप्रेषित कर दिया जाएगा । उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए यह सलाह दी जाती है कि एन आर आई/ओ सी बी निवेशक उपयुक्त (क) और (ग) में उल्लेखित विधियों के द्वारा अदायगी करें ।

4. प्रत्यावर्तन लाभों के बिना निवेश विधि :

जहां एन आर ओ खाते में धारित निधियों का उपयोग यूनिटों का खरीद के लिए किया जाता है तो इस प्रकार निवेश की गई निधियां और उन पर अर्जित आय तथा पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो) भारत के बाहर प्रत्यावर्तन के लिए योग्य नहीं होंगी ।

तथापि भा. रि. बैंक के दिनांक 19 अगस्त, 1994 के परिपत्र ए. डी. (एम. ए. श्रृंखला) सं. 18 के अनुसार वित्तीय वर्ष 1996-97 के दौरान और उसके उपरांत अर्जित सम्पूर्ण आय पूर्ण प्रत्यावर्तन के योग्य होगी ।

जबकि इन मामलों में यूटीआई-एनआरओ खाते में जमा करने के लिए रुपये में अदायगी करेगा निवेशकों को यह सूचना दी जाती है कि यदि वे यूनिटों पर लाभांश का प्रदत्त प्राप्त करना चाहते हों तो अपने बैंक/कर सलाहकार से संपर्क करें ।

(2) (क) आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार :

ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह अपने विवेक से योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिट जारी करने के लिए आवेदन स्वीकृत और/या अस्वीकृत कर सके । योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में आवेदन करने के संबंध में किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के बारे में ट्रस्ट का निर्णय अन्तिम होगा ।

(ख) अपूर्ण आवेदन अस्वीकृत किये जा सकते हैं :

आवेदन अपूर्ण पाये जाने पर, अस्वीकृत कर दिया जाएगा और बिना किसी ब्याज या अन्य राशि के, चाहे जो भी हो, आवेदन राशि ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र वापस कर दी जाएगी ।

अपेक्षित परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताएं पूरी होने पर राशि वापस की जाएगी ।

(3) यूनिट जारी होने के पहले आवेदक को योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान से संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करना होगा :

योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान यूनिटों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं जैसे न्यासों से प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में ट्रस्ट विलेख, प्रबंध समिति का यूनिटें खरीदने संबंधी संकल्प, नाबालिग की ओर से प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में जन्म प्रमाणपत्र आदि जो निवेशक की श्रेणी पर निर्भर करेगा। ऐसी अपेक्षाएं पूरी करने या नहीं करने के प्रति ट्रस्ट की संतुष्टि उसके अपने विवेक पर निर्भर होगी।

गलत घोषणा करके यूनिट रखने वाले व्यक्ति अपनी सदस्यता के निरस्तीकरण का भागी होगा और उसका नाम सदस्यों की पंजी से काट दिया जाएगा।

ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में 25% दण्ड के तौर पर घटाने के बाद सममूल्य पर या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित मूल्य पर यूनिट की पुनर्खरीद करे और गलती से भुगतान किये गये आय वितरण की वसूली पुनर्खरीद राशि से करे और शेष वापस करे।

पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि भेजने में ट्रस्ट को जो भी समय लगेगा उसके लिये राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

8. यूनिटों की बिक्री :

पेशकश की अवधि के दौरान यूनिटों की बिक्री सममूल्य पर होगी।

ट्रस्ट द्वारा यूनिट की बिक्री-संविदा, स्वीकृति तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी। बिक्री-संविदा पूर्ण होने पर ट्रस्ट यथाशीघ्र सदस्य के विकल्प पर आवेदक को सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र (विपणन योग्य लाट में) जारी करेगा। ट्रस्ट द्वारा पात्र संस्था और निगमित निकाय को जारी सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र पात्र संस्था/निगमित निकाय के नाम में होगी। प्रेषित सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने, गलत डिलीवरी या डिलीवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा।

ट्रस्ट प्लान के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री की समाप्ति तिथि से 10 हफ्तों के भीतर सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र भेजने का प्रयास करेगा।

9. यूनिटों की पुनर्खरीद :

(1) अवरुद्ध अवधि तीन वर्ष अर्थात् 30 सितम्बर, 1999 तक की होगी। योजना और उसके अंतर्गत बनाए प्लान के अंतर्गत पहले तीन वर्षों के दौरान दावों के निपटान के मामले छोड़कर कोई पुनर्खरीद नहीं की जाएगी।

यूनिटों के एनएवी पर आधारित पुनर्खरीद मूल्य (पूर्ववर्ती आधार पर) प्रत्येक माह में एक बार घोषित किया जाएगा।

(2) मासिक आय विकल्प : ट्रस्ट प्लान के अंतर्गत यूनिट धारण के दूसरे वर्ष से पुनर्खरीद के लिए यूनिटों की पेशकश करेगा। पुनर्खरीद पूर्ववर्ती एनएवी आधारित मूल्य पर की जाएगी। पुनर्खरीद मूल्य परिकलित करते समय ट्रस्ट को प्रशासकीय व्यय और अन्य प्रभार, जो प्रति यूनिट एनएवी के 5% से अधिक न हो, की कटौती करने की स्वतंत्रता होगी। पुनर्खरीद सभी सदस्यों द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित और अन्य व्यक्ति, जिसका नाम, पेशा और पता दिया जाए, के साक्ष्य के साथ सादे कागज पर अनुरोध पत्र के साथ सदस्यता सूचना/विधिवत रूप से उन्मोचित यूनिट प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर प्रभावी होगी।

100 यूनिट के गुणकों में यूनिटों के पुनर्खरीद की अनुमति होगी बशर्ते न्यूनतम 200 यूनिट धारित हों।

पुनर्खरीद के लिए आवेदन करते समय सदस्य को पुनर्खरीद माह तक के बचे हुए शेष अदत्त आय वितरण वारंट ट्रस्ट को सौंपने होंगे।

पूर्ण रूप से पुनर्खरीद की स्थिति में, ट्रस्ट पुनर्खरीद के अनुरोध पत्र सहित सदस्यता सूचना/विधिवत् रूप से उन्मोचित यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर भावी महीनों के लिए यूनिट पर आय वितरण का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं होगा और न ही पुनर्खरीद की अदायगी पर कोई ब्याज देय होगा।

प्राप्त सभी दस्तावेज और अदत्त आय वितरण वारंट, यदि हों, निरस्तीकरण के लिए ट्रस्ट द्वारा रख लिए जाएंगे।

आंशिक पुनर्खरीद की स्थिति में अपने पास रखे जाने वाले यूनिटों की संख्या पर निर्भर करते हुए सदस्य को नयी सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र और स्वीकृति माह सहित शेष अवधि के लिए आय वितरण वारंटों का नया सेट जारी किया जाएगा। पुनर्खरीद राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

(3) पूर्ववर्ती उप-खण्डों में अन्तर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिट की पुनर्खरीद करते समय, सदस्य द्वारा उस समय तक यूनिट आय-वितरण वारंटों को अभ्यर्पित नहीं करने की स्थिति में ट्रस्ट ऐसे आय वितरण वारंटों की भविष्य में देय राशि पुनर्खरीद मूल्य में से घटाकर सदस्य को शेष राशि का भुगतान करने के लिए स्वतंत्र होगा। ट्रस्ट को सदस्यता सूचना और पुनर्खरीद का अनुरोध पत्र/यथाविधि रूप से उन्मोचित यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त हो जाने के बाद तथा पूर्ण पुनर्खरीद की स्थिति में सदस्य को स्वीकृति माह के आय वितरण सहित भावी आय वितरण प्राप्त करने का अधिकार नहीं रह जाएगा और ऐसे बकाया आय वितरण की राशि का दावेदार ट्रस्ट होगा।

(4) मासिक आधार पर प्रदत्त पूरे वर्ष के आय वितरण के हकदार बनने के लिए सदस्य को यूनिट पूरा वर्ष तक रखने होंगे। वर्ष के किसी भाग के लिए यूनिट रखने वाला सदस्य केवल धारण अवधि के लिए, जो हमेशा पूर्ण आगामी कैलेण्डर मास की होगी, आनुपातिक आय वितरण प्राप्त करने का हकदार होगा और माह के भाग को, चाहे वह कितने भी दिन का क्यों न हो, हटा छोड़ दिया जाएगा।

(5) सदस्य की मृत्यु हो जाने की स्थिति में विधिक प्रतिनिधि या नामिती द्वारा सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र, पुनर्खरीद के लिए अनुरोध पत्र और बकाया अदत्त आय वितरण वारंट ट्रस्ट को सौंपे जाने के बाद वह (ट्रस्ट) दावे की मान्यता संबंधी निर्धारित आवश्यकता पूरी होने पर अपने नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार इसमें ऊपर उपखण्ड (2) और (3) में यथावर्णित रूप में यूनिट की पुनर्खरीद करेगा और दावे की निपटान तिथि तक के बकाया मासिक आय वितरण का आनुपातिक भुगतान करेगा।

(6) ट्रस्ट द्वारा कटौती, यदि हो, करने के बाद पुनः खरीदे गए यूनिटों के लिए भुगतान स्वीकृति तिथि के बाद यथाशीघ्र आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में यथाविनिर्दिष्ट रीति से किया जाएगा।

आवेदक को देय राशि पर किसी भी कारण से कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा ट्रस्ट द्वारा प्रेषित चैक या ड्राफ्ट का प्रेषण (डाक खर्च सहित) या वसूली खर्च आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा ।

(7) संचयी विकल्प :

संचयी विकल्प के अंतर्गत जारी यूनिटों के मामले में ट्रस्ट योजना और उसके अन्तर्गत जारी यूनिटों के मामले में यूनिट धारण के चौथे वर्ष से यूनिटों के पुनर्खरीद की पेशकश करेगा । पुनर्खरीद मूल्य पूर्ववर्ती एनएवी आधार पर होगा ।

पुनर्खरीद मूल्य परिकलित करते समय ट्रस्ट प्रति यूनिट एनएवी के 5% तक प्रशासनीय व्यय और अन्य प्रभार काटने के लिए स्वतंत्र होगा ।

पुनर्खरीद की अनुमति सौ यूनिटों के गुणकों में होगी, बशर्ते न्यूनतम धारिता 200 यूनिटों की हो ।

(8) पुनर्खरीद किए गए यूनिटों को पुनः जारी नहीं किया जाएगा ।

(9) पुनर्खरीद मूल्य के परिकलन का आधार यथासमय सेबी द्वारा निर्धारित विनियमों, दिशा-निर्देशों के अधीन होगा ।

10. यूनिटों की पुनर्खरीद पर प्रतिबंध :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिट की पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा :

(1) ऐसे दिन, जो कार्य-दिवस नहीं हो; और

(2) ऐसी अवधि में जब बही और लेखे की वार्षिक बन्दी (ट्रस्ट द्वारा यथानिश्चित) के संबंध में सदस्यों की पंजी बन्द हो ।

स्पष्टीकरण :

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ शब्द "कार्य दिवस" का अर्थ वह दिन है, जो न तो

(1) महाराष्ट्र राज्य या ऐसे अन्य राज्यों में, जहां ट्रस्ट के कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परक्राम्य लिखित अधिनियम 1881 के अंतर्गत अधिसूचित हो और न ही

(2) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि ट्रस्ट का कार्यालय बन्द रहेगा ।

11. पुनर्खरीद मूल्य का प्रकाशन :

पुनर्खरीद मूल्य के निर्धारण के बाद ट्रस्ट यथाशीघ्र इसे प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करेगा ।

12. सूचीबद्धता :

1. योजना के अंतर्गत जारी यूनिट राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध किए जाएंगे । सेबी से योजना का अनुमोदन प्राप्त होने के तुरंत बाद सेबी (म्युचुअल फंड) अधिनियम, 1993 के विनियम 30 के अनुसार स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्धता के लिए आवेदन किया जाएगा ।

2. सदस्य जो अपनी धारिता का नकदीकरण करने का इच्छुक हो वह एनएसई के जरिए जिस पर योजना के यूनिट सूचीबद्ध हुए हैं, यूनिटों की बिक्री कर सकता है ।

13. सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र :

ट्रस्ट आवेदक को सदस्य के विकल्प पर सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाण पत्र (विपणन योग्य लाट में) जारी करेगा ।

अनिवासी भारतीय सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र के प्रेषण के लिए निम्नलिखित में से किसी एक तरीके का चयन कर सकते हैं :

(क) आवेदक के भारतीय/विदेशी पते पर या

(ख) आवेदक के भारत में स्थित रिश्तेदार के पते पर

14. सदस्यता सूचना तैयार करने की रीति :

सदस्यता सूचना और यूनिट प्रमाणपत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा निर्णीत रूप के अनुसार होंगे ।

जैसा बोर्ड समय-समय पर निर्धारित करेगा, यूनिट प्रमाणपत्र उत्कीर्ण या लिथोग्राफ या मुद्रित किया जाएगा और ट्रस्ट द्वारा विधिवत् रूप से अधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा, ट्रस्ट की ओर से हस्ताक्षरित होगा । ऐसा प्रत्येक हस्ताक्षर, स्वहस्ताक्षरित होगा या किसी यांत्रिक विधि से लगाया गया होगा । जब तक यूनिट प्रमाणपत्र इस रूप में हस्ताक्षरित नहीं होगा, तब तक वह वैध नहीं होगा । इस रूप में हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाणपत्र वैध और बाध्यकारी होगा भले ही उसके जारी होने से पहले कोई व्यक्ति जिसका हस्ताक्षर उस पर है, ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत व्यक्ति न रहा हो ।

किन्तु यदि इस रूप में तैयार किए गए यूनिट प्रमाण पत्र में किसी प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर है जो प्रमाणपत्र जारी होने के समय मृत है तो ट्रस्ट किसी तरीके से जिसे वह सर्वोत्तम समझता है, प्रमाणपत्र पर विद्यमान उक्त व्यक्ति के हस्ताक्षर को निरस्त कर सकता है और उस पर किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर करवा सकता है । इस रूप में जारी यूनिट प्रमाणपत्र भी वैध होंगे ।

15. सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र का विनिमय और सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र के कट-फट जाने, विरूपित हो जाने, खो जाने आदि की स्थिति में प्रक्रिया :

सदस्यता सूचना

योजना और इसके अन्तर्गत बने प्लान में सदस्य उक्त प्रयोजनार्थ ऐसे नियमों/दिशा-निर्देशों/प्रक्रियाओं का पालन करेंगे और ऐसे दस्तावेजों का निष्पादन करेंगे, जो समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा बनाए जाएंगे/अपेक्षित होंगे ।

यूनिट प्रमाणपत्र

(1) यदि कोई यूनिट प्रमाणपत्र कट-फट जाता है या घिस-पिट या विरूपित हो जाता है तो ऐसे मामले में ट्रस्ट अपने विवेक के अनुसार स्वत्वाधिकारी व्यक्ति को एक नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी कर सकता है जिसके यूनिटों की कुल संख्या उतनी ही होगी जितनी कि कटे-फटे, विरूपित यूनिट प्रमाणपत्र की थी। यदि कोई यूनिट प्रमाणपत्र खो जाता है, चुराया जाता है या नष्ट हो जाता है तो ट्रस्ट अपने विवेक के अनुसार स्वत्वाधिकारी व्यक्ति को उसके बदले में नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा ।

कोई नया यूनिट प्रमाणपत्र तब तक जारी नहीं किया जाएगा जब तक आवेदक—

(1) मूल यूनिट प्रमाणपत्र के फट-फटे होने, टूटने, विरूपित होने, खो जाने, चुरा लिए जाने या नष्ट हो जाने के संतोष जनक साक्ष्य ट्रस्ट को प्रस्तुत नहीं करता ।

(2) तथ्यों को जांच के संबंध में सभी खर्चों का भुगतान नहीं करता ।

(3) फटे-फटे या घिसे-पिटे या विरूपित यूनिट प्रमाण-पत्र के मामले में), ट्रस्ट को ऐसे फटे-फटे, घिसे-पिटे या विरूपित यूनिट प्रमाणपत्र प्रस्तुत और अभ्यर्पित नहीं करता और

(4) ट्रस्ट को आवश्यक क्षतिपूर्ति बंध पत्र प्रस्तुत नहीं करता ।

इस खण्ड के प्रावधान के अंतर्गत ट्रस्ट सद्भावना के आधार पर उक्त प्रमाणपत्र जारी करने का उत्तरदायित्व नहीं लेगा ।

(2) इस खण्ड के प्रावधान के अंतर्गत कोई प्रमाणपत्र जारी करने के पहले ट्रस्ट आवेदक को जारी किए जाने वाले प्रत्येक यूनिट प्रमाणपत्र पर पांच रुपए का भुगतान करने के लिए कह सकता है । साथ ही ट्रस्ट के मतानुसार जिन्हीं प्रभारों या करों के लिए पर्याप्त धन राशि या डाक पंजीकरण खर्च सहित जो उक्त प्रमाणपत्र को जारी करने और प्रेषित करने के संबंध में देय हो, उसे भी जमा करेगा ।

उपरोक्त के बावजूद, योजना के अंतर्गत सदस्य को ऐसे नियमों/दिशानिर्देशों/प्रक्रियाओं का पालन करना होगा तथा ऐसे दस्तावेज निष्पादित करने होंगे जो समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा प्रतिपादित/अपेक्षित होंगे ।

15. सदस्यों की पंजी :

सदस्यों के पंजीकरण के संबंध में निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे :

(1) ट्रस्ट द्वारा सदस्यों की पंजी रखी जाएगी और अन्य बातों के साथ-साथ पंजी में निम्नलिखित दर्ज किए जाएंगे;

(क) सदस्यों के नाम और पते;

(ख) सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्रों की संख्या और हरेक ऐसे व्यक्ति द्वारा धारित यूनिटों की संख्या; और

(ग) जिस तिथि को ऐसा व्यक्ति अपने नाम के यूनिटों का धारक हो गया ।

(2) सदस्य की ओर से उसके नाम और पते के परिवर्तन की सूचना ट्रस्ट को दी जाएगी । ट्रस्ट ऐसे परिवर्तन से संतुष्ट होने पर और यथापेक्षित औपचारिकताएं पूरी करने पर तदनुसार पंजी में परिवर्तन करेगा । किसी अन्य व्यक्ति, जो मानसिक रूप से विकलांग हो, के लाभ के लिए यूनिटों हेतु आवेदन के रूप में होने वाले परिवर्तन की प्रविष्टि पंजी में तदनुसार की जाएगी ।

(3) केवल पंजी बंदी को छोड़कर, इसमें इसके बाद अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार कामकाज के समय यों दौरान (ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत समुचित प्रतिबंधों के साथ प्रत्येक कार्य दिवस को न्यूनतम दो घंटे के लिए पंजी के निरीक्षण की अनुमति दी जाएगी) सदस्य के निःशुल्क निरीक्षण के लिए पंजी खुली रहेगी ।

(4) ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित समय और अवधि के लिए पंजी बन्द रहेगी, लेकिन एक वर्ष में 45 दिन से अधिक समय के लिए बन्द नहीं रहेगी । ट्रस्ट समाचार पत्रों में या अन्य माध्यम से विज्ञापन द्वारा ऐसी बन्दी की सूचना देगा ।

(5) किसी यूनिट से संबंधित कोई स्पष्ट निहित और रख-नात्मक सूचना पंजी में दर्ज नहीं की जाएगी ।

17. पात्र संस्थाओं, नाबालिगों और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति आदि के लाभ के लिए किसी आवेदक का आवेदन और पंजीकरण :

(1) पात्र संस्थाएं निगमित निकाय और समितियां (सहकारी समितियों सहित) सदस्य के रूप में पंजीकृत की जाएगी ।

(2) कोई भी वयस्क, जो किसी नाबालिग का माता-पिता हो, सौतेला माता-पिता हो या विधिक अभिभावक हो, अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (2ए) के अनुसार और उपबंधित सीमा तक यूनिट रख सकता है और क्रय-विक्रय कर सकता है । अपेक्षानुसार ऐसा वयस्क ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से नाबालिग की उम्र और नाबालिग की ओर से यूनिट रखने तथा क्रय-विक्रय करने की क्षमता का प्रमाणपत्र ट्रस्ट के समक्ष पेश करेगा ।

आवेदन में ऐसे वयस्क द्वारा किये गये कथन के अनुसार बिना किसी अतिरिक्त प्रमाण के ट्रस्ट को कार्य करने का अधिकार होगा ।

(3) जहां किसी अन्य व्यक्ति, जो मानसिक रूप से विकलांग है, के लाभ के लिये किसी व्यक्ति द्वारा आवेदन किया जाए वहां ट्रस्ट प्रस्तुत कथन के आधार पर कार्य करेगा और ऐसा करने में यह समझा जाएगा कि ट्रस्ट सद्भावपूर्वक कार्य कर रहा है । ट्रस्ट को हक होगा कि वह केवल आवेदक के साथ व्यवहार करे और उसकी मृत्यु की स्थिति में सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिए वैकल्पिक आवेदक के साथ व्यवहार करे तथा उक्त आवेदक या वैकल्पिक आवेदक को ट्रस्ट द्वारा यूनिट के सम्बंध में किया गया भुगतान ट्रस्ट के लिए सही उन्मोचन माना जाएगा ।

(4) पात्र संस्थाओं, निगमित निकायों या समितियों से जब कभी अपेक्षा की जाएगी, उन्हें यूनिट में निवेश करने की आवेदक की क्षमता से संबंधित सभी दस्तावेज, जैसे संस्था के अंतर्नियम और बहिर्नियम उप-विधियां आदि प्रबंध निकाय द्वारा पारित संकल्प की प्राधिकृत प्रति और अपेक्षित मुख्तारनामा की प्रति ट्रस्ट के समक्ष पेश करनी होगी ।

18. ट्रस्ट के उन्मोचन करने के लिये सदस्य द्वारा रसीद :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के यूनिटों के संबंध में सदस्य को प्रदत्त राशि के लिये उसके द्वारा दी गई रसीद ट्रस्ट के प्रति अच्छा उन्मोचन होगा ।

19. सदस्यों द्वारा नामांकन :

(1) सदस्य विनियमों में उपबंधित सीमा तक नामांकन करने या निरस्त करने के अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं । हालांकि, यूनिटों के अंतरण की स्थिति में यह सुविधा अंतरिती को उपलब्ध नहीं होगी ।

(2) सदस्यों को, जो नाबालिग की ओर से माता-पिता हों या विधिक अभिभावक हों तथा पात्र संस्था, समिति निगमित निकाय और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिट हेतु आवेदन करने वाले आवेदक को नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा ।

रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार एनआरआई नामित किए जा सकते हैं ।

20. सदस्य की मृत्यु :

(1) यूनिट के संयुक्त सदस्यों में किसी एक की मृत्यु हो जाने पर ट्रस्ट द्वारा जीवित व्यक्ति को ही योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के यूनिटों के हकदार होने या उनके हिताधिकारी होने की मान्यता दी जाएगी ।

लेकिन इसमें अंतर्विष्ट कोई भी बात उक्त यूनिटों के संदर्भ में ऐसे जीवित व्यक्ति के विरुद्ध किसी अन्य व्यक्ति के किसी अधिकार को प्रभावित नहीं करेगी ।

(2) किसी एकल सदस्य की मृत्यु की स्थिति में नामिती को यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट द्वारा देय राशि के हकदार व्यक्ति के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जाएगी ।

(3) किसी एकल सदस्य द्वारा वैध नामांकन नहीं किये जाने की स्थिति में मृत व्यक्ति का निष्पादक या प्रशासक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 (1925 का 39) के भाग 10 के अंतर्गत जारी उत्तराधिकार प्रमाणपत्र का धारक ही वह व्यक्ति होगा, जिसे यूनिटों के हकदार के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जा सकती है ।

(4) किसी सदस्य/सदस्यों की मृत्यु के परिणामस्वरूप यूनिट के हकदार हो जाने वाले व्यक्ति को, ट्रस्ट द्वारा उसके हक के लिये पर्याप्त समझे गये साक्ष्य के प्रस्तुतीकरण के बाद तथा दावेदार द्वारा दावा संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मृत व्यक्ति के खाते में जमा सभी यूनिटों के पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा ।

(5) यदि एकमात्र नामिती/विधिक उत्तराधिकारी यूनिट रखने का पात्र है तो उक्त नामिती/विधिक उत्तराधिकारी को उसकी इच्छा के अनुसार मृत व्यक्ति के खाते में जमा सभी यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य प्राप्त करने के बदले उसको सदस्य के रूप में यूनिट रखने और पंजीकृत सदस्य के रूप में बने रहने की अनुमति दी जाएगी तथा जितने यूनिट वह रखना चाहेगा, न्यूनतम यूनिट रखने की शर्तों पर उतने यूनिटों का उल्लेख करते हुए उसके नाम से सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा ।

(6) जिस आवेदक ने मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिये यूनिटों हेतु आवेदन किया है, उसकी मृत्यु हो जाने की स्थिति में ट्रस्ट वैकल्पिक आवेदक के साथ व्यवहार करेगा, मानो वही आवेदक हो । इसके अलावा आवेदक या वैकल्पिक आवेदक की मृत्यु की स्थिति में, जैसे भी मामला हो, मौजूदा आवेदक अपने वैकल्पिक आवेदक के रूप में किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त करेगा ।

(7) अवरुद्ध अवधि में एकल सदस्य की मृत्यु की स्थिति में ट्रस्ट आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दावे का निपटान करेगा और संबंधित खण्ड में दिये गये ब्यौरे के अनुसार या ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत अन्य रीति से कानूनी वारिस/नामिती को भुगतान करेगा ।

21. आय वितरण :

सदस्य को मासिक आय विकल्प या संचयी विकल्प में भाग लेने के विकल्प का प्रयोग करने का अधिकार होगा । यह योजना में निवेश के समय किया जाएगा और एक बार दिया गया विकल्प अंतिम होगा । आवेदक द्वारा प्रयोग किए गए किसी निर्दिष्ट विकल्प के अभाव में उसे मासिक आय विकल्प समझा जाएगा ।

(1) मासिक आय विकल्प :

प्लान में लाभांश घोषित करने से पहले ट्रस्ट निवेशों पर मूल्यह्रास लगाएगा और अपने लेखा परीक्षकों की संतुष्टि करते हुए संदिग्ध एवं अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान भी करेगा और लेखों की टिप्पणियों में निवेशों के मूल्यांकन की पद्धति भी सूचित करेगा ।

ट्रस्ट न्यूनतम 15% प्रति वर्ष की दर से लक्षित लाभांश पहले वर्ष के लिए (30 सितम्बर 1997 तक) उत्तर दिनांकित मासिक वारंटों द्वारा अदा करने का प्रस्ताव करता है ।

निवेश उद्देश्यों और प्लान की प्रचलित नीतियों तथा लिखतों से अनुमानित लाभ, जिनमें योजना की निधियों का निवेश किया जाएगा, के आधार पर योजना को पहले वर्ष में निवेशकों के लिए 15% प्रति वर्ष की दर से न्यूनतम लक्षित लाभांश अदा करने के लिए पर्याप्त आय प्राप्त हो सकेगी । इस न्यूनतम लक्षित प्रतिलाभ को नियत आय वाले निवेशों के लिए प्रचलित दरों को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है जिनमें प्लान के अंतर्गत किए गए निवेशों का अधिकांश भाग लगाया जाएगा अर्थात

कार्पोरेट डिबेंचर 18%

प्रत्येक अनुवर्ती वर्ष के लिए लाभांश दर योजना की आय और संबंधित घटकों पर निर्भर करेगी और प्रत्येक वर्ष के मार्च माह तक घोषित की जाएगी और मासिक आधार पर अदा किया जाएगा । लाभांश दर घोषित किए जाने की तिथि से 42 दिनों के भीतर ट्रस्ट आय वितरण वारंट प्रेषित करेगा ।

(2) प्रत्येक माह के लिये आय वितरण अगले महीने के प्रारम्भ में देय होगा और पर्वभुगतान व्यवस्था के अंतर्गत ट्रस्ट द्वारा भुगतान ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट बैंक की शाखाओं पर सममूल्य पर देय आय वितरण वारंट या किसी विलेख के माध्यम से किया जाएगा ।

ऐसे यूनिट जिनकी बिक्री किसी महीने की 15 तारीख को या उसके पहले ट्रस्ट द्वारा स्वीकृत आवेदन के अंतर्गत की जा चुकी है पूरे महीने के आय वितरण के पात्र होंगे और जो यूनिट महीने की 15 तारीख के बाद बेचे गए हों वे उस आधे महीने के आय वितरण के पात्र होंगे ।

लाभांश की हकदारी निम्न रूप से होगी :

05-08-1996 से 15-08-1996—पूरे महीने का लाभांश
16-08-1996 से 31-08-1996—आधे महीने का लाभांश
01-09-1996 से 15-09-1996—पूरे महीने का लाभांश
16-09-1996 से 18-09-1996—आधे महीने का लाभांश

(3) निवेश की तिथि पर निर्भर करते हुए 31 दिसम्बर, 1996 तक की अवधि के लिए आय वितरण दिनांक 1 नवम्बर, 1996 के एक आय वितरण वारंट के द्वारा किया जाएगा और जनवरी 97 से मार्च 97 अवधि के लिए 3 उत्तर दिनांकित आय वितरण वारंट जारी किए जाएंगे । कर-कानूनों में हुए परिवर्तनों पर निर्भर करते हुए माह अप्रैल 97 से सितम्बर 97 के लिए आय वितरण वारंट माह मार्च/अप्रैल 97 में जारी किए जाएंगे । उसके बाद के वर्षों के लिए लाभांश की घोषणा और वारंटों का प्रेषण निम्नलिखित सारणी के अनुसार होगा :

अवधि	लाभांश की घोषणा	वारंटों का प्रेषण
01.10.1997 से 31.03.1998	मार्च 1997 तक	मार्च-अप्रैल 1997 तक
01.04.1998 से 31.03.1999	मार्च 1998 तक	मार्च-अप्रैल 1998 तक
01.04.1999 से 31.03.2000	मार्च 1999 तक	मार्च-अप्रैल 1999 तक
01.04.2000 से 31.03.2001	मार्च 2000 तक	मार्च-अप्रैल 2000 तक
01.04.2001 से 30.09.2001	मार्च 2001 तक	मार्च-अप्रैल 2001 तक

माह मार्च के लिए आय वितरण वारंट पर तारीख प्रत्येक वर्ष 31 मार्च होगी ।

(4) उप खण्ड (3) के उपबंधों के अधीन मासिक आधार पर आय वितरण के भुगतान के लिए वारन्ट सदस्य को अग्रिम रूप से भेजे जाएंगे ।

वारन्ट को इस प्रकार दिनांकित किया जाएगा कि सदस्य भुगतान के लिए परिपक्व होने पर प्रत्येक वारन्ट को भुना सके । हरेक वारन्ट तीन महीने के लिए वैध रहेगा ।

वैध अवधि पूरी होने के पहले सदस्य के पास कोई वारन्ट नहीं पहुंचने या उनके पुराने हो जाने की स्थिति में ट्रस्ट ब्याज का भुगतान करने के लिये बाध्य नहीं होगा ।

(5) पुनर्खरीद की स्थिति में जारी वारन्टों को अभ्यर्पित नहीं करने पर सदस्य अगले महीने देय और परिपक्वता तिथि को सदस्य की अभिरक्षा में शेष वारन्टों को भुनाने का हकदार होगा और ऐसे आय वितरण वारन्ट की राशि पुनर्खरीद की राशि में काट ली जाएगी ।

(6) सदस्य की मृत्यु की स्थिति में, यदि एकमात्र नामिति/विधिक उत्तराधिकारी यूनिट रखने का पात्र है और आगे भी यूनिट रखना चाहता है, तो ऐसा एकमात्र नामिति/विधिक उत्तराधिकारी आवश्यक सुधार के लिए भावी महीनों के अनभुनाए सभी वारन्ट वापस करने के लिए बाध्य होगा ।

तथापि आगे यूनिट रखने के इच्छुक नामिति/विधिक उत्तराधिकारी मृत सदस्य के पक्ष में पहले से जारी वारन्ट को सुधार करके नये प्रविष्ट सदस्य के पक्ष में करने में लगने वाले समय के लिए कोई ब्याज या मुआवजा प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा ।

(7) किसी आवेदक की मृत्यु की स्थिति में, जहां मानसिक रूप से विकलांग किसी व्यक्ति के लाभ के लिए आवेदक द्वारा आवेदन किया जाए, वहां वैकल्पिक आवेदक को आवश्यक सुधार के लिये भावी महीनों के न भनाए हुए सभी आय वितरण वारन्ट वापस करने होंगे । लेकिन, ऐसा वैकल्पिक आवेदक मृत आवेदक के पक्ष में पहले से जारी वारन्ट को सुधार करके नये प्रविष्ट आवेदक के पक्ष में करने में लगने वाले समय के लिये कोई ब्याज या और मुआवजा प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा ।

(8) पूर्ववर्ती उपखण्ड में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद यथास्थिति, संबंधी से पूर्व अनुमति लेकर तिमाही, छःमाही या वार्षिक आधार पर आय वितरण करने का, चाहे व्यय औचित्य सदस्यों के हित या अन्य परिस्थितियों के कारण ट्रस्ट के लिये ऐसा करना आवश्यक हो जाए, ट्रस्ट का अधिकार सुरक्षित रहेगा ।

ऐसी स्थिति में ट्रस्ट अंग्रेजी भाषा के दो प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन द्वारा सदस्यों को सूचित करेगा । ट्रस्ट द्वारा ऐसी सूचना देने के बाद किसी भी सदस्य को मासिक आधार पर आय वितरण का दावा करने का अधिकार नहीं होगा ।

(9) संबंधी विकल्प :

संबंधी विकल्प के अंतर्गत आय वितरण नहीं किया जाएगा । निवेश तिथि पर निर्भर करते हुए 30 सितम्बर, 1996 तक प्राप्त आय, तीन दशमलव स्थानों तक अतिरिक्त यूनिटों में परिवर्तित की जाएगी और सदस्यों को जारी किया जाएगा । 1 अक्तूबर, 1996 से अर्जित आय का पुनर्निवेश किया जाएगा और उसे शुद्ध आस्ति मूल्य में दर्शाया जाएगा ।

आय वितरण वारंटों के खो जाने/गलत स्थान पर पहुंचने के कारण उनके संभावित कपटपूर्ण नकदीकरण के विरुद्ध सावधानी के तौर पर आवेदकों से अनुरोध किया जाता है कि वे रिकार्ड के लिए आवेदन फार्म में उपयुक्त स्थान पर तथा पावती रसीद वाले भाग पर अपने बैंक खाते का पूरा विवरण (अर्थात खाते का प्रकार एवं खाता संख्या, बैंक का नाम) दें । तब आय वितरण वारन्ट इस प्रकार से निर्दिष्ट किए गए उनके खाते में जमा करने के लिए बैंक के पक्ष में तैयार कर उन्हें भेजे जाएंगे । सदस्य कथित बैंक में अपने खाते में जमा (क्रेडिट) करने हेतु उस आय वितरण वारन्ट को प्रस्तुत कर सकते हैं । यदि बैंक संबंधी पूरा विवरण नहीं दिया जाता है तो आय वितरण वारन्ट सदस्य के नाम से जारी किया जाएगा ।

अनिवासी भारतीय निवेशक को आय वितरण

प्लान के अंतर्गत लाभांश मुद्रा नियंत्रण विनियमों के अनुसार अदा किया जाएगा । आय वितरण वारंटों को प्राप्त करने के लिए एनआरआई निम्नलिखित में से किसी एक तरीके का चयन कर सकते हैं :

(1) वारंट निवेशक के नाम जारी किया जा सकता है तथा निवेशक के खाते में जमा करने के लिए उसके किसी

ऐसे रिश्तेदार को भेजा जा सकता है जो भारत का निवासी हो । अथवा

(2) ड्राफ्ट किसी ऐसे रिश्तेदार के नाम जारी किया जा सकता है जो भारत का निवासी हो तथा उसे भेजा जा सकता है ताकि वह अपने खाते में जमा कर सके ।

मासिक आय योजना 1996(3) [एमआईएस '96(3)] का ब्यौरा जारी

(3) इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन :

(क) शेयरों और डिबेंचरों में सूचीबद्ध निवेश जो मूल्यांकन की तारीख से तीन माह पहले तक उधृत न हुए हों तो उन्हें अनोधृत निवेश माना जाएगा ।

(ख) उधृत निवेशों के मामले में, मूल्यांकन दर मूल्यांकन की तारीख पर बाजार दर होगी या यदि मूल्यांकन की तारीख पर बाजार दर उपलब्ध न हो तो एकदम हाल की उपलब्ध दर होगी जो मूल्यांकन की तारीख से पूर्व तीन माह की अवधि के भीतर हो ।

(ग) निवेश के मूल्य में मूल्य वृद्धि/मूल्यह्रास निर्धारित करने के लिए निवेश की कुल लागत की तुलना कुल बाजार मूल्य के साथ की जाती है । निवेश का बाजार मूल्य निकालने के लिए :

(1) उधृत इक्विटी शेयर जिनमें अवरुद्ध अवधि वाले शेयर/अधिमान शेयर शामिल हों, को मूल्यांकन दर पर लिया जाता है ।

(2) उधृत डिबेंचर और बाण्ड मूल्यांकन दर पर लिए जाते हैं जिसमें संचयी ब्याज उधृत होने के मामले में पिछली ब्याज की नियत तारीख से उधृत होने की तारीख तक ब्याज तत्व के लिए घट्टाकृत किया जाता है ।

(3) उधृत वारंट मूल्यांकन दर पर लिए जाते हैं ।

(4) अनोधृत इक्विटी/अधिमान शेयर (जो सूचीबद्ध हैं किन्तु अनोधृत माने जाते हैं, के सहित) को लागत पर लिया जाता है ।

(5) अनोधृत डिबेंचरों और बाण्डों, प्रतिभूत अंतरणीय पत्रों और आस्तिजन्य अंतरणीय पत्रों का मूल्यन परिपक्वता प्रतिफल (वाईएमटी) आधार पर किया जाएगा।

(6) अनोधृत वारंट, संबंधित शेयरों के मूल्यांकन दर पर लिए जाते हैं जो लाभांश तत्वों के लिए तदनुसार यदि हो, तथा देय अर्जन लागत से कम हो । जहां देय अर्जन लागत, बाजार मूल्य से अधिक हो, ऐसे मामले में वारंट का मूल्य 'शून्य' लिया जाता है ।

(7) परिवर्तनीय डिबेंचर और बाण्ड जहां संविभक्त बाजार भाव उपलब्ध नहीं हैं वहां परिवर्तनीय भाग का बाजार मूल्य मूल्यांकन दर पर लिया जाता है जो संबंधित इक्विटी शेयर को लागू हो तथा लाभांश तत्व, यदि हो, के लिए समायोजित हो । ऐसे डिबेंचरों और बाण्डों के शेष अपरिवर्तनीय भाग को उपरोक्त (5) के अनुसार लिया जाता है । जहां डिबेंचरों और बाण्डों के परिवर्तनीय भाग के संदर्भ में परिवर्तन की शर्तों का विशेष रूप से उल्लेख न हो वहां उसे लागत पर लिया जाता है ।

(8) मुद्रा बाजार की बाध्यताओं को वही मूल्य पर लिया जाता है ।

(9) सरकारी प्रतिभूतियों/प्रमाणपत्रों का मूल्यन परिपक्वता प्रतिफल (वाईएमटी) आधार पर किया जाएगा ।

(10) जहां परिवर्तन की शर्तें ज्ञात हों, वहां शेयरों/डिबेंचरों के परिवर्तनीय भाग तथा बांडों के लिए राइट्स की हकदारी मूल्यांकन दर पर ली जाती है जो संबंधित इक्विटी शेयरों के लिए लागू हो तथा लाभांश तत्व, यदि हो, हेतु घट्टाकृत हो । ऐसे डिबेंचरों और बांडों के शेष अपरिवर्तनीय भाग को उपरोक्त (5) के अनुसार लिया जाता है ।

आस्तियों का मूल्यांकन, एनएवी, पुनर्खरीद मूल्य का अभिकलन तथा उनके प्रकटीकरण की आवृत्ति सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम के प्रावधानों/दिशानिर्देशों/समय-समय पर सेबी द्वारा जारी निदेशों के अनुसार होगी ।

4. शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का परिकलन और प्रकटीकरण :

योजना के अंतर्गत जारी यूनिटों के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के उपबंधों और उपबंधों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना की एनएवी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग दे कर किया जाएगा । योजना का एनएवी मासिक आय विकल्प और संचयी विकल्प के लिए अलग-अलग निर्धारित किया जाएगा । प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एनएवी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग दे कर किया जाएगा । इस एनएवी को (पूर्ववर्ती आधार पर) कम से कम 2 दैनिक समाचार पत्रों में प्रत्येक माह में एक बार प्रकाशित किया जाएगा या सेबी द्वारा अनुमोदित अंतराल में प्रकाशित किया जाएगा । आस्तियों के मूल्यांकन की विधि और शुद्ध आस्ति मूल्य का मूल्यांकन सेबी द्वारा यथासमय निर्धारित विनियमों और दिशानिर्देशों के अधीन होगा ।

पुनर्खरीद मूल्य यूनिटों के एनएवी आधारित मूल्य पर (पूर्ववर्ती आधार पर) होगा और प्रत्येक माह में एक बार प्रकाशित किया जाएगा ।

5. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ ट्रस्टों को स्वीकृति और मान्यता नहीं दिया जाना :

(1) जो व्यक्ति सदस्य के रूप में पंजीकृत है और जिसके नाम से सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया गया है, वही व्यक्ति ट्रस्ट द्वारा सदस्य के रूप में मान्य होगा और चूंकि ऐसे यूनिटों में उसका अधिकार, हक और हित है, इसलिए ट्रस्ट ऐसे सदस्य को उसके पूर्ण स्वामी के रूप में मान्यता देगा और इस योजना से संबंधित यूनिटों के हक को प्रभावित करने वाले किसी न्यास या इक्विटी या अन्य हित को मान्यता देने के लिए यहां स्पष्ट रूप से किए गए प्रावधान या किसी सक्षम प्राधिकार वाले न्यायालय के आदेश को छोड़ कर किसी विपरीत नोटिस या किसी न्यास के निष्पादन पर ध्यान देने के लिए बाध्य नहीं होगा ।

(2) जब कोई व्यक्ति, किसी अन्य व्यक्ति जो मानसिक रूप से विकलांग है, के लाभ के लिये आवेदन करता है और ट्रस्ट द्वारा उसे स्वीकार किया जाता है तो यह नहीं माना जाएगा कि ट्रस्ट ने किसी विश्वास को ध्यान में रखा है । ट्रस्ट योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के अंतर्गत सभी प्रयोजनों के लिए आवेदक या आवेदक की मृत्यु होने पर आवेदन पत्र में वैकल्पिक आवेदक के रूप में उल्लिखित व्यक्ति के साथ व्यवहार करेगा ।

6. यूनिटों का अंतरण/गिरवी रखा जाना/समनुदेशन :

इस योजना के अंतर्गत जारी यूनिट निम्नलिखित शर्तों के अधीन अंतरणीय/गिरवी रखे जाने योग्य/समनुदेशीय हैं :

(क) इस योजना के प्रावधानों के अनुसार जारी यूनिट प्रमाण-पत्र (सदस्य सूचना नहीं) परक्राम्य है और जैसा कि इस योजना के प्रावधानों के खण्ड 3 में उल्लेख किया गया है इसे व्यक्तिगत, व्यक्त या अन्य श्रेणियों को अंतरित किया जा सकता है ।

(ख) यूनिटधारण करने की क्षमता रखनेवाले अंतरणकर्ता और अंतरिती के द्वारा और बीच अंतरण प्रभावकारी होगा । किसी अन्य अंतरण को मान्यता देने के लिए ट्रस्ट बाध्य नहीं होगा ।

(ग) संबंधित यूनिट प्रमाणपत्रों के साथ अंतरण दस्तावेज और अंतरण माह सहित और तक अनभुनाए, गए वारंट (मासिक आय विकल्प के मामले में) तथा योजना द्वारा समय-समय पर निर्धारित शुल्क इस कार्य हेतु नियुक्त किए गए रजिस्ट्रार के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकते हैं ।

(घ) ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत या कार्यालय द्वारा स्वीकृत अंतरण नजदीक के रजिस्ट्रार के कार्यालय में अग्रेषित किए जाएंगे ।

(ङ) प्रत्येक अंतरण लिखत पर अंतरणकर्ता तथा अंतरिती के हस्ताक्षर होंगे और रजिस्ट्रार द्वारा अंतरिती का नाम धारकों के रजिस्ट्रार में दाखिल करने तक अंतरण कर्ता को ही यूनिट का धारक समझा जाएगा ।

(च) अंतरणकर्ता के स्वत्वाधिकार या उसके यूनिटों का अंतरण करने के अधिकार के समर्थन में रजिस्ट्रार ऐसा कोई सबूत मांग सकते हैं जो उन्हें आवश्यक लगे ।

(छ) यदि यूनिट प्रमाणपत्र खो गया हो, चुरा लिया गया हो, नष्ट हो गया हो तो कुछ अपेक्षाओं, जिन्हें रजिस्ट्रार जरूरी समझें, को पूरा करने के बाद मूल यूनिट प्रमाणपत्र की प्रस्तुति के संबंध में रजिस्ट्रार छूट देंगे ।

(ज) यूनिटों के अंतरण का पंजीकरण होने पर अंतरण के सभी लिखत और यूनिट प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार के पास रहेंगे ।

(झ) अंतरण को मान्यता देने तथा पंजीकृत करने वाले रजिस्ट्रार, उक्त अंतरण एवं प्रमाणपत्रों तथा वारंटों को जारी करने के संबंध में देय प्रभारों की अदायगी तथा वसूली के बाद, मूल या नया यूनिट प्रमाणपत्र और आय वितरण वारंट (मासिक आय विकल्प के मामले में) अंतरिती को जारी करेंगे ।

(ञ) यदि कोई अंतरिती अधिकारिक क्षमता के कारण विधि के परिचालन से या गिरवी लागू होने पर अनुसूचित बैंक यूनिटों का धारक बन जाता है तो इच्छुक अंतरिती यूनिटों के धारण के लिए अन्यथा पात्र होने पर रजिस्ट्रार ऐसे साक्ष्य जिसे पर्याप्त समझे, के प्रस्तुतीकरण के अधीन अंतरण प्रभावी करेंगे ।

(ट) इसमें ऊपर उल्लिखित प्रावधानों के अधीन ट्रस्ट अंतरण को पंजीकृत करेगा और यूनिट प्रमाणपत्र डाकिस करने की तिथि से 30 दिनों के भीतर अंतरिती को लाभांश वारंट, यदि कोई हो, सहित यूनिट प्रमाणपत्र अंतरण संबंधी सभी लिखतों के साथ वापस करेगा।

7. निवेश उद्देश्य और नीतियां :

योजना का निवेश उद्देश्य और इसकी नीतियां मुख्यतः ग्राहक को नियमित मासिक आय उपलब्ध कराना तथा योजना की परिपक्वता पर ग्राहक की पूंजी में वृद्धि के लिए प्रयत्न करना भी है ।

योजना के अंतर्गत संग्रहीत निधियों का सभी प्रारंभिक परिचालन पूर्व और परिचालनगत खर्चों का प्रावधान करने के बाद योजना के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सामान्यतः निम्न रूप में निवेश किया जाएगा :

(1) निधियों का कम से कम 80% नियत आय प्रतिभूतियों में निवेश किया जाएगा । निवेश का जोखिम तत्व न्यून से मध्यम होगा ।

(2) निधियों का 20% इक्विटी, इक्विटी संबंधी लिखतों में निवेश किया जाएगा । जोखिम तत्व इक्विटी निवेश में उच्च होगा ।

पर्वोक्त के बावजद मद्रा बाजार लिखतों में निवेश का अनुपात इस संबंध में सेबी के दिशानिर्देशों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है ।

(3) सभी ऋण लिखत जिनमें योजना द्वारा निवेश किया जाना है उनके निवेश दर्जे का निर्धारण सीआरआईएस-आईएल/आईसीआरए/सीएआरई या समय-समय पर मान्यता प्राप्त किसी अन्य क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी द्वारा किया जाएगा बशर्ते यदि ऋण लिखत का निर्धारण नहीं किया गया हो, तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल से विशिष्ट अनुमोदन लिया जाएगा ।

(4) इस योजना द्वारा कोई सावधि ऋण नहीं दिये जाएंगे ।

(5) निजी रूप से नियोजित डिबेंचरों, प्रतिभूत ऋणों और अन्य अनोधत ऋण लिखतों के जरिए किया गया निवेश योजना की कुल आस्तियों के 40% से अधिक नहीं होगा ।

(6) एक योजना अपने निकाय का 5% से अधिक किसी एक कम्पनी के शेयरों में निवेश नहीं करेगी ।

(7) इस योजना सहित सभी योजनाओं की निधियों का 10% से अधिक किसी एक कम्पनी के शेयरों, डिबेंचरों अथवा अन्य प्रतिभूतियों में निवेश नहीं किया जाएगा ।

(8) इस योजना की निधियों सहित सभी योजनाओं की निधियों का 15% से अधिक किसी एक उद्योग के शेयरों, डिबेंचरों में निवेश नहीं किया जाएगा । बशर्ते यह प्रावधान उस योजना को लागू नहीं होगा जो एक अथवा अधिक विशिष्ट उद्योगों में निवेशों के लिए जारी की गई है और उस आशय की घोषणा पेशकश पत्र में की गई है ।

(9) इस योजना से दूसरी योजना/प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब—

(क) उधृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पाट आधार पर किए गए हों ।

(ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनमें ऐसे अंतरण किए जाते हैं ।

(ग) असूचीबद्ध या उधृत न किए गए निवेशों का अंतरण यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा ।

(10) यह योजना यूटीआई की किसी अन्य योजना/प्लान में निवेश नहीं करेगी अथवा उसे उधार नहीं देगी ।

(11) यह योजना अपने निवेशों के वित्तपोषण के लिए निधियां उधार नहीं लेगी ।

8. विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) में अंशदान :

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% ट्रस्ट के डीआरएफ में अंशदान के रूप में रखा जाएगा ।

डीआरएफ अंशदान आवर्ती व्यय का अंश होगा ।

ट्रस्ट ने इस निधि की स्थापना एक सामान्य निधि के रूप में 1983-84 में की थी ताकि ट्रस्ट नई योजनाओं को लागू करने के संबंध में अनुसंधान एवं विकास कार्यों को करने, नई पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अवधारणा के स्तर पर प्रवर्तन करने तथा उत्पादन एवं विकास से संबंधित ऐसे बहुत से अन्य कार्यों जो किसी विशेष योजना से जुड़े अथवा संबंधित न हों, पर होने वाले व्ययों को पूरा कर सके । इस निधि का उपयोग आर्थिक और पूंजी बाजार अनुसंधान, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण एवं बाजार अनुसंधान, मार्केटिंग और कार्पोरेट के छवि निर्माण संबंधी ऐसे प्रयासों जो किसी विशेष योजना से जुड़े हुए न हों तथा मानव संसाधन विकास संबंधी प्रयासों जिनका दीर्घकालिक प्रभाव हो और जो ट्रस्ट के भविष्य के कार्यकलापों से संबंधित हों के लिए भी किया जा सकता है ।

9. कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान :

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान के रूप में रखा जाएगा । ट्रस्ट ने कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट की स्थापना अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए की है जिसमें विपत्ति में सहायता, चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य सहायता अथवा इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं ।

10. लेखों का प्रकाशन :

ट्रस्ट प्रत्येक वर्ष 30 जून के बाद यथाशीघ्र बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से लेखों को प्रकाशित करेगा, जिसमें उस तिथि को समाप्त अवधि का योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के कार्यों का विवरण होगा । ट्रस्ट सेबी को विधिवत् रूप से परीक्षित तुलनपत्र सहित वार्षिक लेखों की प्रतियां और लाभ-हानि लेखा अपरीक्षित अर्ध वार्षिक लेखों और एनएवी में हुए उतार चढ़ाव का एक तिमाही विवरण और पिछली अवधि में हुए परिवर्तनों सहित तिमाही पोर्टफोलियो विवरण भेजेगा । ट्रस्ट निवेशकों को वह जानकारी देगा जो उनके निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के बारे में हो और जिनका सूचित किया जाना आवश्यक हो । ट्रस्ट, सदस्य से लिखित रूप में अनुरोध प्राप्त होने पर, उसे प्रकाशित लेखों और विवरणों की एक प्रति भेजेगा ।

सेबी द्वारा नियुक्त की गई विशेषज्ञ समिति ने सेबी को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है जो सेबी के विचाराधीन है । अत: सेबी द्वारा जारी विनियमों/दिशानिर्देशों पर निर्भर करते हुए शुल्क, व्यय और लेखा नीतियां परिवर्तन के अधीन होंगी ।

11. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन और संशोधन :

बोर्ड समय-समय पर इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और उसमें किये गये परिवर्धन/संशोधन की अधिसूचना सरकारी राजपत्र में की जाएगी । किसी संशोधन के मामले में सेबी का पूर्व अनुमोदन लिया जाएगा ।

12. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति :

(क) प्लान 30-09-2001 को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाएगा, सदस्यों के बकाया यूनिटों की पुनर्खरीद की जाएगी और सदस्यों को उनके यूनिटों के मूल्य की अदायगी उक्त अवधि के दौरान अंतिम पुनर्खरीद के लिए निर्धारित पुनर्खरीद मूल्य पर की जाएगी ।

निर्धारित अंतिम पुनर्खरीद मूल्य की प्राप्ति के अलावा बाद की किसी अवधि के लिए पुनर्खरीद मूल्य में वृद्धि या लाभांश के रूप में किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त लाभ उपचित नहीं होगा । फिर भी, ट्रस्ट सेबी की पूर्व अनुमति से इस योजना को 5 वर्षों से आगे बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है । ऐसी स्थिति में सदस्यों को विकल्प दिया जाएगा कि या तो वे यूनिटों को वापस ट्रस्ट को बेच दें अथवा इस योजना में बने रहें । ट्रस्ट द्वारा निवेशक को यह विकल्प भी दिया जा सकता है कि वह पुनर्खरीद की राशि को आरम्भ की गई अथवा उस समय परिचालन में रहने वाली किसी भी योजना में परिवर्तित कर सके ।

(ख) ट्रस्ट योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान को निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त कर सकता है :—

(1) प्लान के पांच वर्ष पूरे होने पर अर्थात् 30 सितम्बर, 2001 को अथवा 5 वर्ष के आगे ऐसी तारीख की समाप्ति पर जो ट्रस्ट द्वारा यथानिर्धारित हो ।

(2) कोई ऐसी घटना घटित होने पर जिससे ट्रस्ट की राय में योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति आवश्यक हो, या

(3) योजना के 75% सदस्यों द्वारा योजना को समाप्त करने का संकल्प पारित करने पर, या

(4) सदस्यों के हित में सेबी ऐसा करने के लिए निर्देश दे ।

(ग) जहां उपर्युक्त खण्ड (ख) के अनुसरण में योजना की समाप्ति की जाती है, तो ट्रस्ट को योजना को समाप्त करने वाले कारणों की सूचना, समापन के कम से कम एक सप्ताह पहले सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और बम्बई में एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में देनी होगी ।

(घ) योजना की समाप्ति संबंधी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से ट्रस्ट :—

(1) इस योजना से संबंधित कोई भी व्यावसायिक क्रिया-कलाप नहीं करेगा ।

(2) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों को उत्पन्न और रद्द करना बंद करेगा ।

(3) इस योजना में यूनिटों को जारी करना और यूनिटों का प्रतिदान भी बंद करेगा ।

(ङ) न्यासी मंडल सदस्यों की एक बैठक बुलाएगा जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवश्यक संकल्प पारित किया जाएगा और मतदान द्वारा न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा ।

(च) (1) न्यासी मंडल योजना से संबंधित आस्तियों को योजना के यूनिट धारकों के सर्वोत्तम हित में निपटाएगा ।

(2) ऊपर दिए गए खण्ड (च) (1) के अनुसार की गई बिक्री की राशि को पहले दृष्टान्त पर, योजना के अंतर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन के लिए उपयोग किया जाएगा जो उचित रूप से देय हों और ऐसी समाप्ति से संबंधित व्ययों को चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद समाप्ति का निर्णय ली गई तिथि को योजना की आस्तियों में यूनिट धारकों के हित के समानुपात में उन्हें शेष राशि का भुगतान किया जाएगा ।

(छ) समाप्ति पूरी होने पर, ट्रस्ट सेबी और यूनिट धारकों को समाप्ति के बारे में एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा जिसमें ऐसी परिस्थितियां जिनके कारण योजना समाप्त हुई, समाप्ति से पूर्व आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम, समाप्ति के लिए की गई योजना का व्यय, यूनिटधारकों को वितरण के लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियों के विवरण और योजना के लेखा परीक्षकों से प्राप्त एक प्रमाण पत्र भेजेगा ।

(ज) इसमें ऊपर दी गई किसी भी बात के बावजूद, संबंधी [म्यूचुअल फंड] विनियम 1993 के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के लिए लागू रहेंगे ।

(झ) खण्ड 12 (छ) में संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट हो जाती है कि योजना समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है तो योजना समाप्त हो जाएगी ।

(ञ) ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद के लिए अनुरोध पत्र के साथ सदस्यता सूचना/विधिवत रूप से उन्मोचित यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर और अन्य प्रक्रिया और परिचालन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने पर यथाशीघ्र पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा । सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र पुनर्खरीद के लिए प्राप्त अनुरोध पत्र और अन्य फार्म, यदि कोई हों, ट्रस्ट द्वारा रद्दकरण के लिए रख लिए जाएंगे ।

(ट) अनिवासी निवेशकों के मामले में पुनर्खरीद/परिपक्वता राशि निवेश के मूल पर निर्भर करते हुए निम्नानुसार विप्रेषित की जाएगी ।

(1) जब यूनिटों की खरीद विदेश से विप्रेषित विदेशी मुद्रा से की गई हो अथवा सदस्य की एफसीएनआर जमाओं की राशि से की गई हो अथवा सदस्य के भारत में स्थित अनिवासी (अन्य) खाते में धारित निधियों से की गई हो तो प्राप्तियां, सदस्य को विदेशी मुद्रा में विप्रेषित की जा सकती है ।

(2) जब यूनिटों की खरीद सदस्य के अनिवासी (सामान्य) खाते में धारित निधियों में की गई हो तो परिपक्वता चेक भारत में निवेशक के रिश्तेदार को प्रेषित किया जाएगा ।

13. उपबंधों के अर्थ निर्धारण का अधिकार :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध की व्याख्या में कोई संदेह उत्पन्न होने पर केवल अध्यक्ष और यदि उस समय कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो, तो कार्यपालक न्यासी को योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के उपबंधों के अर्थ निर्धारण का अधिकार होगा । ऐसा अर्थ किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला या योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की मूल संरचना के विपरीत नहीं होना चाहिए तथा ऐसा निर्णय निश्चायक, बाध्यकारी और अंतिम होगा ।

इसके अंतर्गत दिये योजना के प्रावधान और प्लान के प्रावधान, जैसे योजना में कहा गया है, एक दूसरे के साथ पढ़े जाएं ।

14. उपबंधों में ढील :

केवल अध्यक्ष और यदि कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो तो ट्रस्ट का कार्यपालक न्यासी कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से या योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के निर्बाध और सहज संचालन के लिए योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध में सेबी को सूचित करते हुए ढील दे सकता है, बशर्ते किसी सदस्य या सदस्य वर्ग के लिए ऐसा करना समीचीन हो ।

पेशकश दस्तावेज में कोई परिवर्तन सेबी के पूर्व अनुमोदन के बाद ही किया जाएगा ।

15. योजना और उसके अंतर्गत बना प्लान सदस्यों के लिये बाध्यकारी होगा :

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान की शर्तों के साथ समय-समय पर इनमें किये गये संशोधन और परिवर्तन प्रत्येक सदस्य और उसके माध्यम से दावा करने वाले हरेक अन्य व्यक्ति के लिये इस प्रकार बाध्यकारी होंगे, मानो वह इसके लिए सहमत हो कि योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी विपरीत बात के बावजूद ऐसा करने के लिये बाध्य हो ।

16. सदस्यों को लाभ

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान को समाप्ति के समय पूंजी, प्रारंभिक निधि और अधिकोष के संबंध में योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में उपचित सभी लाभ केवल उन्हीं सदस्यों को प्राप्त होंगे जो योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति तक पूरी अवधि के लिये यूनिट के धारक रहे हों।

स्रोत पर कर की कटौती :

निवासी

वर्तमान कराधान कानूनों के अनुसार धारा 194के के अधीन ट्रस्ट द्वारा इस प्लान के अंतर्गत व्यक्तिगत सदस्यों को देय आय पर 15% की दर से स्रोत पर आयकर की कटौती की जाएगी बशर्ते वित्तीय वर्ष के दौरान यह आय रु. 10,000/- से अधिक हो।

इसी प्रकार हिन्दू अविभक्त परिवारों (एचयूएफ) को देय आय से स्रोत पर 15% की दर से कर की कटौती की जाएगी यदि यह आय वित्तीय वर्ष के दौरान रु. 10,000/- से अधिक हो।

अनिवासी

वित्त अधिनियम, 1995 के अनुसार, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 196ए को अनिवासी भारतीय द्वारा यूटीआई की किसी भी योजना के यूनिटों के संदर्भ में प्राप्त आय पर 20% की दर से स्रोत पर कर की कटौती किए जाने हेतु प्रतिस्थापित कर दिया गया है जिन्हें उन्होंने अनिवासी (सामान्य) खाते से अदायगी करके अर्जित किया हो।

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, द्वारा जारी दिनांक 24 जनवरी, 1996 के परिपत्र सं. 734 एफ सं. 500/4/96-एफटीडी के अनुसार मॉरीशस में रहने वाले अनिवासी यूनिट धारकों को दोहरे कराधान से बचाव हेतु, जहां निधि का स्रोत एनआरओ है, स्रोत पर 15% की रियायती दर से कर कटौती की जाएगी।

कर कटौती नहीं :

निवासी

निवासी व्यक्ति और हिन्दू अविभक्त परिवार जो स्रोत पर कर की कटौती के बिना आय चाहते हैं उन्हें ट्रस्ट को लिखित रूप से निर्धारित फार्म सं. 15 एच पर दो प्रतियों में घोषणा प्रस्तुत करनी चाहिए और उसे इस आशय की निर्धारित रीति से सत्यापित किया जाना चाहिए कि उसकी गत वर्ष की अनुमानित कुल आय पर कर "शून्य" होगा।

स्रोत पर कर की कटौती नहीं करने संबंधी निर्धारित फार्म आवेदन पत्र के साथ तथा उत्तरवर्ती वर्षों के लिए आय वितरण वारंटों के भेजे जाने के कम से कम तीन माह पूर्व प्रस्तुत किए जाने चाहिए, ऐसा न करने पर प्रचलित कराधान कानूनों के अनुसार कर कटौती की जाएगी।

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 अथवा 12 अथवा 10(22) अथवा 10(22ए) अथवा 10(23) अथवा 10(23एए) अथवा 10(23सी) के अंतर्गत आने वाले पात्र ट्रस्टों द्वारा आवेदन पत्र में उपलब्ध कराए गए प्रोफार्मा में घोषणा किए जाने के आधार पर उनसे स्रोत पर कर की कटौती नहीं की जाएगी।

अनिवासी

अनिवासियों के मामले में, यदि यूनिटों की खरीद सीधे विदेशी मुद्रा के विप्रेषण के जरिए अथवा भारत में रखे गए अनिवासी (बाह्य) खाते के जरिए अथवा एफसीएनआर जमाओं की राशि से की गई है तो ऐसे यूनिटों से प्राप्त आय पूर्णतया आयकर से मुक्त है।

उपर्युक्त मामले में यूटीआई स्रोत पर कर की कटौती नहीं करेगा, भले ही लाभांश की राशि कितनी भी हो।

कर रियायतें

प्लान के अंतर्गत आय और पूंजी वृद्धि पर कराधान प्रचलित कर कानूनों के अधीन होगा। वर्तमान कराधान कानूनों के अनुसार "एमआईपी-96 (3)" सहित ट्रस्ट की सभी योजनाओं के अंतर्गत सभी निवासियों और अनिवासियों [यदि यूनिटों की खरीद अनिवासी (सामान्य) खाते से अदायगी के जरिए की गई हो] को यूनिटों से प्राप्त आय पर आयकर तथा लाभांश द्वारा व्यक्तियों एवं एचयूएफ को हुई आय कर आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80एल के अंतर्गत रु. 13,000/- तक की कुल सीमा तक आय से कटौती उपलब्ध होगी।

इस प्लान के अंतर्गत होने वाला कोई भी दीर्घावधि पूंजी अभिलाभ आयकर अधिनियम 1961 की धारा 48 और 112 में दिए गए निर्देशों के अधीन होगा।

इस प्लान के अंतर्गत यूनिटों में किए गए निवेश का मूल्य धन-कर से मुक्त है।

पात्र ट्रस्टों के लिए

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11(2)(बी) के अंतर्गत यूनिट स्वीकृत प्रतिभूतियां हैं। अतः यूनिटों में निवेश कर रहे पात्र ट्रस्ट आयकर अधिनियम की धारा 11 और 13 के अंतर्गत आय और निधि के लिए आवश्यक कर छूट के योग्य होंगे।

सदस्यों के अधिकार :

1. प्लान के अधीन सदस्यों का प्लान की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा प्लान द्वारा घोषित लाभांशों में समानुपातिक अधिकार है।
2. सदस्यों को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव रखती हो तथा सदस्यों को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे।
3. लाभांश की घोषणा किए जाने के 42 दिनों के भीतर सदस्य लाभांश वारण्ट प्रेषित किए जाने के हकदार हैं।
4. सदस्यों को "निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज" शीर्षक के अंतर्गत सूचीबद्ध किए गए सभी दस्तावेजों का निरीक्षण करने का अधिकार है।

अभिरक्षक

भारतीय स्टाकधारिता निगम के साथ 17 जनवरी 1994 को हुए करार के अनुसार हमारी सभी योजनाओं और प्लानों का

अभिरक्षक भारतीय स्टाकधारिता निगम है जिसका कार्यालय मित्तल कोर्ट, बी विंग, नरीमन पाइंट, मुम्बई-400021 में स्थित है ।

अभिरक्षकों से यह अपेक्षा है कि वे ट्रस्ट की योजनाओं/निधियों/प्लानों की सभी प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लें और उन्हें अपनी अभिरक्षा में रखें । अभिरक्षक प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी केवल ट्रस्ट के अनुदेशों के अनुसार और प्रतिफल प्राप्त करने पर ही करें । जब तक ट्रस्ट द्वारा अन्यथा निर्देश न दिया गया हो, अभिरक्षक, एजेंट के रूप में उसके द्वारा धारित प्रतिभूतियों, अन्य आस्तियों की बिक्री, खरीद, अंतरण एवं अन्य लेन-देन से संबंधित अभिरक्षा संबंधी सामान्य कार्यों का पालन करने के लिए सभी गैर विवेकाधीन एवं प्रक्रियात्मक कार्यों के लिए सामान्यतया प्राधिकृत होगा । अभिरक्षक सभी सूचनाएं, रिपोर्टें अथवा ट्रस्ट की योजनाओं/निधियों/प्लानों से संबंधित प्रतिभूतियों के वास्तविक रूप से सत्यापन एवं मिलान और लेखा परीक्षा के प्रयोजन हेतु ट्रस्ट अथवा ट्रस्ट के लेखा परीक्षकों द्वारा मांगा गया कोई भी स्पष्टीकरण उपलब्ध कराएंगे ।

लेखा परीक्षक

मैसर्स एस. के. कपूर एण्ड कं. 16/98, एलआईसी बिल्डिंग, दी माल, कानपुर-208001 और मैसर्स कल्याणीवाला एण्ड मिस्त्री, माणेकजी वाडीया बिल्डिंग, 127, महात्मा गांधी रोड, मुम्बई । योजना के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति आईडीबीआई द्वारा की जाती है, और ये प्रत्येक वर्ष बदले जाने के अधीन हैं ।

01–07–1995 से 30–04–1996 की अवधि के लिए निवेशकों की शिकायतें और जिनका निवारण किया गया

योजना	शिकायतों की संख्या			कुल प्राप्त शिकायतों से लंबित शिकायतों का प्रतिशत
	प्राप्त शिकायतें	जिनका निवारण किया गया	लंबित शिकायतें	
1	2	3	4	5
सीसीसीएफ	1433	1368	65	4.54%
सीजीजीएफ	13183	11604	579	4.75%
सीजीयूएस-91	1868	1840	28	1.50%
सीआरटीएस	134	128	6	4.48%
डीआईयूपी-93	195	162	33	16.92%
डीआईयूपी-95	37	29	8	21.62%
डीआईयूएस-90	1280	1263	17	1.33%
डीआईयूएस-91	826	814	12	1.45%
डीआईयूएस-92	868	863	5	0.58%
आईआईएसएफयूएस	3	2	1	33.33%
जीसीजीआई	366	347	19	5.19%
ग्रैंड मास्टर 93	259	247	12	4.63%
जीएमआईएस-91	1977	1860	117	5.92%
जीएमआईएस-92	931	858	73	7.84%
जीएमआईएस-92 (II)	719	694	25	3.48%
जीएमआईएस-बी-92	164	137	27	16.46%
जीएमआईएसबी-92 (II)	700	680	20	2.86%
जीयूपी-94	1307	1270	37	2.83%
एमईपी 91	2988	2934	54	1.81%
एमईपी 92	21367	20779	588	2.75%
एमईपी 93	2194	2150	44	2.01%
एमईपी 94	4005	3947	58	1.45%
एमईपी 95	26563	26481	82	0.31%
मास्टरगेन 92	19670	9721	9949	50.58%
मास्टर ग्रोथ 93	1395	1299	96	6.88%
एमआईपी 93	1593	1562	31	1.95%
एमआईपी 94(I)	1065	1044	21	1.97%
एमआईपी 94 (II)	1395	1367	28	2.01%
एमआईपी 94 (III)	3370	3303	67	1.99%
एमआईपी-95	352	337	15	4.26%

1	2	3	4	5
एम० आई० पी० 95(II)	276	232	44	15.44%
एम० आई पी० 95(III)	80	56	24	30.00%
एम० आई० एस० 90(I)	444	256	188	42.34%
एम० आई० एस० 90(II)	958	874	84	8.77%
एम० आई० एस० बी०-93	703	681	22	3.13%
एम० आई० एस० जी०-91	1319	1202	117	8.87%
मास्टर प्लस-91	5064	4579	485	9.58%
मास्टर शेयर-86	26061	17813	8248	31.65%
ओमनी प्लान	56	36	20	35.71%
पी० ई० एफ०	650	506	144	22.15%
आर० बी० पी०	2765	2688	77	2.78%
राजलक्ष्मी यूनिट प्लान	8069	7804	265	3.28%
वरिष्ठ नागरिक यूनिट प्लान	1306	1232	74	5.67%
यू० जी० एस०-2000	55795	55157	638	1.14%
यू० जी० एस०-5000	11902	11557	345	2.90%
यूलिप	10104	8936	1168	11.56%
यू० एस०-64	449045	438930	10115	2.25%
यू० एस-92	189	180	9	4.76%
यू एस-93	4	4	0	0.00%
कुल	685997	651813	34184	4.98%

शिकायत लंबित रहने के कारण :

(1) संग्रहण कर्ता बैंकों से आवेदन पत्र/निधियों का प्राप्त न होना ।

(2) आवेदन पत्र में निवेशक के पते, नाम और हस्ताक्षर सहित अपूर्ण विवरण ।

(3) निवेशक के पते में हुए परिवर्तन को सूचित नहीं किया जाना/अद्यतन नहीं किया जाना ।

(4) मार्ग में ही खो जाना ।

(5) डाक सेवा में विलंब ।

(6) अंतरण/मृत्यु दावों/पुनर्खरीद के मामलों में अपेक्षित दस्तावेजों का उपलब्ध नहीं कराया जाना ।

(7) शिकायतें भेजते समय अपूर्ण ब्यौरा ।

(8) कमीशन प्राप्त न होना/विलंब से प्राप्त होना ।

(9) पत्रों/दस्तावेजों का गलत कार्यालय/रजिस्ट्रार को भेजा जाना ।

सभी निवेशक अपनी शिकायतें निवेश संबंधी पूर्ण विवरण देते हुए संबंधित निवेशक संपर्क कक्ष को निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं :

पश्चिम अंचल : भारतीय यूनिट ट्रस्ट निवेशक संपर्क कक्ष, कामर्स सेंटर 1, 28वीं मंजिल, विश्व व्यापार केन्द्र, सी. डी. सामानी मार्ग, कफ परेड, मुम्बई-400005 ।

टेली : 2180172/2181600 ।

पूर्व अंचल : भारतीय यूनिट ट्रस्ट निवेशक संपर्क कक्ष, 2, फेयरली प्लेस, 2सरी मंजिल, कलकत्ता-700001 ।

टेली : 2434581 ।

दक्षिण अंचल : भारतीय यूनिट ट्रस्ट निवेशक संपर्क कक्ष, यूटीआई हाउस, 29, राजाजी सालै, मद्रास-600001 ।

टेली : 517101 विस्तारित : 360/364 ।

उत्तर अंचल : भारतीय यूनिट ट्रस्ट निवेशक संपर्क कक्ष, हेरल्ड हाउस, 2सरी मंजिल, 5क, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 ।

टेली : 3329860 ।

रजिस्ट्रार

यूटीआई निवेशक सेवा लि. को रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है ।

यह सुनिश्चित कर लिया गया है कि रजिस्ट्रार के पास आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग करने, समस्त्या प्रमाणपत्रों को निर्धारित समय के भीतर प्रेषित करने और निवेशक की शिकायतों को दूर करने जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की पर्याप्त क्षमता है ।

आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग और बिक्री की पश्चात सेवाएं रजिस्ट्रार की चार मुख्य शाखाओं द्वारा प्रदान की जाएंगी :

पश्चिम अंचल : प्लाट नं. 369, मरोल मरोशी रोड, मरोल मरोशी बस डिपो के समीप, विजय नगर, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400059 ।

पूर्व अंचल : 2, फेयरली प्लेस, पहली मंजिल, पोस्ट बॉक्स नं. 60, कलकत्ता-700001 ।

दक्षिण अंचल : जस्टिस बशीर अहमद सैयद बिल्डिंग, 45, दूसरी लाइन बीच, मद्रास-600001 ।

उत्तर अंचल : गुलाब भवन (रियर ब्लाक), 2सरी मंजिल, 6 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 ।

निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज

निम्नलिखित दस्तावेज निरीक्षण के लिए केन्द्रीय निवेशक संपर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, बेसमेंट द्वार नं. 1, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग, मुम्बई-400020 में उपलब्ध रहेंगे :

* यूटीआई अधिनियम
* सामान्य विनियम
* अभिरक्षक, रजिस्ट्रार और संग्रहणकर्ता बैंकों के साथ किए गए करार
* पेशकश दस्तावेज एमआईपी 96 (3) की प्रति

सारणी

क्रम सं०	प्लान	वार्षिक लाभांश प्रवाह देय मासिक	परिपक्वता पर पूंजी वृद्धि (%)		बोनस (%)	प्रवाह देय
			आय वांछित	वास्तविक		
1	2	3	4	5	6	
परिपक्व योजनायें						
1	एम० आई० एस०-1	12% प्र० व०	--	6	--	
2.	एम० आई० एस०-2	12% प्र० व०	--	7	--	
3.	एम० आई० एस०-3	12% प्र० व०	--	8	--	
4.	एम० आई० एस०-4	12% प्र० व०	--	8	--	
5.	एम० आई० एस-5	12% प्र० व०	--	10	--	
6.	एम० आई० एस०-6	12% प्र० व०	2	5.5	1.5	
7.	एम० आई० एस-7	12% प्र० व०	2	5	1.5	
8	एम० आई० एस०-8	12% प्र व०	2	7	1.5	
9	एम० आई० एस-9	12% प्र० व०	2	9	1.75	
10.	एम० आई० एस०-10	12% प्र० व०	2	9	2.00	
11.	एम० आई० एस-11	12% प्र० व०	2	11	2.25	
12.	एम० आई० एस-12	12% प्र० व०	2	28	2.25	
13.	एम० आई० एस०-13	12% प्र व०	2	40	3.00	
प्रस्तावित योजनायें						
14.	एम० आई० एस० जी० '90	12% प्र० व०	--	--	1%, प्रत्येक वर्ष की समाप्ति पर देय	
15.	एम० आई० एस० जी० '90 (II)	13% प्र० व०	--	--	2% 3 रे वर्ष की समाप्ति पर घोषित और अतिरिक्त 2% बोनस 5वें वर्ष की समाप्ति पर घोषित	
16.	एम आई० एस० जी० '90	13% प्र० व०	--	--	3%, 3 रे वर्ष की समाप्ति पर घोषित और अतिरिक्त 3% बोनस 5 वें वर्ष की समाप्ति पर देय ।	
17	जी० एम० आई० एस० '91	14.5% प्र० व० पहले 3 वर्षों के लिये और 15% प्र० व० अन्तिम 2 वर्षों के लिये	मासिक आय विकल्प के मामले में परिपक्वता पर न्यूनतम 2%	--	--	
18.	जी० एम० आई० एस०-'92	वही	वही	--	--	
19.	19. जी० एम० आई० एस० '92 (II)	वही	वही	--	--	
20.	जी० एम० आई० एस० बी' 92	वही	वही	--	2% बोनस लाभांश घोषित और परिपक्वता पर देय	

1	2	3	4	5	6
21.	जी० एम० आई० एस० बी० 92 (II)	14% प्र० व० पहले 2 वर्षों के लिये और 14.5% प्र० व० अन्तिम 3 वर्षों के लिये	मासिक आय विकल्प के मामले में परिपक्वता पर न्यूनतम 2% वही	—	2%, 3 रे वर्ष की समाप्ति पर घोषित और परिपक्वता पर देय
22.	एम० आई० एस० बी'93	14% प्र०व०	—	—	3 रे वर्ष की समाप्ति पर घोषित किया जाएगा और घोषणा के बाद दिया जायेगा
23.	एम० आई० पी०'93	13.5% प्र० व०	—		2 रे और 4 थे वर्ष की समाप्ति पर घोषित किया जा सकता है और परिपक्वता पर देय होगा।
24.	एम० आई० पी०'94	पहले 2 वर्षों के लिये अर्थात् फरवरी/96 तक 13% प्र० व० और मासिक आय विकल्प के अन्तर्गत 13.5 % प्र० व० की दर से और संचयी विकल्प के अन्तर्गत 1-3-96 से 28-2-98 के लिये 14 % प्र० व० की दर से	—	—	—
25	एम० आई० पी०'94 (II)	13%प्र० व० पहले 2 वर्षों के लिये मासिक आधार पर देय 14% प्र० व० अगले दो वर्षों के लिये मासिक आधार पर देय*	—	—	—
26.	एम० आई० पी०'94(III)	12% प्र० व० 1ले वर्ष के लिये और 13% प्र० व० 2 रे वर्ष के लिए*	—	—	—
27.	एम० आई० पी०'95	13% प्र० व० 1 ले व० के लिये 14 % प्र० व० दूसरे वर्ष के लिये*	—	—	—
28.	एम० आई० पी० '95 (II)	13.5 % प्र० व० 1 ले वर्ष के लिये और 14% प्र०व० दूसरे वर्ष के लिय	—	—	—
29.	एम० आई० पी० '95 (III)	14 %प्र० व० 1 ले वर्ष के लिये*		—	—
30.	एम० आई० पी० '96	14.5% प्र० व० 1ले वर्ष के लिये	—	—	—
31.	एम० आई० पी० '96 (II)	15% प्र० व० 1 ले वर्ष के लिये*	—	—	—

*बाद के वर्षों के लिये लाभांश दर पहले वर्ष की समाप्ति पर या उसके पहले घोषित की जायेगी।

यू० टी० आई० के पिछले पांच मासिक आय प्लानों का विवरण

प्लान	एम आई पी '95	एम आई पी '95 (II)	एम आई पी '95 (III)	एम आई पी '96	एम आई पी '96(II)
आरम्भ होने की तिथि	01-07-1995	01-09-1995	01-01-1996	01-05-1996	01-07-1996
समाप्ति की तिथि	03-06-2002	31-08-2000	31-12-2000	30-04-2001	30-06-2001
मासिक लाभांश	पहले वर्ष के लिये 13% प्र० व० और दूसरे वर्ष के लिये 14% प्र० व०	पहले वर्ष के लिये 13.5% प्र० व०	पहले वर्ष के लिये 14% प्र० व०	पहले वर्ष लिये 14.5% म० प्र०	पहले वले वर्ष के लिए प्र० व०
संचयी विकल्प					
संग्रह की गई राशि	रु. 537 करोड़	रु० 352 करोड़	रु. 374.39 करोड़	रु० 197.65 करोड़	*रु० 384.54 करोड़
आवेदन की पत्रों की संख्या	172290	147132	136875	69501	*142023

*दिनांक 30-06-1996 तक

पूर्ववर्ती आंकड़े

पूर्ववर्ती सांख्यिकी	1993–94									
	एमआईएस पूल	एमआईएसजी 90 पूल	जीएमआईएस पूल	एमआईएसबी 92 पूल	एमआईएसबी 93 पूल	एमआईएस पूल	एमआईएसजी 90 पूल	जीएमआईएस पूल	जीआईएसबी 92 पूल	
(क)	21976.66	52603.93	30351.93	7045.47	559.20	27496.13	51887.56	40810.07	13301.68	
(ख) व्यय (संदिग्ध आस्तियों के लिए प्रावधान सहित)	571.08	1135.13	1041.91	628.53	173.32	486.12	1274.92	979.94	434.66	
(ग) शुद्ध आय	21405.58	51468.52	29810.02	6416.94	385.88	27010.01	50612.64	39830.13	12867.02	
(घ) लाभांश	14652.92	43199.38	19278.95	5757.82	0.00	9562.46	47043.45	20441.40	8247.96	
(ङ) एम०ए०बी० (प्रति यूनिट)*										
वर्ष के प्रारंभ में	10.71	10.59	11.19	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	11.55	10.65	11.06	10.16	
वर्ष के अंत में	11.55	10.65	11.06	10.16	10.12	14.73	11.35	12.99	11.71	
(च) औसत मासिक शुद्ध आस्तियों में व्यय %	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	
(छ) पोर्ट फोलियो कुल बिक्री वर	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	
(ज) बाजार मूल्य										
उच्चतम	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	
न्यूनतम	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	
(झ) पुनर्खरीद मूल्य										
उच्चतम	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	
न्यूनतम	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	
(ञ) बिक्री मूल्य										
उच्चतम	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	
न्यूनतम	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	
(ट) अवधि की समाप्ति पर बाकी यूनिटों की संख्या (रु०,000 में)**	104969.69	347161.23	209470.04	62323.85	43104.70	50706.67	354292.41	208431.38	82286.03	

*गु०आ०मू० की गणना आरक्षित और पूल में निवेश की कुल अप्राप्त वृद्धि को ध्यान में रखते हुए की गई है।

**यूनिटों का अंकित मूल्य (अंक लाख में) दिया गया है। हालांकि सभी पूलों के अन्तर्गत प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य रु० 10/- है और इस प्रकार तदनुसार यूनिटों की संख्या की गणना की जाती है।

+चालू वर्ष के लिए लाभांशों की गणना की जाती है और उस सीमा तक प्रावधान किए जाते हैं।

1993–94										
एमआईएसबी 93 पूल	एमआईपी 94	एमआईपी 94 II	एमआईएस जी 90 पूल	जीएमआई एस पूल	जीएमआई एसबी 92 पूल	एमआईएस बी 93 पूल	एमआईपी 94	एमआईपी 94 (II)	एमआईपी 94 (III)	एमआईपी 95
13991.33	2443.14	198.33	50382.00	36865.00	15196.00	18030.00	5853.00	7227.00	3978.00	
957.44	286.01	175.07	1550.00	*1000.00	500.00	980.00	2583.00	2976.00	2057.00	13.00
13033.89	2187.13	23.26	−1117.00	5234.00	2642.00	−1820.00	−2548.00	−3890.00	−2779.00	−13.00
			+	+	+	+	+	+	+	+
11822.55	2106.70	0.00	47715.00	30361.00	12054.00	18870.00	5818.00	8141.00	4700.00	0.00
10.12	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	11.35	12.99	11.71	10.90	10.06	10.10	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
10.96	10.06	10.10	10.92	12.50	11.12	10.02	9.45	9.37	9.49	9.49
उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
133731.35	44552.45	38233.01	381368.00	205931.00	82116.00	133068.00	44552.46	61861.00	73500.00	16589.00

31/12/1995 को आय उन्मुख योजनाओं के पूर्ववर्ती आंकड़े

विवरण	एमआईएसजी '90*	जीएमआईएस*	जीएमआईएसबी '92*	एमआईएसबी '93*	एमआईपी '94	एमआईपी '94 (II)	एमआईजी 94' (III)	एमआईपी '95	एमआईपी '95 (II)	एमआईपी '95 (III)
(क) कुल आय	284.23	218.09	82.87	103.99	39.28	40.09	45.54	36.58	16.14	2.49
ख. व्यय (प्रावधानों सहित)	29.30	6.99	21.90	14.73	15.77	24.37	23.10	14.14	1.80	0.62
ग. कुल आय (क-ख)	254.93	209.10	60.97	89.26	23.51	15.63	22.44	22.44	14.34	1.87
घ. लाभांश	252.64	103.61	42.04	60.71	22.44	29.26	33.89	21.02	10.43	—
ङ. एन०ए०वी०										
†आरंभी	10.90	13.02	11.49	10.78	9.86	9.58	10.53	10.05	—	—
§अंतिम	10.65	12.87	11.65	10.73	8.89	9.35	9.25	9.90	10.13	11.43
च. पुनर्खरीद										
आरंभी	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
अंतिम	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
छ. औसत मासिक शुद्ध आस्तियों को व्यय (%)	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
ज. पोर्टफोलियो टर्नओवर दर	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
झ. बाजार मूल्य										
अधिकतम	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
न्यूनतम	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
ञ. बिक्री मूल्य										
अधिकतम	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
न्यूनतम	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
ट. यूनिटों की संख्या (लाख में)	36,195.34	20,283.91	8,121.04	13,247.75	4,401.50	6,154.68	7,365.59	5,581.94	3,238.25	2,820.99

*ये पूल योजनाएं हैं

†दिनांक 30-06-1995

§दिनांक 31-12-1995 को (अर्द्धवार्षिक लेखापरीक्षा में परिभाषाओं के अनुसार)

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

कार्पोरेट कार्यालय

13, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग (न्यू मरीन लाइन्स),

मुम्बई-400020, दूरध्वनि : 2068468

आंचलिक कार्यालय

पश्चिमी अंचल : केन्द्र-1, 28वीं मंजिल, विश्व व्यापार केन्द्र, कफ परेड, कोलाबा, मुम्बई-400005, दूरध्वनि-2181600/2181254, पूर्वी अंचल : 2 फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, कलकत्ता-700001 दूरध्वनि-2209391/2205322 दक्षिण अंचल : यूटीआई हाउस 29, राजाजी सालै, मद्रास-600001, दूरध्वनि-517101 उत्तरी अंचल : जीवन भारती, 13वीं मंजिल, टावर 2, कनाट सर्कस, नई दिल्ली-110001, दूरध्वनि-3329860/3329858 ।

पश्चिमी अंचल के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

मुम्बई मुख्य शाखा कार्यालय

केन्द्र-1, 29वीं मंजिल, विश्व व्यापार केन्द्र, कफ परेड, कोलाबा, मुम्बई-400005,

दूरध्वनि-2181600/2180057,

शाखाएं, जहां आवेदनपत्र जमा किए जा सकते हैं

अहमदाबाद : बी जे हाउस, दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल, आश्रम रोड, अहमदाबाद-380009, दूरध्वनि-6423-043 बड़ौदा : मेघधनुष, चौथी और पांचवीं मंजिल, ट्रान्सेक सर्कल, रेसकोर्स रोड, बड़ौदा-390015, दूरध्वनि-332481 भोपाल : पहली मंजिल, गंगाजमना कमर्शियल काम्प्लैक्स, प्लाट नं. 202, महाराणा प्रताप नगर, अंचल 1, स्कीम 13, हबीब गंज, भोपाल-462001, दूरध्वनि-558308 मुम्बई (1) यूनिट सं. 2, ब्लाक 'बी' जेवीपीडी शापिंग सेन्टर के सामने, गुलमोहर क्रास रोड नं. 9, अंधेरी (पश्चिम), मुम्बई-400049, दूरध्वनि-6201995 मुम्बई : (2) पर्सेपोलिस बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, आन्ध्र बैंक के ऊपर, सेक्टर 17, वाशी, नवी मुम्बई-400703, दूरध्वनि-7672607 मुम्बई : (3) लोटस कोर्ट बिल्डिंग, 196, जमशेदजी टाटा रोड, बैकबे रिक्लमेशन, मुम्बई-400020, दूरध्वनि-2850821/822, (मुम्बई मुख्य शाखा के लिए) मुम्बई : (4) श्रद्धा शापिंग आर्केड, पहली मंजिल, एस वी रोड, बोरिवली (पश्चिम), मुम्बई-400092, दूरध्वनि-8020521 मुम्बई : (5) सागर कोनांजा, पहली मंजिल, सोल लेन, घाटकोपर (पश्चिम), मुम्बई-400086, दूरध्वनि-516-2256, इन्दौर : सिटी सेंटर, दूसरी मंजिल, 570, एम जी रोड, इन्दौर-452001, दूरध्वनि-22796, कोल्हापुर : अयोध्या टावर्स, सी एस नं. 511 के एच-1/2, ई वार्ड, दाभोलकर कार्नर, स्टेशन रोड, कोल्हापुर-416001, दूरध्वनि-65-7315, नागपुर : श्री मोहिनी काम्प्लेक्स, तीसरी मंजिल, 345, सरदार वल्लभभाई पटेल रोड, (किंग्सवे), नागपुर-440001, दूरध्वनि-536893 नासिक : सारदा संकुल, दूसरी मंजिल, एम. जी. रोड, नासिक-422001, दूरध्वनि-72166 पणजी : ई. डी. सी. हाउस, भूतल, डा. ए बी मार्ग, पणजी, गोवा-403001, दूरध्वनि-222472 पुणे : सदाशिव विलास, तीसरी मंजिल, 1183 फर्ग्युसन कालेज रोड, शिवाजी नगर, पुणे-411005, दूरध्वनि-325954 राजकोट : लल्लूभाई सेंटर, चौथी मंजिल, लखाजी राज रोड, राजकोट-360001, दूरध्वनि : 35112 सूरत : सैफी बिल्डिंग, अब रोड, नानपुरा, सूरत-395001, दूरध्वनि-34550 ठाणे : यूटीआई हाउस, ठाणे पोस्ट कार्यालय के समीप, स्टेशन रोड, ठाणे (पश्चिम)-4000601, दूरध्वनि-5400905 ।

उत्तरी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले

शाखा कार्यालय

आगरा : भूतल, जीवन प्रकाश, संजय प्लेस, महात्मा गांधी रोड, आगरा-282002 दूरध्वनि-54408 इलाहाबाद : यूनाइटेड टावर्स, तीसरी मंजिल, 53, लीडर रोड, इलाहाबाद-211-003 दूरध्वनि-50521, अमृतसर : श्री द्वारकाधीश काम्प्लेक्स, दूसरी मंजिल, क्विन्स रोड, अमृतसर-143001, चंडीगढ़ : जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, सेक्टर 17-बी, चंडीगढ़-160017 दूरध्वनि-543683, देहरादून : दूसरी मंजिल 59/3, राजपुर रोड, देहरादून-248001, दूरध्वनि-26720, फरीदाबाद : बी-614-617 नेहरू ग्राउण्ड, एनआईटी, फरीदाबाद-121001, गाजियाबाद : 41 नवयुग मार्केट, सिघनी गेट के पास, गाजियाबाद-201001, जयपुर : आनन्द भवन, तीसरी मंजिल, संसार चन्द्र रोड, जयपुर-302001, दूरध्वनि : 365-212, कानपुर : 16/79ई, सिविल लाईन्स, कानपुर-208-001, दूरध्वनि-317278, लखनऊ : रिजेन्सी प्लाजा बिल्डिंग, 5, पार्क रोड, लखनऊ-226001, दूरध्वनि-232501, लुधियाना : सोढ़ी पैलेस, 455, दि माल, लुधियाना-141-001, दूरध्वनि-400373, नई दिल्ली : गुलाब भवन (पिछला ब्लाक), दूसरी मंजिल, 6, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरध्वनि-3318638/3319786, शिमला : 3, माल रोड, पहली मंजिल, (जानकीदास एण्ड कं. डिपार्टमेंट स्टोर के ऊपर), शिमला-171002, दूरध्वनि-4203, वाराणसी : पहली मंजिल, डी/58/2ए-1, भवानी मार्केट रथयात्रा, वाराणसी-221001, दूरध्वनि-54306/54262/54272 ।

दक्षिण अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले

शाखा कार्यालय

बंगलौर : विश्व व्यापार केन्द्र, चेंबर आफ कामर्स, कैम्पेगौडा रोड, बंगलौर-560009, दूरध्वनि-2263739 कोचीन : जीवन प्रकाश, पांचवीं मंजिल, एम जी रोड, एर्नाकुलम, कोचीन-682011, दूरध्वनि-362354, कोयम्बतूर : चेरन टावर्स, तीसरी मंजिल, 6/25, आर्ट्स कालेज रोड, कोयम्बतूर-641-018, दूरध्वनि-214973, हुबली : कालक्वीर्ट मेंशन, 4थी मंजिल, लैमिंग्टन रोड, हुबली-580020, दूरध्वनि-363963, हैदराबाद : पहली मंजिल, सुरभि आर्केड, 5-1-664, 665, 669, बैंक स्ट्रीट, हैदराबाद-500001, दूरध्वनि-511095 मद्रास : यू. टी. आई. हाउस, 29, राजाजी सलाई, मद्रास-600001, दूरध्वनि-517101/513695, मदुरै : नटेसलाल महोलिया मांग बिल्डिंग, 108, तिरुप्परन्कुन्रम रोड, मदुरै-625001, दूरध्वनि-38186, मंगलौर : सिद्धार्थ बिल्डिंग, पहली मंजिल, माल-मसा रोड, मंगलौर-575001, दूरध्वनि-426258, तिरुवनंतपुरम : स्वस्तिक सेंटर, तीसरी मंजिल, एम. जी. रोड, तिरुवनंतपुरम-695-001, दूरध्वनि-331415, त्रिची : 104, सलाई रोड, थोरैयूर, तिरुचिरापल्ली-620003 दूरध्वनि-27060, त्रिचूर 29/876/77 जैम पब्लिकेशन बिल्डिंग, कन्नामकुलम नेहरू-सार रोड, पारमेक मार्ग, त्रिचूर-680020, दूरध्वनि-331259,

विजयवाडा : 27-37-156, बन्दर रोड, मनोरमा होटल के सामने, विजयवाडा-520002, दूरध्वनि-74434, विशाखापट्टनम : रामा कॉम्प्लेक्स, तीसरी मंजिल, 47-15-6, स्टेशन रोड, द्वारका नगर, विशाखापट्टनम-530016, दूरध्वनि-548121 ।

पूर्वी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

भुवनेश्वर : आशा निवास, 246, लेवीस रोड, भुवनेश्वर-751014, दूरध्वनि-56141, कलकत्ता : 2 और 4, फेयरली प्लेस, कलकत्ता-700001, दूरध्वनि-2209391/2205322 दुर्गापुर : तीसरी एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, आसनसोल, दुर्गापुर विकास प्राधिकरण, सिटी सेन्टर, दुर्गापुर-713216, दूरध्वनि-4831, गुवाहाटी : जीवन दीप, एम एल नेहरू रोड, पानबाजार, गुवाहाटी-78001, दूरध्वनि-543131 जमशेदपुर : 1-ए, राम मंदिर प्ररसर, भूतल और दूसरी मंजिल, बिस्तुपुर, जमशेदपुर-831001, दूरध्वनि-425508, पटना : जीवन दीप बिल्डिंग, भूतल और पांचवीं मंजिल, एग्जिबिशन रोड, पटना-800001, दूरध्वनि-235001, सिलीगुड़ी : जीवन दीप, भूतल, गुरु नानक सारनी, सिलीगुड़ी-734401, दूरध्वनि-24671 ।

दिनांक 22 अक्तूबर 1996

सं. यूटी/डीबीडीएम/आर-160/एसपीडी-65/96-97—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 19 (1) (8) (सी) के अंतर्गत बनाया गया आस्थगित आय प्लान 1991 का पेशकश दस्तावेज जो आस्थगित आय यूनिट योजना 1991 से संबंधित है, 18 जुलाई, 1996 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया, इसको नीचे प्रकाशित किया जाता है ।

ए. जी. जोशी, महाप्रबंधक, व्यवसाय विकास एवं विपणन

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

आस्थगित आय प्लान 1991
पेशकश (आफर) दस्तावेज

आस्थगित आय प्लान 1991 भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 19 (1) (8) (सी) के अंतर्गत बनाया गया है जो कथित अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा बनाई गई यूनिट योजना, आस्थगित आय यूनिट योजना 1991 के संबंध में है ।

आस्थगित आय यूनिट योजना 1991 (डीआईयूएस 91) एक लोकप्रिय योजना है जो ऐसे निवेशकों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है जो बाद की तारीख में उनकी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक आय प्राप्त करने के लिए आरंभिक अवधि में प्रतीक्षा कर लेना चाहते हैं । योजना 1 सितम्बर 1996 को परिपक्व हो रही है । योजना ने निवेशकों को आस्थगित आय विकल्प के अंतर्गत 16.91% और संचयी विकल्प के अंतर्गत 18.01% वार्षिक प्रतिलाभ दिया है । इसके अच्छे कार्यनिष्पादन को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि इस योजना को 1 सितम्बर 1996 से आगे आबंटन की तिथि से और पांच वर्षों तक चलाया जाए । आगे चलाई गई योजना को "आस्थगित आय प्लान 1991" कहा जाएगा । योजना के विद्यमान निवेशक योजना में बने रह सकते हैं या अपने निवेश का मोचन कर सकते हैं । इस प्रयोजन से एक पृथक प्रेषण योजना के प्रत्येक विद्यमान निवेशक को भेजा जा चुका है । विद्यमान निवेशकों को पुनर्खरीद या जारी रखने के विकल्प का प्रयोग 10 सितम्बर 1996 तक करना होगा । यदि निवेशक से उसके विकल्प की सूचना 10 सितम्बर 1996 तक नहीं मिली तो पुनर्खरीद राशि उसे भेज दी जाएगी । योजना नयी बिक्री के लिए 19 सितम्बर 96 से 14 अक्तूबर 96 तक खुली रहेगी। तथापि रोल-ओवर का विकल्प चुनने वाले डीआईयूएस 91 के यूनिट धारकों के लिए स्वीकृति तिथि 1 सितम्बर 1996 होगी । रोल ओवर योजना में शामिल होने वाले नए निवेशकों और रोलओवर योजना में बने रहने वाले विद्यमान यूनिट धारकों को एक समान माना जाएगा ।

> प्लान के विवरण भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्यूच्युअल फंड) विनियम, 1993 के अनुसार तैयार किए गए हैं और जन साधारण के अभिदान हेतु पेश किए गए यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अननुमोदित किए गए हैं न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की यथार्थता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है ।

प्लान का उद्देश्य

यह एक आय उन्मुख प्लान है । प्लान का उद्देश्य तिमाही आधार पर आय प्रदान कर या दो वर्षों की प्रतीक्षा अवधि के बाद अधिक तिमाही आय प्रदान कर या 5 वर्षों की अवधि में आरंभिक निवेश में वृद्धि कर निवेशकों की आवश्यकताओं को पूरा करना है ।

विशिष्टताएं

* यह एक पांच वर्षीय प्लान है ।
* प्लान निवासी और अनिवासी वयस्क व्यक्तियों/एकल या अन्य किसी व्यक्ति के साथ संयुक्त/या उत्तरजीवी आधार पर/नाबालिगों/हिन्दू अविभक्त परिवारों/न्यासों/समितियों/पंजीकृत सहकारी समितियों/अलाभकारी कम्पनियों सहित निगमित निकायों (कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अंतर्गत) के लिए खुला है ।
* यूटीआई तिमाही आय विकल्प के अंतर्गत पहले वर्ष के लिए तिमाही के अंत में देय 15% प्र. व. की दर से (प्राप्ति 15.87% प्र. व.) न्यूनतम लक्षित लाभांश देने का प्रस्ताव करता है । बाद के वर्षों के लिए लाभांश पूर्व वर्षों की समाप्ति से पहले घोषित किया जाएगा ।
* आस्थगित आय विकल्प में तीसरे वर्ष में प्रत्येक तिमाही के आरंभ में 28% प्र. व. लाभांश अदा किया जाएगा । बाद के वर्षों के लिए लाभांश पूर्व वर्षों की समाप्ति से पहले घोषित किया जाएगा ।
* पूंजी वृद्धि विकल्प के अंतर्गत कोई आय वितरण

नहीं होगा । उत्पन्न आय का प्लान में ही विवेश कर दिया जाएगा और यह शुद्ध आस्ति मूल्य में परावर्तित होगा ।

* पुनर्खरीद की अनुमति दूसरे वर्ष से तीनों विकल्पों के अंतर्गत एनएवी आधारित पुनर्खरीद मूल्य पर लागत को घटाकर होगी । लागत प्रति यूनिट एनएवी के 5% से अधिक नहीं होगी ।

* निवेश का एक भाग इक्विटियों में होने से पूंजीवृद्धि की संभावना ।

* लाभांश आय और पूंजी वृद्धि से पूंजीगत लाभ पर आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 एल और धारा 48 तथा 112 के अंतर्गत कर लाभ ।

जोखिम के तत्व

* प्लान के यूनिटों में निवेशों पर बाजार का जोखिम होता है और प्लान का शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) प्लान के पोर्टफोलियो पर बाजार की शक्तियों के प्रभाव पर निर्भर रहते हुए ऊपर या नीचे जा सकता है ।

* यदि पहले वर्ष में तिमाही आय विकल्प में सदस्यों को 15% प्र. व. और आस्थगित आय विकल्प में तीसरे वर्ष में 28% प्र. व. का न्यूनतम लक्षित प्रति-लाभ देने के लिए वास्तविक आय पर्याप्त न हो तो सदस्यों को उस सीमा तक यूनिट पूंजी का घाटा उठाना पड़ सकता है ।

* डी आई यू एस 91 का कार्यनिष्पादन अपरिहार्य रूप से भावी परिणामों का द्योतक नहीं है । रोल ओवर प्लान के लक्ष्यों की प्राप्ति का कोई आसवासन नहीं दिया जा सकता है ।

* आस्थगित आय प्लान 1991 केवल प्लान का नाम है और यह किसी भी प्रकार से प्लान की गुणवत्ता का संकेत नहीं होता है । निवेशकों से आग्रह किया जाता है कि इस प्लान में निवेश करने से पहले पेशकश की शर्तों का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर लें ।

प्रबंधन के विचार से जोखिम के तत्व

ट्रस्ट 32 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत है और इसने 48 मिलियन से अधिक निवेशकों से लगभग 56,800 करोड़ रुपये की निधियों के प्रबंधन में निपुणता हासिल की है ।

ट्रस्ट के अब तक शुरू किए गए पांच आस्थगित आय योजनाओं/प्लानों के कार्यनिष्पादन नीचे दी गई तालिका में दर्शाये गए हैं :

क्रम संख्या	योजना/प्लान	आस्थगित आय विकल्प में तिमाही लाभांश					परिपक्वता पर देय बोनस लाभांश	परिपक्वता पर पूंजी वृद्धि	प्राप्ति
		3 रे वर्ष	4 थे वर्ष	5वें वर्ष	6 वें वर्ष	7 वें वर्ष			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
(1)	डी० आई० यू० एस 90								
	3 वर्षीय प्लान	18%	24%	30%	—	—	5%	30%	17.86%
	7 वर्षीय प्लान	—	24%	24%	30%	30%	7.5%	@	14.20%
(2)	डी० आई० यू० एस० 91								
	आस्थगित विकल्प	18%	24%	30%	—	—	5%* 6%* 6%†	10.3%	16.91%
	संचयी विकल्प	—	—	—	—	—	2.5%* 3%† 3†	10.3%	18.01%
(3)	डी० आई० यू० एस० 92								
	आस्थगित विकल्प	28%	28%	28%				@	15.70%
	संचयी विकल्प	परिपक्वता पर रु० 2000/— रु० 4200/— हो जायेंगे						@	16.00%
(4)	डी० आई० यू० एस० 93								
	आस्थगित विकल्प	28%	28%	28%	—	—	—	@	15.19%
	संचयी विकल्प	परिपक्वता पर रु० 2000/— रु० 4075/— हो जायेंगे ।						@	15.29%
(5)	डी० आई० पी० 95	26%	$	$					

* योजना में आश्वासन न होते हुए भी 9-8-93 को अंतरिम बोनस लाभांश घोषित ।

** बोनस लाभांश घोषित करने के लिए योजना के प्रावधान के अनुसार तीसरे वर्ष की समाप्ति पर बोनस लाभांश 16-08-94 को घोषित ।

† बोनस लाभांश घोषित करने के लिए योजना के प्रावधान के अनुसार चौथे वर्ष की समाप्ति पर बोनस लाभांश 16-08-94 को घोषित ।

‡‡ विकल्प के अंतर्गत बोनस लाभांश का आश्वासन न होते हुए भी 3रे और 4थे वर्ष की समाप्ति पर बोनस लाभांश घोषित ।

$ पूर्ववर्ती वर्ष की समाप्ति से पहले लाभांश घोषित किया जाएगा और तिमाही आधार पर अदा किया जाएगा ।

@ विकल्प के अंतर्गत बोनस लाभांश का आश्वासन न होते

यूटीआई की स्थापना

यूटीआई अधिनियम, 1963 के अंतर्गत सांविधिक निकाय के रूप में भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना की गई थी जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश का प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबंधन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होने वाली आय, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता थी । ट्रस्ट ने 1 जुलाई 1964 से काम करना आरंभ किया था ।

यूटीआई का प्रबंधन

ट्रस्ट के कार्य एवं व्यवसाय का प्रबंधन न्यासी मंडल में निहित है जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है । बोर्ड के अलावा एक सांविधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी शामिल हैं । यह समिति मंडल की कार्यक्षमता के अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले पर विचार करने के लिए सक्षम है ।

न्यासी मंडल

1. श्री जगदीश कपूर—अध्यक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट ।

2. डा पी जे नायक—कार्यपालक न्यासी, भारतीय यूनिट ट्रस्ट ।

3. श्री आर वी गुप्ता—उप गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक ।

4. श्री एस. एच. खान—अध्यक्ष, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ।

5. श्री एन. एस. सेखसरिया—प्रबंध निदेशक, गुजरात अंबुजा सिमेंट लि. ।

6. डा. अरविंद वीरमणि—सलाहकार, नीति निर्धारण, भारत सरकार आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय ।

7. श्री पी. आर. खन्ना—सनदी लेखाकार ।

8. श्री एन. एम. गोवर्धन—अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम ।

9. श्री पी. जी. काकोडकर—अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक ।

10. श्री एन. वाघुल—अध्यक्ष, आई सी आई सी आई लि. ।

11. श्री जे. वी. शेट्टी—अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, केनरा बैंक ।

आस्थगित आय यूनिट योजना 1991 (डीआईयूएस'91) का ब्यौरा

1. संक्षिप्त शीर्षक और योजना का आरम्भ :

(1) योजना आस्थगित आय यूनिट योजना 1991 (डीआईयू-एस' 91) कहा जाएगी ।

(2) यह योजना पांच वर्षों के लिए अर्थात् 15 अक्तूबर 1996 से 14 अक्तूबर 2001 तक की अवधि के लिए होगी ।

योजना के अंतर्गत तीन विकल्प होंगे । 1 (तिमाही आय) के अंतर्गत पहले वर्ष के लिए प्रत्येक तिमाही के अंत में 15% प्र. व. की दर से लाभांश दिया जाएगा ।

2 (आस्थगित आय) के अंतर्गत पहले दो वर्षों के लिए कोई लाभांश नहीं दिया जाएगा । प्रतीक्षा अवधि के बाद बाकी बचे वर्षों के लिए बढ़ी हुई दर से लाभांश दिया जाएगा । तीसरे वर्ष के लिए 28% प्र. व. की दर से न्यूनतम लक्षित लाभांश हर तिमाही के शुरू में दिया जाएगा ।

3 (पूंजी वृद्धि) के अंतर्गत कोई आय वितरण नहीं होगा । अर्जित आय का पुनः निवेश किया जाएगा और यह वृद्धि आस्ति मूल्य में प्रतिबिंबित होगी ।

(3) यूनिटों की बिक्री 19 सितम्बर 1996 से 14 अक्तूबर 1996 तक 26 दिनों के लिए होगी ।

बशर्ते यूनिट ट्रस्ट के न्यासी मंडल की कार्यकारिणी समिति/अध्यक्ष किसी भी समय युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थितियां उत्पन्न होने पर, स्टाक एक्सचेंज में व्यवसाय न होने पर या अन्य सामाजिक आर्थिक कारण होने पर अखबारों में 7 दिनों की नोटिस देने के बाद या ऐसी पद्धति से जैसा ट्रस्ट द्वारा निश्चय किया जाए, योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री स्थगित कर सकते हैं ।

2. परिभाषाएं :

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) "स्वीकृति तिथि" का अर्थ ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट को प्रेषित आवेदन पत्र के संदर्भ में वह तिथि है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और उसे स्वीकार करता है;

(ख) "अधिनियम" का तात्पर्य भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) से है;

(ग) ''वैकल्पिक आवेदक'' का अर्थ नाबालिग के मामले में माता-पिता के अलावा उस माता-पिता से है जिन्होंने नाबालिग की ओर से आवेदन किया हो।

(घ) ''आवेदक'' का अर्थ है वह व्यक्ति जो योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान में शामिल होने के लिए पात्र है, जो आवश्यक नहीं है और प्लान के खंड 3 के अंतर्गत आवेदन करता है।

(ङ) ''पात्र संस्था'' का अर्थ भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 में यथापरिभाषित कोई पात्र ट्रस्ट है।

(च) योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में ''सदस्य'' के रूप में प्रयुक्त अभिव्यक्ति का अर्थ और इसमें शामिल उस आवेदक से है जिसे इस योजना में यूनिट आवंटित किए गए हों।

(छ) ''अनिवासी भारतीय (एनआरआई)'' का तात्पर्य भारतीय राष्ट्रीयता/मूल के अनिवासियों से है। जैसा कि मूलतः अधिनियमित भारत सरकार अधिनियम, 1935 में परिभाषित है, किसी भी व्यक्ति को ''भारतीय मूल का व्यक्ति'' माना जाएगा यदि वह या उसके माता-पिता या पितामह-पितामही में से कोई भी, श्रेणी अथवा पर्वज के रूप में कितना ही बड़ा क्यों न हो, चाहे पितृपक्ष से हो या मातृ पक्ष से हो, भारत में जन्मा हो/जन्मी हो।

(ज) ''जारी समझे जाने वाले यूनिटों की संख्या'' का अर्थ बेचे गए और बकाया यूनिटों की कुल संख्या है।

(झ) ''विदेशी निगमित निकाय'' (ओसीबी) के अंतर्गत विदेशी कम्पनियां, भागीदार फर्में, समितियां और अन्य निगमित निकाय जिनका कम से कम 60% तक की सीमा का स्वामित्व प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारत के बाहर रहने वाले भारतीय राष्ट्रीयता अथवा मूल के व्यक्तियों का हो तथा विदेशी ट्रस्ट जिनमें कम से कम 60% लाभकारी हित अप्रतिसंहरणीय रूप से ऐसे व्यक्तियों द्वारा धारित हो, शामिल है।

(ञ) ''व्यक्ति'' में ऊपर यथापरिभाषित पात्र संस्था शामिल है।

(ट) ''मान्यताप्राप्त शेयर बाजार'' का अर्थ वह शेयर बाजार है, जिसे फिलहाल प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42) के अंतर्गत मान्यताप्राप्त है।

(ठ) ''रजिस्ट्रार'' का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जिसकी सेवाएं ट्रस्ट द्वारा योजना के अंतर्गत समय-समय पर रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिए ली जा सकें।

(ड) ''विनियमावली'' का अर्थ अधिनियम की धारा 43 (1) के अंतर्गत बनी भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 है।

(ढ) ''सेबी'' का अर्थ है भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम 1992 (1992 का 15) के अंतर्गत बनाया गया भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड।

(ण) ''समिति'' का अर्थ समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत स्थापित समिति या फिलहाल प्रवृत्त राज्य या केन्द्रीय विधि के अंतर्गत स्थापित अन्य कोई समिति है।

(त) ''यूनिट'' का अर्थ यूनिट पूंजी में दस रुपए के अंकित मूल्य का एक अविभक्त शेयर है।

(थ) यूनिट पूंजी का तात्पर्य फिलहाल यूनिट योजना के अंतर्गत निर्गत और शेष यूनिटों के अंकित मूल्य के योग से है।

(द) ''यूनिट ट्रस्ट'' या ''ट्रस्ट'' का तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट से है।

(ध) इसमें अपरिभाषित लेकिन अधिनियम/विनियमावली में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम विनियमावली में दिए गए हैं।

(न) एक वचन वाले शब्दों में बहुवचन शामिल हैं और सभी पुल्लिंग संदर्भों में स्त्रीलिंग तथा एक में दूसरे के विपर्यय शामिल हैं।

योजना के अन्य उपबंध पृष्ठ सं. 13 से पृष्ठ सं. 20 तक दिए गए हैं।

आस्थगित आय यूनिट योजना 1991 के अंतर्गत बनाए गए आस्थगित आय प्लान 1991 (डीआईपी' 91) के उपबंध यहां नीचे दिए जाते हैं।

1. परिभाषाएं :

शब्द (जो) प्लान में परिभाषित नहीं किया गया है तथा योजना और अधिनियम/विनियमों में परिभाषित किया गया है उनके अपने-अपने अर्थ योजना/अधिनियम/विनियमों में दिए गए अर्थ हैं।

2. प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य :

इस योजना के अंतर्गत जारी प्रत्येक यूनिट का मूल्य दस रुपए होगा।

3. यूनिटों के लिए आवेदन :

(1) यूनिटों के लिए आवेदन निवासियों और अनिवासियों द्वारा भी किए जा सकते हैं।

निवासी :

(क) व्यक्ति, एकल या अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त/कोई एक या उत्तरजीवी आधार पर।

(ख) नाबालिग निवासी की ओर से माता-पिता, सौतेले माता-पिता या अन्य विधिक अभिभावक। नाबालिग और नाबालिग संयुक्त रूप से आवेदन नहीं कर सकता।

(ग) योजना में यथापरिभाषित पात्र संस्था जिनमें अप्रतिसंहरणीय और निजी द्वारा निर्मित निजी ट्रस्ट शामिल है।

(घ) योजना में यथापरिभाषित कोई समिति ।

(ङ) पंजीकृत सहकारी समिति ।

(च) कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अंतर्गत निर्मित कम्पनी सहित अन्य निगमित निकाय ।

(छ) हिन्दू अविभक्त परिवार ।

अनिवासियों द्वारा पूर्णतया प्रत्यावर्तनीय आधार पर :

(क) अनिवासी व्यस्क व्यक्ति या तो एकल या अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त/कोई एक या उत्तरजीवी आधार पर ।

(ख) नाबालिग अनिवासी की ओर से माता-पिता/सौतेले माता-पिता/विधिक अभिभावक ।

(ग) अनिवासी हिन्दू अविभक्त परिवार ।

(घ) अनिवासी कम्पनी/विदेशी निगमित निकाय जिनमें अनिवासी भारतीयों का स्वत्वाधिकार कम से कम 60% तक हो ।

(2) आवेदन ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा अनुमोदित फार्म में किए जाएंगे ।

4. न्यूनतम निवेश राशि :

आवेदन न्यूनतम 200 यूनिटों अर्थात रुपया 2000/- के लिए किया जाएगा । कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी । जो निवेश रुपया 10/- के गुणकों में न हों, उनसे [illegible] के बाद तीन दिनों तक [illegible] में [illegible] किया जाएंगे । रुपया 50,000/- और उससे अधिक निवेश के मामले में, निवेशक को सलाह दी जाती है कि यदि उसका आयकर पीएएन/जीआईआर संख्या है तो वह उसे तथा संबंधित आयकर सर्किल के पते का उल्लेख करें ।

5. खर्चों पर सीमा

निर्गम के आरम्भिक खर्च प्लान के अंतर्गत एकत्र निधि के 6% से अधिक नहीं होंगे । प्लान के प्रारम्भिक निर्गम खर्चों का अनुमान निम्नानुसार है :

व्यय	%
मुद्रण और डाक	1.50
प्रचार और मार्केटिंग	1.75
एजेंटों को कमीशन	1.50
रजिस्ट्रारों को प्रभार	0.50
बैंक प्रभार	0.25
स्टाम्प शुल्क और अभिरक्षण शुल्क	0.50
योग	6.00

इस प्रकार किसी निवेशक द्वारा निवेश किया गया प्रत्येक रुपये का कम से कम 94 पैसे का प्लान में निवेश किया जाएगा ।

आरंभिक निर्गम व्ययों के अतिरिक्त आवर्ती आधार पर प्लान का निम्नलिखित व्यय होगा जो किसी भी लेखा वर्ष के दौरान औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्ति मूल्य के 3% से अधिक नहीं होगा । अनुमानित आवर्ती व्यय निम्नानुसार है :

व्यय	%
प्रशासनिक व्यय	1.00
अभिरक्षण शुल्क	0.50
विकास प्रारक्षित निधि	0.10
कर्मचारी कल्याण न्यास	0.10
रजिस्ट्रारों के लिए शुल्क	0.50
विविध	0.80
योग	3.00

उपरोक्त व्यय अनुमानित हैं और वास्तविक रूप से किए गए व्ययों में परस्पर परिवर्तित किए जाने के अधीन हैं । फिर भी, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1993 के अनुसार कुल आरंभिक निर्गम व्ययों के रूप में कुल व्यय एकत्र निधि की 6% की सीमा के भीतर तथा आवर्ती व्यय किसी भी लेखा वर्ष के दौरान साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य के 3% की सीमा के भीतर ही होगा । इसके अलावा, प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि और कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान लेखा वर्ष के दौरान योजना के साप्ताहिक औसत एनएवी के 1.25% से अधिक नहीं होगा ।

सेबी द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है, जो सेबी के विचाराधीन है । अतः शुल्क, व्यय और लेखा नीतियां सेबी द्वारा जारी विनियमों/दिशानिर्देशों पर निर्भर रहते हुए परिवर्तित के अधीन होंगी ।

6. भुगतान विधि :

(1) (1) किसी आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदन पत्र के साथ नकद, चेक या ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा।

जहां आवेदन यूटीआई के शाखा कार्यालयों में जमा किये जाएं, वहां चेक या ड्राफ्ट उसी शहर में स्थित बैंकों की शाखा पर आहरित किये जाएं, जिस शहर में स्थित यूटीआई शाखा कार्यालय में आवेदन किए जाएं ।

लेकिन जहां आवेदक ट्रस्ट के कार्यालय/संग्रहण केन्द्र/विशेष अधिकृत कार्यालय वाले स्थान से भिन्न स्थान से आवेदन करना चाहे तो आवेदित यूनिटों के लिये आवेदन पत्र के साथ देय बैंक ड्राफ्ट के लिये देय बैंक प्रभार घटाकर बैंक ड्राफ्ट भेजते हुए ऐसा कर सकता है। बैंक प्रभार भारतीय बैंक संघ के दिशा निर्देशों के अनुसार होंगे यथा यदि आवेदन राशि रु. 10,000/- है तो इस राशि के लिए बैंक ड्राफ्ट के प्रभार रु. 20/- होंगे । इस प्रकार ड्राफ्ट रु. 9980/- के लिए (यानी रु. 10,000/- से रु. 20/- घटाकर) बनाया जा सकता है । ड्राफ्ट की कमीशन का प्रभार प्लान के आरंभिक निर्गम व्यय का भाग होगा ।

किन्तु यदि आवेदन स्थानीय बैंक ड्राफ्ट के साथ मिले जहां ट्रस्ट का शाखा कार्यालय/संग्रहण केन्द्र/विशेष अधिकृत कार्यालय है, वहां बैंक ड्राफ्ट कमीशन निवेशक को ही भरना होगा ।

(2) यदि भुगतान चेक द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा चेक प्राप्ति की तिथि होगी, बशर्ते चेक की वसूली हो ।

यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि ऐसे ड्राफ्ट की निर्गम तिथि होगी, बशर्ते ड्राफ्ट की वसूली हो । लेकिन आवेदन ड्राफ्ट जारी करने की तारीख से 15 दिन के अंदर ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या संग्रहण केन्द्र को प्राप्त हो जाए । यदि आवेदन राशि प्लान के अंतर्गत न्यूनतम निवेश से कम है तो सारी राशि आवेदक को उसकी लागत पर वापस कर दी जाएगी ।

(3) प्रत्यावर्तन लाभों के साथ निवेश की विधि :

एनआरआई/ओसीबी द्वारा किए गए निवेश पर प्रत्यावर्तन का अधिकार नियोजित पूंजी और उस पर अर्जित आय तथा पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो) पर तब तक होगा जब तक निवेशक भारत के बाहर का निवासी बना रहेगा । इन स्थितियों में निवेश निम्नलिखित विधियों में से किसी एक के माध्यम से किया जा सकता है।

(क) विदेशी मुद्रा में ड्राफ्ट ।

(ख) विदेशी बैंकों/विनिमय गृह द्वारा यूटीआई के पक्ष में रुपये में जारी किया गया ड्राफ्ट जो उनके भारतीय संपर्ककर्ता बैंकों पर आहरित हो ।

(ग) भारत स्थित बैंक में निवेशक द्वारा कायम रखे गए एनआरआई खाते पर आहरित चेक द्वारा ।

(घ) एफसीएनआर जमाओं की राशि से जारी किए गए चेक/ड्राफ्ट द्वारा ।

इसके अलावा, नेपाल और भूटान की मुद्राओं में अदायगी स्वीकार नहीं की जाती है । चूंकि यूनिटों में निवेश रुपये में किया जाता है, विदेशी मुद्रा के सभी ड्राफ्टों को उस दर पर रुपये में परिवर्तित किया जाता है जो परिवर्तन के समय प्रचलित हो । यदि कोई कमी पड़ती है, तो उसे एनआरआई निवेशक द्वारा भेजा जाएगा ।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए यह सलाह दी जाती है कि एनआरआई/ओसीबी निवेशक उपर्युक्त (ख) और (ग) में उल्लिखित लिखतों के द्वारा अदायगी करें ।

4 प्रत्यावर्तन लाभों के बिना निवेश विधि :

जहां एनआरओ खाते में धारित निधियों का उपयोग यूनिटों की खरीद के लिए किया जाता है, वहां इस प्रकार निवेश की गई निधियां और उन पर अर्जित आय तथा पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो) भारत के बाहर प्रत्यावर्तन के लिए योग्य नहीं होंगी ।

तथापि भा. रि. बैंक के दिनांक 19 अगस्त, 1994 के परिपत्र ए. डी. (एम. ए. श्रृंखला) सं. 18 के अनुसार वित्तीय वर्ष 1996-97 के दौरान और उसके उपरांत अर्जित सम्पूर्ण आय पूर्ण प्रत्यावर्तन के योग्य होगी। जबकि इन मामलों में यूटीआई/एनआरओ खाते में जमा करने के लिए रुपये में अदायगी करेगी। निवेशकों को यह सूचना दी जाती है कि यदि वे यूनिटों पर लाभांश का प्रेषण प्राप्त करना चाहते हों तो अपने बैंक/कर सलाहकार से संपर्क करें ।

(2) (क) आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार :

ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह वह अपने विवेक से योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान से यूनिट जारी करने के लिये आवेदन स्वीकृत और/या अस्वीकृत कर सके । योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में आवेदन करने के संबंध में किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के बारे में ट्रस्ट का निर्णय अन्तिम होगा ।

(ख) अपूर्ण आवेदन अस्वीकृत किये जा सकते हैं :

आवेदन अपूर्ण पाये जाने पर, अस्वीकृत कर दिया जाएगा और बिना किसी ब्याज या अन्य राशि के, चाहे जो भी हो, आवेदन राशि ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र वापस कर दी जाएगी ।

अपेक्षित परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताएं पूरी होने पर राशि वापस की जाएगी ।

(3) यूनिट जारी होने के पहले आवेदक को योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान से संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करना होगा :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिटों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं पूरी करनी होंगी जैसे न्यासों से प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में ट्रस्ट विलेख, प्रबंध समिति का यूनिट खरीदने संबंधी संकल्प, नाबालिग की ओर से प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में जन्म प्रमाणपत्र, आदि जो निवेशक की श्रेणी पर निर्भर करेगा । ऐसी अपेक्षाएं पूरी करने या नहीं करने के प्रति ट्रस्ट को संतुष्टि उसके अपने विवेक पर निर्भर होगी । गलत घोषणा करके यूनिट रखने वाला व्यक्ति अपनी सदस्यता के निरस्तीकरण का भागी होगा और उसका नाम सदस्यों की पंजी से काट दिया जाएगा ।

ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में 25% दण्ड के तौर पर घटाने के बाद सममूल्य पर या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित मूल्य पर यूनिट की पुनर्खरीद करे और गलती से भुगतान किये गये आय वितरण की वसूली पुनर्खरीद राशि से करे और शेष वापिस करे ।

पुनर्खरीद करने और आवेदक का पुनर्खरीद राशि भेजने में ट्रस्ट को जो भी समय लगेगा उसके लिये राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा ।

7. यूनिटों की बिक्री :

पेशकश की अवधि के दौरान यूनिटों का बिक्री मूल्य सममूल्य पर होगा ।

ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री संविदा, स्वीकृति तिथि को पूरा हुई समझी जाएगी । तथापि रोलओवर चुनने वाले डीआई-यूएस 91 के यूनिटधारकों के लिए स्वीकृति तिथि 1 सितम्बर 1996 होगी । बिक्री संविदा पूर्ण होने पर ट्रस्ट यथाशीघ्र आवेदक को सदस्यता सूचना जारी करेगा । यह इस बात का साक्ष्य होगा कि उसे योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में सदस्य के रूप में स्वीकार कर लिया गया है । ट्रस्ट द्वारा पात्र संस्था और निगमित निकाय को जारी सदस्यता सूचना पात्र संस्था/निगमित निकाय के नाम में होगी । प्रेषित सदस्यता सूचना के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने, गलत डिलिवरी या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा ।

ट्रस्ट प्लान के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री की समाप्ति तिथि से 10 हफ्तों के भीतर सदस्यता सूचना भेजने का प्रयास करेगा ।

सभी सदस्यों के संबंध में आबंटन तिथि 15 अक्तूबर 1996 होगी ।

8. यूनिटों की पुनर्खरीद :

(1) प्लान के अंतर्गत पुनर्खरीद, तीनों विकल्पों के अंतर्गत, प्लान के आरंभ होने की तारीख से एक वर्ष के बाद अर्थात् 15 अक्तूबर 1997 से आरम्भ होगी । प्लान के पहले वर्ष के दौरान पुनर्खरीद नहीं होगी । तीनों विकल्पों के अंतर्गत पुनर्खरीद मूल्य पूर्ववर्ती शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) पर बट्टे पर होगा । बट्टा 5% से अधिक नहीं होगा । यूनिटों के शुद्ध आस्ति मूल्य और पुनर्खरीद मूल्य प्लान के आरंभ होने की तारीख से छः महीनों के बाद मासिक अंतरालों पर घोषित किए जाएंगे । पहले वर्ष के लिए पुनर्खरीद मूल्य मृत्यु दावों के मामलों के निपटान के लिए लागू होंगे ।

(2) पुनर्खरीद तब प्रभावी होगी जब साद कागज पर अनुरोध पत्र के साथ सदस्यता सूचना प्राप्त हो जाएगी, जो सभी धारकों द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित हो और दूसरे व्यक्ति द्वारा उसका नाम, पता और पेशा देते हुए विधिवत् साक्षीकृत हो ।

तिमाही आय विकल्प के मामले में सदस्य जब पुनर्खरीद के लिए आवेदन दें, तब वह पुनर्खरीद वाली तिमाही सहित और उसके बाद के सभी बकाया बचे अनभुनाए आय वितरण वारंटों को ट्रस्ट को समर्पित करने के लिए बाध्य होगा । आस्थगित आय विकल्प के मामले में सदस्य से पुनर्खरीद वाली तिमाही से संबंधित वारंट को समर्पित करने की अपेक्षा नहीं है क्योंकि पुनर्खरीद मूल्य की गणना करने के लिए एनएवी लाभांश रहित एनएवी होगी । हालांकि सदस्य पुनर्खरीद वाली तिमाही से बाद के बकाया बचे सभी अनभुनाए आय वारंटों को समर्पित करने के लिए बाध्य होगा ।

ट्रस्ट पुनर्खरीद के अनुरोध पत्र सहित सदस्यता सूचना प्राप्त होने पर तिमाही आय विकल्प के अंतर्गत स्वीकृति वाली तिमाही या भविष्य की तिमाहियों के लिए और आस्थगित आय विकल्प के अंतर्गत भविष्य की तिमाहियों के लिए यूनिटों पर आय वितरण अदा करने के लिए बाध्य नहीं होगा और न ही पुनर्खरीद की प्राप्तियों पर कोई ब्याज देय होगा ।

आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति होगी बशर्ते सदस्य रुपए 2000/- (अंकित मूल्य) का न्यूनतम बकाया बनाए रखे ।

आंशिक पुनर्खरीद की स्थिति में, सदस्य द्वारा अपने पास रखे गए यूनिटों की संख्या पर निर्भर रहते हुए उसे नयी सदस्यता सूचना और तिमाही आय विकल्प के अंतर्गत स्वीकृति वाली तिमाही सहित बाकी बची अवधि के लिए आय वितरण वारन्टों का नया सैट जारी किया जाएगा और आस्थगित आय विकल्प में बाकी बची अवधि के लिए आय वितरण वारन्टों का नया सैट जारी किया जाएगा । पुनर्खरीद राशि पर कोई ब्याज अदा नहीं किया जाएगा ।

(3) पूर्ववर्ती उप-खण्डों में अन्तर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिटों की पुनर्खरीद वारंट समय समय द्वारा वहां उपर उपखण्ड (2) के अनुसार आय वितरण वारन्टों को अभ्यर्पित न किए जाने की स्थिति में ट्रस्ट पुनर्खरीद राशियों में से आय वितरण वारन्टों की ऐसी राशि का काटने के लिए स्वतंत्र होगा जो वारन्ट यहां ऊपर उप खण्ड (2) के अनुसार अभ्यर्पित नहीं किए गए हैं । ट्रस्ट द्वारा सदस्यता सूचना और पुनर्खरीद के लिए अनुरोध पत्र स्वीकार कर लिए जाने पर तथा पूर्ण पुनर्खरीद की स्थिति में सदस्य को तिमाही आय विकल्प के अंतर्गत स्वीकृति वाली तिमाही सहित भावी आय वितरण और आस्थगित आय विकल्प के अंतर्गत भावी आय वितरण प्राप्त करने का अधिकार नहीं रहेगा और ऐसे बकाया आय वितरण का हकदार ट्रस्ट होगा ।

(4) तिमाही आधार पर प्रदत्त पूरे वर्ष के आय वितरण के हकदार सदस्य को यूनिट पूरे वर्ष तक रखने होंगे । वर्ष के किसी भाग के लिये यूनिट रखनेवाला सदस्य केवल धारण अवधि के लिये, जो हमेशा धारण की पूरी तिमाहियां होंगी, आनुपातिक आय वितरण प्राप्त करने का हकदार होगा और तिमाही के भाग को, चाहे उसकी अवधि कितनी भी क्यों न हो, हमेशा छोड़ दिया जाएगा ।

(5) सदस्य की मृत्यु हो जाने की स्थिति में कानूनी प्रतिनिधि या नामित द्वारा सदस्यता सूचना, पुनर्खरीद के लिए अनुरोध पत्र और बकाया अनभुनाए आय वितरण वारन्ट ट्रस्ट को सौंपे जाने के बाद वह (ट्रस्ट) दावे की मान्यता संबंधी निर्धारित आवश्यकता पूरी होने पर अपने नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार इसमें ऊपर उपखण्ड (2) और (3) में यथावर्णित रूप में यूनिटों की पुनर्खरीद करेगा और दावे को निपटान तिथि तक के बकाया तिमाही आय वितरण का आनुपातिक भुगतान करेगा और ऐसा भुगतान पूरी तिमाहियों को अवधि के लिए होगा ।

(6) ट्रस्ट द्वारा कटौती, यदि कोई हो, करने के बाद पुनर्खरीदे गए यूनिटों के लिए भुगतान स्वीकृति तिथि के बाद यथाशीघ्र आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में यथोल्लिखित रीति से किया जायेगा ।

आवेदक को देय राशि पर किसी भी कारण से कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा ट्रस्ट द्वारा प्रेषित चेक या ड्राफ्ट का प्रेषण (डाक खर्च सहित) या वसूली खर्च आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा ।

(7) पुनर्खरीदे गए यूनिट पुनः जारी नहीं किए जाएंगे। तथापि जब कभी सेबी यूनिटों को पुनः जारी करने की अनुमति देता है, ट्रस्ट प्लान के अंतर्गत पुनर्खरीदे गए यूनिटों को पुनः जारी करने का अपना अधिकार अपने पास रखता है ।

(8) अनिवासी निवेशकों के मामले में पुनर्खरीद राशियां निवेश के सूत्र पर निर्भर रहते हुए निम्नानुसार प्रेषित की जाएंगी :—

(क) जब यूनिट विदेश से भेजी गई विदेशी मुद्रा/सदस्य की एफसीएनआर जमाओं की राशियों से या सदस्य के भारत में रखे अनिवासी (बाह्य) खाते में रखी निधियों से जारी चेक/ड्राफ्ट द्वारा खरीदे गए हों तो सदस्य को राशियां विदेशी मुद्रा में (विनिमय दर में उतार-चढ़ाव का वहन सदस्य को करना होगा) प्रेषित की जा सकती है या सदस्य के भारत स्थित संबंधी को सदस्य के अनिवासी (बाह्य) खाते में जमा करने के लिए भेजी जा सकती है बशर्ते सदस्य विदेश में रह रहा हो। यदि सदस्य चाहे तो इन राशियों को उसके अनिवासी (सामान्य) खाते में जमा करने के लिए भी भेजा जा सकता है ।

(ख) ऐसा यूनिट सदस्य के अनिवासी (सामान्य) खाते में रखी निधियों से करोड़े गए हों तो राशियां सदस्य के भारत स्थित संबंधी को सदस्य के अनिवासी (सामान्य) खाते में जमा करने के लिए भेजी जाएंगी ।

(9) तीनों विकल्पों में पुनर्खरीद मूल्यों की गणना का आधार उन विनियमों, दिशा-निर्देशों के अधीन होगा जो यथा समय सेबी द्वारा निर्धारित किए जाएं ।

9. यूनिटों की पुनर्खरीद पर प्रतिबंध :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिटों को पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा :

(1) ऐसे दिन, जो कार्य दिवस नहीं हों ; और

(2) ऐसी अवधि में जब बही और लेखे की वार्षिक बन्दी (ट्रस्ट द्वारा यथा अधिसूचित) के संबंध में सदस्यों की पंजीबन्दी हो ।

स्पष्टीकरण :

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ शब्द "कार्य दिवस" का अर्थ वह दिन है, जो न तो

(1) महाराष्ट्र राज्य या ऐसे अन्य राज्यों में, जहां ट्रस्ट के कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 के अंतर्गत अधिसूचित हो और न ही

(2) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि ट्रस्ट का कार्यालय बन्द रहेगा ।

10. पुनर्खरीद मूल्य का प्रकाशन :

पुनर्खरीद मूल्य के निर्धारण के बाद ट्रस्ट यथाशीघ्र इसे प्रकाशन के लिए प्रेस को जारी करेगा ।

11. सदस्यता सूचना :

योजना और इसके अन्तर्गत बने प्लान में जारी यूनिटों की सदस्यता के संबंध में किसी सदस्य को यूनिट/सदस्यता प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा । तथा उसको सदस्यता सूचना दी जाएगी, जो योजना और इसके अन्तर्गत बने प्लान में सदस्य के रूप में प्रवेश का साक्ष्य होगी ।

12. सदस्यता सूचना तैयार करने की रीति :

सदस्यता सूचना ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा अनुमोदित रूप के अनुसार होगी ।

13. सदस्यता सूचना का विनिमय और उसके कट-फट जाने, विरूपित हो जाने, खो जाने आदि की स्थिति में प्रक्रिया :

प्लान के अन्तर्गत सदस्य इसके प्रयोजनार्थ ऐसे नियमों/दिशा-निर्देशों/प्रक्रियाओं का पालन करेंगे और ऐसे दस्तावेजों का निष्पादन करेंगे, जो समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा बनाये जाएंगे/अपेक्षित होंगे ।

14. सदस्यों की पंजी :

सदस्यों के पंजीकरण के सम्बन्ध में निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे :

(1) ट्रस्ट द्वारा सदस्यों की पंजी रखी जाएगी और अन्य बातों के साथ-साथ पंजी में निम्नलिखित दर्ज किए जाएंगे;

(क) सदस्यों के नाम और पते;

(ख) सदस्यता सूचना की संख्या और हरेक ऐसे व्यक्ति द्वारा धारित यूनिट की संख्या; और

(ग) वह तिथि, जिस तिथि को ऐसा व्यक्ति अपने नाम के यूनिटों का धारक हो गया ।

(2) सदस्य की ओर से उसके नाम और पते में परिवर्तन की सूचना ट्रस्ट को दी जाएगी । ट्रस्ट ऐसे परिवर्तन से संतुष्ट होने पर और यथापेक्षित औपचारिकताएं पूरी करने पर तदनुसार पंजी में परिवर्तन करेगा ।

(3) इसमें इसके बाद अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार केवल पंजी 'बंदी' को छोड़कर, कार्य-समय के दौरान (ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत समुचित प्रतिबंधों के साथ प्रत्येक कार्य दिवस को न्यूनतम दो घंटे के लिये पंजी के निरीक्षण की अनुमति दी जाएगी) सदस्य के निःशुल्क निरीक्षण के लिए पंजी खुली रहेगी ।

(4) ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित समय और अवधि के लिये पंजी बन्द रहेगी, लेकिन एक वर्ष में 45 दिन से अधिक समय के लिये बन्द नहीं रहेगी । ट्रस्ट समाचार पत्रों में या अन्य माध्यम से विज्ञापन द्वारा ऐसी बन्दी की सूचना देगा ।

(5) किसी यूनिट से संबंधित कोई स्पष्ट निहित और रचनात्मक सूचना पंजी में दर्ज नहीं की जाएगी ।

15. पात्र संस्थाओं, नाबालिगों आदि द्वारा आवेदन और पंजीकरण :

(1) पात्र संस्थाएं, निगमित निकाय और समितियां (सहकारी समितियों सहित) सदस्य के रूप में पंजीकृत की जाएंगी ।

(2) कोई भी वयस्क, जो किसी नाबालिग का माता-पिता हो, सौतेला माता-पिता हो या विधिक अभिभावक हो, अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (2ए) के अनुसार और उपबंधित सीमा तक यूनिट रख सकता है और क्रय-विक्रय कर सकता है । अपेक्षानुसार ऐसा वयस्क ट्रस्ट द्वारा निर्दिष्ट रीति से नाबालिग की उम्र और नाबालिग की ओर से यूनिट रखने तथा क्रय-विक्रय करने की क्षमता का प्रमाणपत्र ट्रस्ट के समक्ष पेश करेगा । आवेदन में ऐसे वयस्क द्वारा किये गये कथन के अनुसार बिना किसी अतिरिक्त प्रमाणपत्र के ट्रस्ट को कार्य करने का अधिकार होगा ।

(3) पात्र संस्थाओं, निगमित निकाय या समितियों से जब कभी अपेक्षा की जाएगी, उन्हें यूनिट में निवेश करने की आवेदक की क्षमता से संबंधित सभी दस्तावेज, जैसे संस्था के अंतर्नियम और बहिर्नियम उप-विधियां आदि, प्रबंध निकाय द्वारा पारित संकल्प की प्राधिकृत प्रति, मुख्तारनामा की प्रति ट्रस्ट को पेश करनी होगी ।

16. ट्रस्ट के उन्मोचन करने के लिये सदस्य द्वारा रसीद :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के यूनिटों के संबंध में सदस्य को प्रदत्त राशि के लिये उसके द्वारा दी गई रसीद ट्रस्ट के प्रति अच्छा उन्मोचन होगा ।

17. सदस्यों द्वारा नामांकन :

(1) सदस्यों विनियमों में उपबंधित सीमा तक नामांकन कर या निरस्त करने के अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं ।

(2) सदस्यों, जो किसी नाबालिग के माता-पिता हों या विधिक अभिभावक हों, तथा पात्र संस्था, समिति, निगमित निकायों और हिंदू अविभक्त परिवार को नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा । आरबीआई द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार एनआरआई नामित किए जा सकते हैं ।

18. सदस्य की मृत्यु :

(1) यूनिट के संयुक्त सदस्यों में किसी एक की मृत्यु हो जाने पर ट्रस्ट द्वारा जीवित व्यक्ति को ही योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के यूनिटों के हकदार होने या उनके हिताधिकारी होने की मान्यता दी जाएगी ।

लेकिन इसमें अंतर्विष्ट कोई भी बात उक्त यूनिटों के संदर्भ में ऐसे जीवित व्यक्ति के विरुद्ध किसी अन्य व्यक्ति के किसी अधिकार को प्रभावित नहीं करेगी ।

(2) किसी एकल सदस्य की मृत्यु की स्थिति में नामिती को यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट द्वारा देय राशि के हकदार व्यक्ति के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जाएगी ।

(3) किसी एकल सदस्य द्वारा वैध नामांकन नहीं किये जाने की स्थिति में मृत व्यक्ति का निष्पादक या प्रशासक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 (1925 का 39) के भाग 10 के अंतर्गत जारी उत्तराधिकार प्रमाणपत्र का धारक ही वह व्यक्ति होगा, जिसे यूनिटों के हकदार के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जा सकती है ।

(4) किसी सदस्य (सदस्यों) की मृत्यु के परिणामस्वरूप यूनिट के हकदार हो जाने वाले व्यक्ति को, ट्रस्ट द्वारा उसके हक के लिये पर्याप्त समझे गये साक्ष्य के प्रस्तुतीकरण के बाद तथा दावेदार द्वारा दावा संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मृत व्यक्ति के खाते में जमा सभी यूनिटों के पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा ।

(5) यदि एकमात्र नामिती यूनिट रखने का पात्र है तो उक्त नामिती अपनी इच्छा के अनुसार मृत व्यक्ति के खाते में जमा सभी यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य प्राप्त करने के बदले उसको सदस्य के रूप में यूनिट रखने और पंजीकृत सदस्य के रूप में बने रहने की अनुमति दी जाएगी तथा जितने यूनिट वह रखना चाहेगा, न्यूनतम यूनिट रखने की शर्तों पर उसने यूनिटों का उल्लेख करते हुए उसके नाम से सदस्यता सूचना जारी की जाएगी ।

(6) अवरुद्ध अवधि में एकल सदस्य की मृत्यु की स्थिति में ट्रस्ट आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दावे का निपटान करेगा और संबंधित खण्डों में दिये गये ब्यौरे के अनुसार या ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत अन्य रीति से कानूनी वारिस/नामिती को पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान करेगा ।

(7) अनिवासी सदस्य (सदस्यों) की मृत्यु के मामले में यूनिटों की पुनर्खरीद राशि अनिवासी नामिती या कानूनी उत्तराधिकारी (उत्तराधिकारियों) को प्रेषित की जा सकती है बशर्ते :

(क) यूनिट भारत से बाहर से भेजी गई निधियों से, भारत में अनिवासी (ई) खाते में रखी निधियों से या एफसीएनआर जमाओं की राशियों से खरीदे गए हों और

(ख) नामिती भारत से बाहर रह रहा/रही हो/कानूनी उत्तराधिकारी भारत से बाहर रह रहा हो/रहे हों ।

जहां यूनिट एनआरओ खातों में रखी निधियों से खरीदे गए हों, अनिवासी नामिती या कानूनी उत्तराधिकारी (उत्तराधिकारियों) के मामले में पुनर्खरीद राशि भारत से बाहर प्रत्यावर्तन के योग्य नहीं होगी ।

दावों के ऐसे मामले, जिनमें नामिती नामांकन के समय निवासी था लेकिन बाद में अनिवासी बना उन्हें राशि प्रेषित करने के माध्यम के लिए रिजर्व बैंक को संदर्भित करना होगा ।

19. आय वितरण :

सदस्य को तिमाही आय विकल्प या आस्थगित आय विकल्प या पूंजी वृद्धि विकल्प में भाग लेने के विकल्प का प्रयोग करने का अधिकार होगा । यह प्लान में निवेश के समय किया जाएगा और एक बार दिया गया विकल्प अंतिम होगा । आवेदक द्वारा प्रयोग किए गए किसी निर्दिष्ट विकल्प के अभाव में उसे पूंजीवृद्धि विकल्प समझा जाएगा । योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के प्रावधान सभी विकल्पों को लागू होंगे और जहां प्रावधान परिवर्तित होते हैं, वहां संबंधित विवरण तदनुसार दिए गए हैं ।

निवेश की तारीख पर निर्भर रहते हुए सदस्य को 15% प्र.व. की दर से 14 अक्तूबर, 1996 तक आय समानुपातिक आधार पर अदा की जाएगी । बैंक सदस्यता सूचना के साथ या अनिवासी के मामले में आवेदक की इच्छानुसार भेजा जाएगा ।

(1) तिमाही आय विकल्प :

ट्रस्ट पहले वर्ष के लिए 15% प्र.व. की दर से न्यूनतम लक्षित लाभांश अदा करने का प्रस्ताव करता है, जो प्रत्येक तिमाही के अंत में अदा किया जाएगा। बाद के वर्षों के लिए लाभांश पिछले वर्ष की समाप्ति से पहले घोषित किया जाएगा ।

(2) आस्थगित आय विकल्प :

ट्रस्ट प्लान के अंतर्गत पहले दो वर्षों के लिए कोई लाभांश नहीं देगा । ट्रस्ट प्रतीक्षा अवधि के बाद बचे हुए वर्षों के लिए बढ़ी हुई दर से लाभांश देने का प्रस्ताव करता है । तीसरे वर्ष में 28% प्र.व. की दर से न्यूनतम लक्षित लाभांश हर तिमाही की शुरुआत में, अर्थात् 15-10-1998 को शुरू होने वाली तिमाही से, देय होगा ।

(3) प्लान के अंतर्गत लाभांश घोषित करने से पहले ट्रस्ट निवेशों पर मूल्यह्रास का प्रावधान करेगा और अपने लेखा परीक्षकों को संतुष्ट करते हुए संदिग्ध एवं अशोध्य ऋणों के लिए भी प्रावधान करेगा और लेखा नीतियों की विवरणी में निवेश मूल्यांकन का उद्घाटन करेगा ।

निवेशों उद्देश्यों और योजना की प्रचलित नीतियों तथा लिखतों से अनुमानित लाभ, जिनमें योजना की निधियों का निवेश किया जाएगा, के आधार पर योजना न्यूनतम लक्षित लाभांश अदा करने के लिए पर्याप्त आय उत्पन्न कर सकेगी ।

नियत आय प्रतिभूतियों में प्लान के अधिकतर निवेश किए गए हैं, वर्तमान में लाभ 18% प्र.व. है।

इस तरह ट्रस्ट के लिए यह संभव हो सकेगा कि वह निवेशकों को तिमाही आय विकल्प में पहले वर्ष के लिए 15% प्र.व. आस्थगित आय विकल्प में तीसरे वर्ष में तिमाही आधार पर देय 28% प्र.व. का न्यूनतम लक्षित लाभ अदा कर सके। प्रत्येक अनुवर्ती वर्ष के लिए लाभांश दर योजना की आय और संबंधित घटकों के आधार पर तय की जाएगी।

दोनों विकल्पों में उत्तरदिनांकित आय वितरण वारंट पहले ही भेज दिए जाएंगे।

तिमाही आय विकल्प के अंतर्गत दो अग्रिम उत्तरदिनांकित आय वितरण वारण्ट होंगे। एक 15 अक्तूबर 1996 से 31 दिसम्बर 1996 तक के लिए (31 दिसम्बर 1996 को देय) और दूसरा 1 जनवरी 1997 से 31 मार्च 1997 तक के लिए (31 मार्च 1997 को देय)। आय वितरण वारण्ट सदस्यता सूचना के साथ भेजे जाएंगे और बाकी दो आय वितरण वारण्ट अर्थात् 1 अप्रैल 1997 से 30 जून 1997 (30 जून 1997 को देय) और 1 जुलाई 1997 से 14 अक्तूबर 1997 (14 अक्तूबर 1997 को देय) की तिमाही के लिए अप्रैल 1997 में भेजे जाएंगे।

बाद के वर्षों के लिए लाभांश की घोषणा और लाभांश वारण्टों का प्रेषण निम्नलिखित सूची के अनुसार होगा :

अवधि, लाभांश की घोषणा तथा वारण्टों का प्रेषण

15-10-1997 से 31-03-1998, मार्च 1997—अप्रैल 1997

01-04-1998 से 31-03-1999, मार्च 1998—अप्रैल 1998

01-04-1999 से 31-03-2000, मार्च 1999—अप्रैल 1999

01-04-2000 से 31-03-2001, मार्च 2000—अप्रैल 2000

01-04-2001 से 14-10-2001, मार्च 2001—अप्रैल 2001

आस्थगित आय विकल्प में तीसरे वर्ष के लिए दो अग्रिम उत्तरदिनांकित आय वितरण वारण्ट होंगे। एक 15 अक्तूबर 1998 से 31 दिसम्बर 1998 तक के लिए (15 अक्तूबर 1998 को देय) और दूसरा 1 जनवरी 1999 से 31 मार्च 1999 तक के लिए (1 जनवरी 1999 को देय) जो 15 अक्तूबर 1998 से पहले भेज दिए जाएंगे। बाकी दो आय वितरण वारण्ट अर्थात् 1 अप्रैल 1999 से 30 जून 1999 (1 अप्रैल 1999 को देय) और 1 जुलाई 1999 से 14 अक्तूबर 1999 (1 जुलाई 1999 को देय) तक की तिमाहियों के लिए मार्च 1999 में भेजे जाएंगे। बाद के वर्षों के लिए लाभांश की घोषणा और वारण्टों का प्रेषण निम्नलिखित सूची के अनुसार होगा :

अवधि, लाभांश की घोषणा तथा वारण्टों का प्रेषण

15-10-1999 से 31-03-2000, फरवरी 1999—मार्च 1999

01-04-2000 से 31-03-2001, फरवरी 2000—मार्च 2000

01-04-2001 से 14-10-2001, फरवरी 2001—मार्च 2001

ट्रस्ट लाभांश दर की घोषणा की तारीख से 42 दिन के भीतर आय वितरण वारण्ट प्रेषित कर देगा।

(4) प्रत्येक तिमाही के लिए आय वितरण ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट बैंक की शाखाओं पर समतुल्य पर देय आय वितरण वारण्ट या अन्य किसी लिखत के माध्यम से किया जाएगा। लेकिन ट्रस्ट द्वारा यथानिर्धारित रीति से और अवधि के लिए ऐसे सदस्यों के लिए, जिन पर लागू होगा, उत्तर दिनांकित आय वितरण वारण्ट भेजने का ट्रस्ट का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

(5) उप खंड (4) के उपबंध के अधीन तिमाही आधार पर आय वितरण के भुगतान के लिए वारण्ट सदस्य को भेजे जाएंगे। वारण्ट को इस प्रकार दिनांकित किया जाएगा कि सदस्य भुगतान के लिए परिपक्व होने पर प्रत्येक वारण्ट को भुना सके। हरेक वारण्ट तीन महीने के लिए वैध रहेगा।

वैध अवधि पूरी होने के पहले सदस्य के पास कोई वारण्ट नहीं पहुंचने या उसके पुराने हो जाने की स्थिति में ट्रस्ट ब्याज का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं होगा।

